खेल
Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

देश
Page 10







**पेरिस ओलंपिक : भारतीय रिकर्व तीरंदाजों नेज जीते दो कांस्य पदक**

**बसपा इस बार विधानसभा के उपचुनाव भी लड़ेगी, बड़े नेताओं को हाईकमान से मिला...**


कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 25 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 195 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 72, 230 | ₹91,700 |

## आज का इतिहास

- 1932 : भारतीय क्रिकेट टीम ने ब्रिटेन के लॉर्ड्स मैदान पर अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1983 : भारत ने वेस्टइंडीज को 43 रनों से हरा कर पहली बार क्रिकेट विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में पहली बार वॉलीबॉल स्टेट लीग का आयोजन

**नई दिल्ली (नि.सं.)** । बिहार में पहली बार वॉलीबॉल स्टेट लीग का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन होगा। बालक वर्ग में 15 साल के कम उम्र के जितने भी वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं, वह इसमें भाग ले सकते हैं। उनकी हाइट कम से कम 176 सेंटीमीटर होनी चाहिए। बालिका वर्ग में 18 साल से कम उम्र की लड़कियां भाग ले सकती हैं। उनकी हाइट कम से कम 166 सेंटीमीटर होनी चाहिए। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि बालक वर्ग का सिलेक्शन ट्रायल 29 जून को 9 प्रमंडलीय स्तर पर सुबह सात बजे आयोजित किया गया है। इस ट्रायल के दौरान सबसे पहले खिलाड़ियों की हाइट नापी जाएगी। जिन खिलाड़ियों की हाइट 176 सेंटीमीटर से ऊपर होगी, उन्हें ही आगे के टेस्ट में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। बालिका वर्ग का सिलेक्शन ट्रायल 2 से 3 जुलाई को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल को राहत नहीं, फैसला आज

**नई दिल्ली (नि.सं.)** । उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर दिल्ली उच्च न्यायालय की अंतरिम रोक को सोमवार को ' थोड़ा असमान्य' करार दिया और मामले को 26 जून के लिए स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि अगर इस बीच उच्च न्यायालय इस मामले में कोई आदेश पारित करता है तो उसे रिकॉर्ड पर लाया जा सकता है।

### कनिष्क विमान हमले की 39वीं बरसी

**नई दिल्ली (नि.सं.)** । नयी दिल्ली 24 जून (वार्ता) भारत ने 1985 के एयर इंडिया के 'कनिष्क' विमान में हुए बम विस्फोट और आतंकवादियों का कनाडा में महिमामंडन किये जाने की कड़ी निंदा की है और कहा है कि ऐसी घटनाओं की निंदा में राजनीति हानि-लाभ का विचार का विचार करना ठीक नहीं है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा, "1985 में एआई-182 में बम विस्फोट सहित आतंकवाद को महिमामंडित करने का कोई भी कृत्य निंदनीय है और सभी शांति प्रिय देशों तथा व्यक्तियों की इसकी निंदा करना चाहिए।" उच्चयोग ने कहा है, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा में कई अवसरों पर ऐसी गतिविधियों को समान्य रूप छूट दी जाती रही है।" बयान में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के हवाले से कहा गया है, हमें राजनीतिक लाभ-हानि देख कर आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा के खिलाफ अपना रूख तय नहीं करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने 18वीं लोकसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले सांसदों का अभिवादन करते हुए सभी से जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का किया आग्रह, कहा

# तीन गुना बेहतर तरीके से चलाएंगे सरकार : पीएम

- मोदी ने सबकी सहमति से सरकार चलाने की प्रतिबद्धता जताई।
- विपक्ष से भी जिम्मेदारी से काम करने की अपील की।
- दी ने इसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की सफलता बताया।



एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले सोमवार को चुनकर आये सांसदों का अभिवादन करते हुए सभी से जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया और कहा कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे इसलिए उन्हें उम्मीद है कि विपक्ष जिम्मेदारी से काम कर जन भावनाओं पर खरा उतरेगा।

श्री मोदी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के 65 करोड़ लोगों ने 18वीं लोकसभा के प्रतिनिधियों को आकांक्षाओं के साथ चुनकर भेजा है। जनता ने जो भरोसा जताया है , हम सबको मिलकर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे और विपक्षी दलों से उम्मीद जताई है कि वे भी जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर कर काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हम अपने बनाये नये संसद भवन में शपथ लेने जा रहे हैं। अब तक यह प्रक्रिया पुराने संसद भवन में हुआ करती थी। आज का दिन विशेष महत्वपूर्ण है और इस अवसर पर मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत 1947 जैसे कई संकल्पना को लेकर आज 18वीं लोकसभा का आरंभ हो रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव बड़े शांत और गौरवपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। करीब 65 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया।

उन्होंने 2024 के चुनाव को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने के लिए देश की जनता ने अवसर दिया है और यह अवसर लंबे समय बाद देश में आया है इसलिए यह सब हम सबके लिए गौरव का विषय है। जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिए हमारी सरकार को मौका दिया और इसका मतलब है कि उन्होंने हमारे काम पर भरोसा किया है और उस पर मुहर लगाई है। इसके लिए मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश चलाने के लिए सहमति होती है और सरकार बनाने के लिए बहुमत होता है इसलिए हमारा लक्ष्य है कि सबको साथ लेकर और सबकी सहमति से देश की जनता की सेवा करना है। देश के 140 करोड लोगों की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करना है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं, सबको साथ संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए विकास को गति देना चाहते हैं। यह खुशी की बात है कि 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की संख्या अच्छी खासी है।

आपातकाल को लोकतंत्र के लिए काला धब्बा बताते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग देश के संविधान के प्रति समर्पित हैं देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निष्ठावान है, उनके लिए 25 जून ना भूलने वाली तिथि है क्योंकि 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर धब्बा लगा था, उसके 50 साल कल पूरे हो रहे हैं। भारत के लोग कभी नहीं भूलेंगे कि इस दिन लोकतंत्र को पूरी तरह से दबोच दिया गया था। आपातकाल देश के संविधान में काला धब्बा था। हम संकल्प करेंगे कि संविधान के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करना है और अब कोई दूसरी बार कभी भी देश में दूसरा आपातकाल नहीं लग सकेगा।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने तीसरी बार मौका दिया है। यह बहुत ही महान विजय है और अब हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ गया है इसलिए देशवासी विश्वास दिलाता हूं कि हमारे पास दो बार सरकार चलाने का अनुभव है और हम पहले की अपेक्षा तीन गुना बेहतर सरकार चलाएंगे

श्री मोदी ने कहा कि हम नए कार्यभार को लेकर आगे चल रहे हैं। सभी सांसदों से देश को बहुत अपेक्षा है इसलिए सबसे आग्रह करुंगा कि जनहित के लिए मील अवसर का उपयोग करें और हर संभव जनहित में कदम उठाएं।

प्रधानमंत्री ने विकसित दलों से भी जनहित के काम करने की अपील करते हुए कहा कि देश की जनता को विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा हैं। अब तक उससे निराश मिली है लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष जनता की आकांक्षाओं पर खराब उतरेगा।

उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि देश को अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष का आवश्यकता है और हमें विश्वास है कि 18वीं लोकसभा में जो सांसद जीत कर आए हैं वे लोगों की आकांक्षा को पूरा करेंगे। देश को आगे बढ़ने का हम सब का दायित्व है और हम सबको मिलकर जनता जे विश्वास पर खरा उतारते हुए आगे बढ़ाना है। देश के 25 करोड़ नागरिकों का गरीबी से बाहर निकलना नया विश्वास पैदा करता है और इससे यह भी विश्वास पैदा होता है कि जल्दी ही भारत को गरीबी से मुक्त करने में सफलता हासिल करेंगे। हमें उम्मीद है कि 18वीं लोकसभा संकल्प का सदन बनेगा ताकि सामान्य नागरिक के सपने साकार हो सभी सांसदों का स्वागत करता हूं अभिनंदन करता हूं और जो देश की जनता ने दायित्व दिया है उसे हम मिलकर के बखूबी निभाएं।

प्रधानमंत्री ने 18वीं लोकसभा को शुभ बताया और कहा कि हमारे यहां 18 अंक का बहुत मूल्य है। गीता के 18 अध्याय कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश देते हैं। हमारे यहां पुराणों की संख्या भी 18 है। भारत के अमृत काल मे 18वीं लोकसभा का गठन शुभ संकेत है।

## राज्यसभा के नेता होंगे जेपी नड्डा

- अब बीजेपी अध्यक्ष पद पर किसकी होगी ताजपोशी, अटकलें तेज



एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा में जेपी नड्डा नेता सदन की जिम्मेदारी संभालेंगे। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं। उनसे पहले पीयूष गोयल राज्यसभा के नेता थे, जो इस बार मुंबई की एक सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। ऐसे में राज्यसभा में सबसे वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा ही थे, जिन्हें पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। चर्चा है कि उन्हें जल्दी ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से मुक्त किया जा सकता है और उनके उत्तराधिकारी की पार्टी ने तलाश तेज कर दी है। अगले कुछ महीनों में ही भाजपा नए अध्यक्ष का ऐलान कर सकती है। भाजपा में आमतौर पर एक व्यक्ति, एक पद की नीति रही है। ऐसे में कयास तेज हैं कि जेपी नड्डा की जगह अब भाजपा किसी और नेता को ही पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपेगी। उनके विकल्प के तौर पर विनोद तावड़े, सुनील बंसल और अनुराग ठाकुर जैसे नेताओं के नाम चर्चा में हैं। फिलहाल हरियाणा, महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में अगले कुछ महीनों ही चुनाव होने हैं। ऐसे में यह भी चर्चा है कि भाजपा की ओर से कुछ दिनों के लिए जेपी नड्डा और सेवा विस्तार मिल सकता है। उस अवधि में उनको कामकाज में मदद करने के लिए एक कार्यकारी अध्यक्ष दिया जा सकता है।

जेपी नड्डा से पहले होम मिनिस्टर अमित शाह के पास पार्टी की कमान थी, जिनसे 2020 में उन्होंने जिम्मेदारी पाई थी। जेपी नड्डा का बीते कुछ सालों में तेजी से कद बढ़ा है। खासतौर पर पीएम नरेंद्र मोदी का उन पर मजबूत भरोसा रहा है। ऐसे में नड्डा को मंत्री पद देना और फिर राज्यसभा में उन्हें नेता बनाया जाना भी एक तरह से उनके कद को बरकरार रखने की कोशिश है। गौरतलब है कि भाजपा में अध्यक्ष पद को लेकर कई नामों पर चर्चा है और संघ से सहमति के बाद इसे लेकर फैसला हो सकता है। कयास तो यहां तक हैं कि संघ की लीडरशिप शिवराज सिंह चौहान या फिर राजनाथ सिंह को पार्टी अध्यक्ष देखना चाहती है। हालांकि पीएम मोदी किसी और नेता के पक्ष में हैं।

## अबुआ वीर अबुआ दिशोम एक महत्वपूर्ण अभियान : चम्पाई सोरेन




निज संवाददाता | रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोमवार को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के सभागार में आयोजित अबुआ, वीर अबुआ, दिशोम अभियान विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय के लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें उनका हक-अधिकार प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि अबुआ वीर, अबुआ दिशोम अभियान के प्रत्येक बिंदुओं पर आज के इस कार्यशाला में विस्तृत चर्चा हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यशाला झारखंड के लिए ऐतिहासिक और मिल का पत्थर साबित होगा।

सीबीआई को बिहार में जांच के लिए मिला फ्री हैंड

## नीट पेपर लीक केस में गृह विभाग का आदेश, जांच अधिकारी स्वतंत्र तौर पर कर सकते हैं एंट्री

निज संवाददाता | पटना

नीट पेपर लीक मामले में नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सीबीआई और दिल्ली पुलिस को बिहार में आने की इजाजत दे दी है। पेपर लीक कांड में जांच अधिकारी स्वतंत्र रूप से प्रवेश कर सकते हैं। इस संबंध में गृह विभाग की ओर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। गृह विभाग की विशेष सूचना में कहा गया है कि राजधानी के शास्त्रीनगर थाने में 5 जून को धारा 407, 408, 409 और 120 बी के तहत केस दर्ज की गई थी। अब केस संख्या-558 सीबीआई को सौंप दिया गया है। जांच और अन्य कार्रवाई के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों को समूचे बिहार में अपनी शक्ति के प्रयोग कि हम सहमति देते हैं। गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार की तरफ से यह अधिसूचना जारी की गई है। आदेश में डीजीपी को कहा गया है कि इस केस से जुड़े तमाम कागजात सीबीआई को सौंप दें। गृह विभाग को अधिसूचना की जरूरत आखिर क्यों पड़ती है, इसे समझिए। जब किसी केस की जांच केंद्रीय एजेंसी खासकर सीबीआई करती है तो वह जांच प्रवेश अधिकार के बिना किसी राज्य में एंट्री नहीं कर सकती। केस से जुड़े पहलू की जांच के लिए सीबीआई को राज्य के अंदर जाना होता है। जांच छूट देने के बाद दिल्ली पुलिस के ऑफिसर की पूरी टीम संबंधित राज्य में एंट्री कर सकती है। इसके लिए सबसे पहले राज्य की ओर से प्रवेश अधिकार दिया जाता है। राज्य सरकार के प्रवेश अधिकार के बाद ही जांच एजेंसी और उनके ऑफिसर कार्रवाई कर सकते हैं। लिहाजा, नीतीश सरकार ने सीबीआई को बिहार में जांच करने का फ्री हैंड दे दिया है।

### ईओयू ने जानकारी की साझा

ईओयू ने अब तक की जांच रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। ईओयू ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेपर के स्टोरेज, ट्रांसपोर्टेशन और हैंडओवर के बारे में दिए गए डिटेल से पता चलता है कि इस सिस्टम में खामियां हैं। जांच में संजीव मुखिया गिरोह की संलिप्तता का पता चला है। मुखिया नालंदा का निवासी है। जांच से यह भी पता चलता है कि लीक हुए पेपर को हल करके आरोपी बलदेव उर्फ चिंटू को भेजा गया था। जिसने फिर उसे प्रिंट करके मॉर्डन लर्न एंड प्ले स्कूल में छात्रों को दिया। चिंटू संजीव मुखिया के गिरोह का सदस्य है। पेपर कोड का मिलान झारखंड के हजारीबाग स्थित एक केंद्र से किया गया है।

## ठनका गिरने से चार लोगों की मौत, बक्सर में तीन ने तोड़ा दम

निज संवाददाता | बक्सर

बिहार में मानसून की एंट्री के साथ ही आसमानी आफत भी गिर रही है। सोमवार को अलग-अलग हिस्सों में ठनका गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 3 लोगों की मौत बक्सर में हुई है। वहीं नोखा में एक शख्स की मौत हो गई। मौसम विभाग ने भी उत्तर बिहार के कुछ जगहों पर थंडरस्टॉर्म की गतिविधियां होने के कारण गरज व चमक के साथ हल्की बारिश के आसार जताए थे। और अलर्ट भी जारी किया था। बक्सर के सोनवर्षा ओपी के अलग-अलग गांवों में ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। मृतकों की पहचान सारा गांव निवासी मिथिलेश साह का पुत्र प्रिंस कुमार ( 12 वर्ष ) और धर्म देव राम का पुत्र अंगद कुमार ( 19 वर्ष ) तथा अमेहता गांव निवासी संतोष यादव का पुत्र अंकित कुमार ( 9 वर्ष ) के रूप में हुई है। वहीं नोखा थाना क्षेत्र के ठेकही बलीरामपुर गांव में ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर गांव में मेघ गर्जन के साथ ठनका गिर पड़ा। घर के बाहर ही अपनी नाली में जल जमाव की सफाई कर रहे आरबी सिंह उसके चपेट में आकर घायल हो गए। उन्हें गंभीर अवस्था में नोखा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। सासाराम में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौसम विभाग ने मंगलवार को उत्तर बिहार के साथ ही दक्षिण-पूर्व भाग के कुछ स्थानों पर गरज व चमक के साथ बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

## डीएलएड संस्थानों दो वर्षों में 1.20 लाख रूपए से अधिक नहीं लेना होगा शुल्क

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड (शैक्षणिक सत्र 2024-26) में नामांकन के लिए शुल्क तय कर दिया है। शिक्षण संस्थान अधिकतम 60 हजार रुपये प्रति वर्ष व दो वर्ष में कुल 1.20 लाख रुपये से अधिक शुल्क नहीं लेना है। समिति ने कहा है कि कोई भी प्रशिक्षण संस्थान किसी भी विद्यार्थी से कोई आवेदन शुल्क नहीं लेगा। नामांकन के दौरान केवल नामांकन शुल्क एवं अन्य शुल्क लेना है। नामांकन में किसी तरह की कठिनाई हो तो समिति के मोबाइल नंबर 9546114508 पर संपर्क किया जा सकता है। परीक्षा समिति ने डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (स्कोर कार्ड के आधार पर) का ईआरसी-एनसीटीई से मान्यता प्राप्त सरकारी एवं निजी संस्थानों में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि जारी कर दिया है। अभ्यर्थी प्रशिक्षण सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए प्रशिक्षण संस्थानों में 26 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। परीक्षा समिति ने कहा है कि ऑनलाइन आवेदन को पोर्टल https;//www.deledbihar.com आवेदन की तिथि तक खुला रहेगा। डीएलएड कोर्स संचालित संस्थानों में नामांकन के लिए समिति द्वारा दो जुलाई को प्रथम चयन सूची जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों का संबंधित प्रशिक्षण संस्थान में तीन से आठ जुलाई तक नामांकन लिया जाएगा। उक्त अवधि में नामांकन नहीं कराने पर उनके नाम द्वितीय चयन सूची में विचार नहीं किया जाएगा।

यदि आवेदन प्रथम चरण में निचली प्राथमिकता वाले संस्थान में चुने जाने पर संतुष्ट नहीं है, वैसे अभ्यर्थी अपने नामांकन के उपरांत तीन से आठ जुलाई तक पोर्टल के माध्यम से लॉग-इन में जाकर अपने अपने द्वारा दिए गए उच्च प्राथमिकता वाले संस्थान में नामांकन की संभावना के लिए स्लाइड अप विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। परीक्षा समिति ने कहा है दूसरी मेरिट लिस्ट सूची 12 जुलाई को जारी की जाएगी। दूसरी सूची के आधार पर नामांकन की तिथि 13 से 16 जुलाई तक होगा।

**बिहार के कुछ जिलों को छोड़कर इस समय अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश**

## छिटपुट बर्षा नहीं दिला सकी राहत, 26 से 30 जून को होगी बारिश

निज संवाददाता | पटना

मॉनसूनी सीजन की शुरुआत हो चुकी है। इसी के साथ बिहार के भी कुछ जिलों में तेज बारिश देखने को मिल रही है। वहीं बीते 24 घंटे में बिहार के हर एक भाग के एक या दो स्थानों पर हल्की या मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई। हालांकि राज्य के शेष भागों में गर्मी का सितम जारी है। वैशाली जिले में तो भीषण लू चलती नजर आ रही है। यहां के लोग अब भी भीषण गर्मी से त्रस्त हैं। इसी कारण पूरे बिहार में यहां का तापमान सबसे ज्यादा 41.9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं गोपालगंज, भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद और अरवल में भी इसी तरह का गर्म मौसम दर्ज किया गया।

आज बिहार के लगभग सभी जिलों के एक या दो स्थानों पर हल्की या मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। इससे राहत की सांस ली जा सकती है। कल उत्तर मध्य या उत्तर पूर्व बिहार के अधिकांश हिस्सों में आज के मुकाबले ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि आने वाली 30 जून तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश होगी। बिहार के पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज में आने वाली 26 जून से 30 जून तक के बीच में अच्छी खासी वर्षा देखने को मिल सकती है। वहीं पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगुसराय, लखीसराय और जहानाबाद में हल्की फुल्की बारिश देखने को मिलेगी। बारिश होने के साथ साथ राज्य में ठण्डक भरी हवाएं चलने लगेंगी। इसीलिए मौसम विभाग ने आने वाली 28 जून के लिए तापमान से जुड़ी किसी भी तरह की चेतावनी जारी नहीं की है। हालांकि आज 24 जून के लिए मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिण-पश्चिम भागों के कुछ स्थानों पर तेज बादल गरजने के साथ बिजली चमकने और तेज हवाओं

तीन नए आपराधिक कानूनों पर पीआइबी द्वारा मीडिया कार्यशाला "वार्तालाप" का हुआ आयोजन

## नये कानूनों को लेकर बिहार पुलिस प्रशासन ने शुरू कर दी है अपनी पहल : बी. श्रीनिवासन



- इस ऐतिहासिक कानून के बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत होगी- प्रो.(डॉ) फैजान मुस्तफा
- नए आपराधिक कानून दंड-केंद्रित नहीं, न्याय केंद्रित : पी. कन्नन

निज संवाददाता | पटना

प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो पटना द्वारा सोमवार को कर्पूरी ठाकुर सदन पटना में तीन नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) को लेकर मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन बी. श्रीनिवासन, आईपीएस, निदेशक, पुलिस अकादमी, राजगीर, प्रो.(डॉ) फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विशाविद्यालय पटना, पी. कन्नन, पुलिस महानिरीक्षक, सीआइडी, पटना, डॉ प्रज्ञा पालीवाल गौड़, महानिदेशक, पीआईबी, नई दिल्ली और एस.के. मालवीय अपर महानिदेशक पीआईबी, पटना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मौके पर पीआईबी-सीबीसी के उपनिदेशक संजय कुमार मौजूद रहें। कार्याशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बी.श्रीनिवासन, आईपीएस, निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों से देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस नये कानूनों के लेकर बिहार पुलिस प्रशासन ने अपनी पहल शुरू कर दी है। इस सिलसिले में 26 हजार से अधिक एसआई से लेकर डीएसपी रैक तक के अधिकारियों को हाईब्रीड मोड में प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण देने का मकसद साफ है कि नये आपराधिक कानूनों की जानकारी पुलिसकर्मियों को सही-सही हो व उसका अनुपालन हो ताकि जनता को किसी भी तरह की परेशानी न हो सके।

वहीं, प्रो.(डॉ) फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना, ने अपने संबोधन में कहा कि इस ऐतिहासिक कानून के बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है। पुराने कानून हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में कार्रवाई को प्राथमिकता देने की बजाय ब्रिटिश राज्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते थे। उन्होंने कहा कि तीन नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से आग्रह किया कि मीडिया ट्रायल से बचें, इससे कानूनी व्यवधान पड़ता है। नये आपराधिक कानूनों में कई प्रावधान किए गयें हैं जो स्वागत योग्य हैं, इससे मानवीय पक्ष सामने आएगा।

वार्तालाप को संबोधित करते हुए पी. कन्नन, पुलिस महानिरीक्षक, सीआइडी, पटना ने नए आपराधिक कानूनों का परिचय देते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों से समय पर न्याय मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने के तीन दिन के भीतर FIR दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही यौन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी।

### मीडिया की भूमिका अहम : डॉ. प्रज्ञा पालीवाल

पीआईबी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने विशेष प्रवेश के दौरान कहा कि नये आपराधिक कानून का उद्देश्य पीड़ितों को न्याय दिलाना है। ऐसे में जरुरी है कि जो कानूनी बदलाव हुए हैं उसकी जानकारी जनता को हो। इसी मकसद को लेकर मीडियकर्मियों के साथ वार्तालाप का कार्यक्रम किया गया है। उन्होनें कहा कि 150 साल के कानून में जो नये बदलाव हुए हैं उसे जन जन तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका अहम है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य अपराधी को दण्ड देने के साथ-साथ पीड़ित को न्याय दिलाना है। इस कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष और त्वरित प्रावधान किए गए है।

### नये कानून की जानकारी लोगों तक पहुचाएं पत्रकार : मालवीय

वहीं, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो, पटना के अपर महानिदेशक एस.के. मालवीय ने अतिथियों और मीडियाकर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों को संसद द्वारा पारित किया गया है जो 01 जुलाई, 2024 से लागू हो जाएगा। मीडिया कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मीडियाकर्मियों को आपराधिक कानूनों से अवगत कराना है। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध भी किया कि वे इस नये कानून के बारें में आम लोगों तक इसकी जानकारी पहुचाएं ताकि इसका उद्देश्य पूर्ण हो सकें। वार्तालाप का संचालन संजय कुमार, उपनिदेशक ने किया। वार्तालाप में पटना सहित राज्य भर से संपादक,मीडिया प्रमुख,ब्यूरो प्रमुख और वरिष्ठ संवाददाता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाद सुलझाने को चल रही पंचायती में दो पक्ष के लोग भिड़े, पांच हुए घायल

**फतेहपुर।** फतेहपुर में चल रहे पंचायत के दौरान दो पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ से जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में दोनों तरफ से दो महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में इलाज किया गया। रास्ते पर से झोपड़ी नहीं हटाये जाने को लेकर रविवार को पंचायती हो रही थी। गुरपा थाना क्षेत्र डोभाटाड़ गांव में रविवार की यह घटना है। बताया गया है कि डोभाटाड़ गांव में बच्चू यादव और सत्येंद्र यादव के बीच रास्ता को लेकर पिछले छह साल से विवाद चल रहा है। इस रास्ते के विवाद को सुलझाने के लिए रविवार को सुबह पंचायती की जा रही थी। इसी दौरान दोनों पक्ष आपस में उलझ गए और दोनों तरफ से जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से बच्चु यादव (50), कुंती देवी (46), शोभा देवी (24), व दिनेश यादव (18) और दूसरे पक्ष से दीपू कुमार घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया, जहां सभी को इलाज किया गया। इधर, मारपीट को लेकर दोनों पक्ष की ओर से गुरपा थाना में एफआईआर दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि मामले में दोनों पक्ष से आवेदन मिला है। इसकी जांच की जा रही है।

### नियमों के उल्लंघन में 4.36 लाख जुर्माना

**गया।** यातायात नियमों के उल्लंघन में ट्रैफिक थाना द्वारा दूसरे दिन शनिवार को भी गया व बोधगया इलाके में अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 232 वाहनों से यातायात नियमों के उल्लंघन में चार लाख 36 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। वहीं शुक्रवार को भी ट्रैफिक थाना गया व बोधगया ने अभियान चलाकर तीन लाख 97 हजार पांच सौ रुपए वसूले थे। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि शहरी व आसपास के इलाके में यातायात नियमों का उलंघन करने की शिकायतें मिलने पर यह कार्रवाई की जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए ट्रैफिक थाना को लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इस अभियान में बिना हेलमेट के 101 बाइक चालकों से एक लाख एक हजार रुपए, बिना सीट बेल्ट के 13 वाहनों से 13 हजार रुपए, नो पार्किंग में 38 वाहनों से 19 हजार रुपए, आदेश उलंघन में 10 वाहनों से 20 हजार रुपए, बिना डीएल के 11 वाहनों से 55 हजार रुपए, नो इंट्री में 06 वाहनों से 12 हजार रुपए, बिना इंश्योरेंस के पांच वाहनों से दस हजार रुपए व अन्य मामले में 48 वाहनों से दो लाख 06 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। यातायात नियमों के उलंघन करने वाले ऑटो चालक, सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, निर्धारित पार्किंग स्थल से अन्यत्र वाहन पार्क करने वाले, सायलेंसर से पटाखे जैसी ध्वनि निकलने वाले मोटरसाइकिल चालकों, वन वे के लिए निर्धारित मार्ग में वाहन लेकर प्रवेश करने वाले पर विधि सम्मत कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### लहरिया टोला मोड़ पर प्याऊ लगाने की मांगी अनुमति

**गया।** लहेरिया टोला मोड़ सालों से नगर-निगम का पंपिंग केंद्र स्थित था। कुछ महीनों पहले उसे वहां से हटा दिया गया। अब वह निगम की जमीन खाली पड़ी है। ऐसे में, कई स्थानीय लोगों ने नगर-आयुक्त से मिलकर मांग की है कि वहां प्याऊ बनाने की अनुमति दी जाए। दरअसल उनकी मांग थी कि नगर-निगम ही वहां प्याऊ बनाए। पर नगर-आयुक्त ने बताया कि बुडको जब तक कार्यरत है, तब तक निगम जलापूर्ति संबंधी कार्य नहीं कर सकती है। ऐसे में, स्थानीय समाजसेवियों ने खुद ही चंदा कर वहां प्याऊ लगाने की योजना बनाई। गांधी चौक के पास मात्र एक चापाकल है।

### पं. श्यामा प्रसाद की मनाई गई पुण्यतिथि

**गया।** गया महानगर दक्षिणी मंडल भाजपा कार्यालय चांद चौरा सोना सदन मैरेज हाल में रविवार को पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी। इसमें दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा, महामंत्री कमल लाल बारिक, टिंकू गोस्वामी, सुनील रविदास, सुमित कुमार, राहुल, रवि कुमार, विनोद पासवान, धीरू जी, गजो बाबा, , अनिल कुमार, करुणानिधि आदि मौजूद थे।

### जूठा फेंकने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, छह जख्मी

**रहुइ।** भागन बीघा ओपी थाना क्षेत्र के अंबा गांव में घर का कूड़ा और जूठा पड़ोसी के खेत में फेंकने के विवाद में रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों को जख्मी हो गये। जख्मी के परिजन द्वारा घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जख्मी में राजकुमार प्रसाद, सुजीत कुमार, रंजीत प्रसाद, सुनीता देवी, बबीता देवी एवं एक अन्य व्यक्ति शामिल है। जख्मी बबीता देवी ने बताया कि जूठा और कूड़ा फेंकने के विवाद को लेकर पड़ोसी ने रविवार की सुबह घर में घुसकर मारपीट करने लगा। घर पर रोड़ेबाजी भी की गई है। महिलाओं से छेड़खानी भी की गई। ओपी प्रभारी पंकज कुमार पवन ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। जूठा फेंकने के विवाद में अरुण सिंह और राजकुमार प्रसाद के मारपीट की घटना घटी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### बदमाशों ने की लूट, 4 गिरफ्तार



**परबलपुर।** परबलपुर थाना क्षेत्र के गबसपुर मोड़ के समीप शुक्रवार की शाम करीब एक दर्जन लुटेरों ने अधेड़ की पिटाई करते हुए उनसे मोबाइल व 3500 नगदी लूट लिया। पीड़ित छबिलापुर थाना क्षेत्र के गोरौर निवासी विजय कुमार हिलसा से पौत्री की शादी तय कर गांव लौट रहे थे। उसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने रविवार को घटना में शामिल एक नाबालिग समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से लूटा गया 1200 नगदी, मोबाइल और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई। हिलसा डीएसपी-2 गोपाल कृष्ण ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार से लूटपाट की थी। केस दर्ज कर पुलिस घटना की जांच में जुट गई थी। तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस ने घटना में शामिल एक नाबालिग समेत चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से 1200 नगदी, लूटी मोबाइल व घटना में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुआ। गिरफ्तार लुटेरों में गजीन बिगहा निवासी गौतम कुमार यादव, अलीपुर बिगहा निवासी आशुतोष कुमार, तेलिया मई निवासी अर्पित कुमार और एक नाबालिग शामिल है। छापेमारी में परबलपुर थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह, त्रिपुरारी प्रसाद शामिल थे।

# नीट मामले में देवघर से गिरफ्तार 6 संदिग्ध नालंदा निवासी

निज संवाददाता। नालंदा



**कोई इंजीनियर है तो किसी ने मैट्रिक तक की पढ़ाई, सभी गतिविधियां अवैध काम में रही**

नीट पेपर लीक मामले में पटना पुलिस ने झारखंड के देवघर जिला से 6 संदिग्धों को गिरफ्तार की है। सभी संदिग्ध नालंदा के अलग-अलग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनमें छबीलापुर थाना क्षेत्र के बेलदार बिगहा निवासी प्रकाश कुमार का बेटा परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, महेंद्र प्रसाद का बेटा पंकु कुमार, करायपरसुराय थाना क्षेत्र के गुलरिया बिगहा निवासी ओमप्रकाश प्रसाद का बेटा चिंटू उर्फ बालदेव कुमार, नूरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा गांव निवासी स्व. रामचंद्र प्रसाद का बेटा काजू उर्फ प्रशांत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के लोदीपुर निवासी पंकज प्रसाद का बेटा अजीत कुमार, कुंडवापर निवासी सुरेंद्र प्रसाद का बेटा राजीव कुमार उर्फ कारू है। छानबीन में यह बात सामने आई हैं कि सभी अवैध काम में रह चुके हैं।

**परमजीत सिंह और पंकु कुमार दोनों दोस्त हैं:** छबीलापुर थाना क्षेत्र के बेलदार बीघा गांव का रहने वाला परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू और पंकु कुमार दोनों आपस में दोस्त हैं। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार दोनों दोस्तों ने इंटर तक की पढ़ाई की है। वर्तमान में वह जमीन की खरीद बिक्री का काम करता है। इसी सिलसिले में अधिकांश समय वह गांव के बाहर ही रहता है। स्थाई रूप से दोनों का बसेरा कहां है यह जानकारी गांव वालों को नहीं है। वहीं घर वाले इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।

**काजू उर्फ प्रशांत कुमार इंजीनियर है:** काजू उर्फ प्रशांत कुमार नूरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा गांव का रहने वाला है। जहां घर में ताला लटका हुआ है। फिलहाल उसकी मां बिहार शरीफ के शिवपुरी मोहल्ले में रहती है। ग्रामीण सूत्रों की माने तो काजू उर्फ प्रशांत और उसका भाई भी पूर्व से ही पेपर लीक मामले में लिप्त रहा है। बड़ा भाई डॉक्टर है तो वहीं काजू उर्फ प्रशांत इंजीनियर है। फिलहाल दोनों भाई कहां रहते हैं इसकी जानकारी उन लोगों को नहीं है।

**राजीव कुमार उर्फ कारू पहले भी पेपर लीक में रहा है:** राजीव कुमार उर्फ कारू का पैतृक गांव एकंगरसराय थाना क्षेत्र के कुंडवापर है। वर्तमान में राजीव अपने ननिहाल छबिलापुर थाना क्षेत्र के बेलदार विगहा गांव में रहता है। ग्रामीण सूत्रों की माने तो राजीव की पत्नी एएनएम के पद पर कार्यरत हैं। राजीव ने पटना में भी अपना घर बना रखा है। गांव में बहुत कम समय के लिए ही वह रहता है। पूर्व में भी वह पेपर लिक मामले में संलिप्त रहा है।

**अजित कुमार सरकारी नौकरियों में करता हेराफेरी:** अजीत कुमार एकंगरसराय थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव का रहने वाला है। अजीत के पिता दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी का काम करते हैं फिलहाल वह घर पर हैं। वहीं अजीत दो भाइयों में सबसे बड़ा है। ग्रामीण सूत्रों की माने तो अजीत सरकारी नौकरियों में हेर फेर का काम करता है। वह गांव के बाहर ही रहता है कभी कभार उसे गांव में देखा गया है।

**चिंटू उर्फ बालदेव डॉक्टर की गाड़ी चलाता है:** चिंटू उर्फ बालदेव करायपरसुराय थाना क्षेत्र के गुलरिया बीघा गांव का रहने वाला है। अजीत कुमार दो भाइयों में सबसे बड़ा और वह पटना में रह कर डॉक्टर की गाड़ी चलाता है। अजीत ने मैट्रिक तक पढ़ाई की है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार वह अवैध कामों में लिप्त रहता है शराब के धंधे से लेकर अन्य अवैध कामों में उसकी संलिप्तता है।

## रेलवे क्रॉसिंग बंद करने पर ग्रामीणों ने जबरन लगाई रोक, किया हंगामा



निज संवाददाता। मानपुर

मानपुर प्रखंड स्थित गया-नवादा रेल खंड स्थित हरली के गांव के सामने स्थित रेलवे क्रासिंग फाटक को स्थायी रूप से बंद करने के लिए रविवार को रेलवे कर्मचारी पहुंचे। रेलवे की टीम भोरे रोड को जोड़ने वाली सड़क को बंद करने के लिए जेसीबी से खुदाई करने लगी। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों ने कहा कि क्रासिंग बंद होने से दर्जनों गांव के लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आसपास के किसानों की खेती रेलवे लाइन के दोनों तरफ है। नतीजतन खेती में भी असर पड़ेगा और किसानी का कार्य प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से अंडर पास बनाने की मांग की ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन प्रभावित न हो। सनद रहे कि क्रॉसिंग बंद होने से हरली, करमनचक, के लोग प्रभावित हो रहे है।

## कबाड़ दुकान से भारी मात्रा में रेलवे की फिश प्लेट, पेन्ड्रोल क्लिप व लोहे जब्त

निज संवाददाता। फतेहपुर



रेलवे सुरक्षा बल ने एक कबाड़ दुकान पर छापेमारी कर वहां से रेलवे से चोरी की गई भारी मात्रा में फिश प्लेट, पेन्ड्रोल क्लिप व अन्य लोहे के सामान को बरामद किया है। साथ ही मौके से कबाड़ दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरपीएफ की टीम पकड़े गए कबाड़ दुकानदार के निशानदेही पर रेल संपत्ति की चोरी में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंहा ने बताया कि 16 जून को सलैया-न्यू गिरीडीह स्टेशन के मध्य किलोमीटर संख्या 100/05-07 के बीच रेलवे ट्रैक से पेन्ड्रोल क्लिप चोरी हुई थी। इस संबंध में रेलवे सुरक्षा बल थाना, कोडरमा पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच की जा रही थी। इसी दौरान आसूचना प्राप्त होने पर कोलडीहा स्थित एक कबाड़ी के दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी में वहां से रेलवे लाइन को जोड़ने वाली 2 पीस फिश प्लेट तथा 12 अदद रेलवे लाईन में लगने वाला जलेबीनुमा पेन्ड्रोल क्लिप के साथ रेलवे की भारी मात्रा में अन्य लोहा को बरामद किया गया। साथ ही मौके से कबाड़ दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ कबाड़ दुकानदार ने बताया कि कुछ दिन पहले किसी अज्ञात से रेलवे से चोरी के लोहा कम मूल्य मे ख़रीदे थे। उसने मामले में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में भी अहम सुराग बताया है। उसके निशानदेही पर उन अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में क्राइम ब्रांच के अधिकारी सुशील कुमार, आरपीएफ आरक्षी मिंकू कुमार, रणधीर कुमार, मृत्युंजय कुमार निराला, आनंद कुमार व अन्य बल सदस्य शामिल थे।

## बेटे के सामने मां की ट्रेन से कटकर मौत

निज संवाददाता। नालंदा



**इलाज के लिए जा रहा रहे थे पावापुरी मेडिकल कॉलेज, ट्रैक पार करने के दौरान आई सारनाथ एक्सप्रेस**

नालंदा में सोमवार की सुबह बख्तियारपुर-राजगीर रेल खंड के पावापुरी रोड हॉल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत दांगी टोला निवासी कृष्णा प्रसाद की (60) वर्षीया पत्नी राजकुमारी देवी के रूप में की गई है। मृतका के पुत्र पिंटू कुमार ने बताया कि मां और खुद के इलाज को लेकर राजगीर से पैसेंजर ट्रेन पकड़ पावापुरी मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। पावापुरी रोड हॉल्ट के पास ट्रेन से उतरकर जैसे ही प्लेटफार्म की तरफ आने लगे तभी सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर मां की मौत हो गई।

**छोटे बेटे ने की थी मारपीट:** दरअसल राजकुमारी देवी के छोटे बेटे हीरा वर्मा ने रविवार की शाम संपत्ति विवाद को लेकर घरवालों से मारपीट की थी। इसमें राजकुमारी देवी और उनका बड़ा बेटा पिंटू कुमार जख्मी हो गया था। जो इलाज के लिए सोमवार की सुबह पावापुरी मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। तभी पावापुरी रेलवे हाल्ट के पास यह हादसा हो गया।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा:** घटना की जानकारी पावापुरी रोड हॉल्ट के स्टेशन प्रबंधक के द्वारा बिहार शरीफ जीआरपी और आरपीएफ को दी गई। तब तक ट्रेनों का परिचालन 2 नंबर ट्रैक से किया गया। मौके पर पहुंची जीआरपी और आरपीएफ ने शव को ट्रैक से हटाया और पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। बिहार शरीफ रेल थानाध्यक्ष संजय कुमार पंडित ने बताया कि रेल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## एक साल से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



मुफस्सिल थाने की पुलिस ने एक वर्ष से फरार अपराधी दिनेश चौधरी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधी के पास से पुलिस ने एक देसी राइफल और 2 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। अन्य दो अपराधी छापेमारी के दौरान भाग गए। उनकी तलाश जारी है। वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय और मुफस्सिल इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि मुफस्सिल पुलिस और एसटीएफ को सूचना मिली थी कि वांछित दिनेश चौधरी इन दिनों साथियों के साथ अपने घर सलेमपुर में ठहरा हुआ है। पुलिस ने एसएसपी आशीष भारती को सूचना दी और दिनेश चौधरी के घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीन भागने लगे। जिसमें से एक को पकड़ लिया गया। बाकी दो का पुलिस ने पीछा किया पर वे भाग गए। एसडीपीओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास से एक देसी राइफल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी दिनेश चौधरी से मिली जानकारी के आधार पर फरार आरोपियों के अड्डे पर दबिश दी जा रही है।

## हथियार के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



**पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने बाइक सवार को रुकवाया, तलाशी में कट्टा और कारतूस बरामद**

नालंदा की दीपनगर पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो बदमाश को पकड़ा है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के कोरय गांव के समीप का है। गिरफ्तार अभियुक्त दीपनगर थाना क्षेत्र के नवीनगर निवासी विनोद प्रसाद का पुत्र रवि रंजन और महेंद्र चौधरी का पुत्र रवि कुमार है। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के कोरय गांव के समीप गश्ती गाड़ी पेट्रोलिंग कर रही थी। तभी सैनिक स्कूल नालंदा की ओर से आ रहे संदिग्ध बाइक सवार को रुकवाया गया। जिनकी तलाशी लेने के क्रम में पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई कि दोनों युवक सिलाव थाना क्षेत्र के सैनिक स्कूल के पास से एक महिला का मोबाइल हथियार का भय दिखा लूट कर भाग रहे थे। बदमाशों के पास से लूट का मोबाइल भी बरामद किया गया है। जिस बाइक से रवि रंजन और रवि पकड़ा गया वह गाड़ी भी चोरी की है। बदमाशों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, चोरी की बाइक, एक लूटा हुआ मोबाइल और एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है। लूटपाट के मामले में कुल तीन लोगों की संलिप्तता सामने आई है। एक अन्य बदमाश की पहचान कर ली गई है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

## D.El.Ed प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में 16 निष्कासित, एक मुन्ना भाई समेत 16 नकलची को चिट पुर्जा देने का आरोप में पकड़ा गया

निज संवाददाता। नालंदा



बिहारशरीफ के 14 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पार्षद द्वारा आयोजित डिप्लोमा-सह-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा ली गई। इनमें से 2 परीक्षा केंद्रों पर एक मुन्ना भाई समेत 16 नकलची को पकड़ा गया है। सदर डीएसपी नूरूल हक ने बताया कि सदरे आलम परीक्षा केन्द्र से राहुल कुमार के बदले इस्लामपुर के सुभाष कुमार को परीक्षा देते पकड़ा गया है। जबकि, कचहरी आरपीएस स्कूल से एक दूसरे परीक्षार्थी को चिट-पुर्जा देने के आरोप में 15 नकलची को पकड़ा गया है। पकड़े गए नकलची में अखिलेश प्रसाद, नीतीश कुमार, मुन्ना कुमार, रंजीत कुमार, उपेन्द्र कुमार, सौरव, सोनू, चंदन,रिशु राज, आदित्य कुमार, शिवशंकर प्रसाद, पप्पु कुमार, शृष्टि कुमारी, आरती रानी, शंकर कुमार शामिल है। रविवार को हुए डिप्लोमा सह सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा में 5571 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 4998 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जबकि 573 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे। 16 परीक्षार्थी निष्कासित किए गए। दूसरी पाली में 1291 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था। इनमें 368 परीक्षार्थी सम्मिलित हो सके। वहीं, 923 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे।

**यहां बनाए गए थे परीक्षा केंद्र:** कचहरी आरपीएस स्कूल, डैफोडिल पब्लिक स्कूल, सदरे आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, बिहार टाउन स्कूल, भैंसासुर आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय, शेखाना राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, एसएस बालिका स्कूल, जवाहर कन्या हाईस्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, पीएल साहु स्कूल, सोगरा हाई स्कूल, राजकीय कन्या हाई-स्कूल में परीक्षा ली गई।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता

**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय के डीआरडीए सभाकक्ष में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या स्थितरता पखवाड़ा के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा किया एवं उपस्थित डॉक्टरों को बेहतर ढंग से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को सुसंचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दि। 11 से 31 जुलाई 2024 तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा चलाया जायेगा। एएनसी जांच के समीक्षा क्रम में पाया गया कि गर्भवती महिलाओं का नवादा सदर में 116.18 प्रतिशत एएनसी जॉच की गई जबकि अकबरपुर का सबसे कम 76.10 प्रतिशत जॉच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और प्रबंधक को एएनसी जांच करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच करना सुनिश्चित करें। जिला स्तर पर एएनसी की जांच 94.72 प्रतिशत है। अकबरपुर एमओआईसी को एएनसी जॉच में सुधार लाने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। एएनसी रजिस्ट्रेशन में हिसुआ 33.70 प्रतिशत काफी कम रहने के कारण एमओआईसी को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। जिले में सरकारी हॉस्पिटलों में संस्थागत प्रसव 33.31 प्रतिशत किया गया है जबकि मार्च महीने में 34.10 प्रतिशत था। नवजात बच्चों का सेक्स रेसियो की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला स्तर पर 838 है जो मार्च महीने में 822 था। सेक्स रेश्यो में सर्वाधिक पकरीबरावां प्रखंड का 1094 प्रतिशत है जबकि सबसे न्यूनतम कौआकोल का 703 प्रतिशत है। जिलाधिकारी द्वारा नरहट एमओआईसी पर सेक्स रेशियो की जानकारी नहीं रहने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की। कौआकोल एमओआईसी के बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण की मांग करते हुए वेतन बंद करने का निर्देश दिया। जन्म के समय वजन किए गए नवजात शिशुओं की संख्या जिला स्तर पर 99.70 प्रतिशत है जो सही है। ढ़ाई किलोग्राम से कम वजन वाले नवजात शिशुओं की संख्या जिला स्तर पर 5.75 प्रतिशत है। रजौली का सबसे अधिक 16.30 प्रतिशत जबकि मेसकौर का शून्य है। बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। बीसीजी में सरकारी संस्थाओं में 63.10 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है, जिसमें सर्वाधिक गोविंदपुर प्रखंड का 93.27 प्रतिशत है और सबसे न्यूनतम अकबरपुर प्रखंड का 34.51 प्रतिशत है। 09 से 11 महीने के बच्चों में 73.36 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है जिसमें सर्वाधिक वारिसलीगंज 96.05 प्रतिशत और सबसे न्यूनतम रोह प्रखंड में 53.12 प्रतिशत किया गया है। ओपीडी में उपस्थिति अन्तर्गत रोह 44 प्रतिशत, पकरीबरावां 49 प्रतिशत, सिरदला 36 प्रतिशत, गोविंदपुर 34 प्रतिशत कम रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ओपीडी उपस्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य अन्तर्गत बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया जायेगा और बेहतर कार्य नहीं करने पर कार्रवाई तय है। उन्होंने सभी एमओआईसी को कार्यशैली में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिया। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिनियुक्त प्रभारी को ससमय अपने-अपने केंद्रों में उपस्थित होकर चिकित्सा व्यवस्था उत्कृष्ट करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ वांछित व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए कई निर्देश दिया गया। बैठक में डॉ. एसकेपी चक्रवर्ती, सिविल सर्जन नवादा, चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता नवादा, शशांक राज नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ सभी प्रखंड के एमओआईसी, हेल्थ प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## पैन में पुल विवाद को ले भीड़ गये दो गांवों के लोग



निज संवाददाता

**नवादा।** जिले में पैन पर पुल निर्माण के पक्ष - विपक्ष के दो गांवों के बीच जमकर राड़ेबाजी हुई।रोड़ेबाजी में एक का सर फट गया।बाद में पुलिस के पहुंचते ही लोग भाग खड़े हुए। घटना सदर प्रखंड के सिसवां व हिसुआ प्रखंड क्षेत्र के चिताबिगहा के ग्रामीणों के बीच बतायी गयी है। नगर थाना क्षेत्र सिसवां गांव और हिसुआ थाना क्षेत्र के चिता बीघा गांव के लोग आपस में भिड़ गए। चिता बीघा गांव में सिंचाई विभाग के द्वारा पैन पर पुलिया निर्माण को लेकर दो गांव के लोग आपस में भिड़ते नजर आए। मिली जानकारी के मुताबिक धनार्जय नदी से निकली पैन की सफाई लघु सिंचाई विभाग की ओर से करायी जा रही है। चिताबिगहा के ग्रामीण पुल बनाने की मांग को ले खुदाई पर रोक लगा रखा है। सिसवां गांव के लोग पुल निर्माण का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में खुदाई का कार्य ठप है। खुदाई के समर्थन में पहुंचे सिसवां गांव के लोगों पर चिताबिगहा के लोगों ने रोड़ेबाजी आरंभ कर दी जिससे रतन सिंह के पुत्र का हर फट गया। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। बता दें इसके पूर्व भी तत्कालीन एसडीएम जेड हसन के कार्यकाल में पुल को ले विवाद हुआ था।

## प्रेमिका की धारदार हथियार से गाल पर वार कर हत्या का प्रयास करने वाला प्रेमी गिरफ्तार

निज संवाददाता




**नवादा।** प्रेमिका की धारदार हथियार से गाल पर वार कर हत्या का प्रयास करने वाला प्रेमी गिरफ्तार नवादा/जिले के उग्रवाद प्रभावित रोह थाने की पुलिस ने विवाहिता की धारदार हथियार से गाल पर वार कर हत्या का प्रयास करने के मामले में 48 घंटे के अंदर एक युवक को गिरफ्तार कर किया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दो दिन पूर्व थाना अंतर्गत बाजार स्थित एक मकान में धारदार हथियार से एक महिला के गाल पर वार किया था जिससे उसका गला कट गया था। परिजनों द्वारा महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया था। सूचना के बाद पुलिस ने टीम गठन कर मामले की अनुसंधान में जुटी थी। अनुसंधान एवं सूचना के आधार पर घटना में शामिल अभियुक्त को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में इस्तेमाल किए हुए चाकू भी बरामद कर किया है। पुलिस उपाधीक्षक इमरान परवेज ने बताया कि रोह बाजार में एक महिला को धारदार हथियार से गला काटकर हत्या का प्रयास किया था। घटना के बाद पुलिस ने एसआईटी टीम गठन कर रोह थाना क्षेत्र के अंदर बाजार के बसंत पासवान का 27 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार के बाद पूछताछ क्रम में बताया कि उसकी पत्नी का हत्या नहीं देहांत हुआ है। जख्मी महिला का उससे पूर्व से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पत्नी के देहांत के बाद उसके द्वारा महिला को वापस उसके साथ रहने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। महिला इस बात का विरोध किया तो महिला के पति के मुंबई जाने का फायदा उठाकर वह घर में घुसा और महिला को छत पर बुलाकर चाकू से वार कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया हुआ चाकू बरामद कर लिया गया है। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। महिला की पटना में इलाज जारी है, पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## सीबीआई एवं पुलिस टीम पर हुए मामले में एक नाबालिग गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के मुरहेना के कसियाडीह गांव से एसआई अजय कुमार ने एक नाबालिग युवक को गिरफ्तार किया है। नाबालिग युवक सीबीआई एवं पुलिस टीम पर हुए हमले में नामजद अभियुक्त था। पुलिस मामले को गम्भीरतापूर्वक अनुसंधान में जुटी हुई है। बीते दिनों यूजीसी नेट के पेपर लीक मामले का तार मुरहेना के कसियाडीह गांव की एक युवती से जुड़ा मिला। जिसको लेकर जांच हेतु दिल्ली से आई सीबीआई टीम के साथ नगर थाना नवादा की पुलिस टीम को फर्जी बताकर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया था। सीबीआई टीम पर हुए हमले में चालक समेत अन्य अधिकारियों जख्मी हो गए थे। घटना को लेकर सीबीआई टीम लीडर ने रजौली थाने में 8 नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गुप्त सूचना के आलोक में केस के अनुसंधानकर्ता एसआई अजय कुमार ने एक नाबालिग युवक को गिरफ्तार किया है।

## मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है : रक्तवीर जीतू

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड में स्थित पेंशनर भवन में सोमवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक सह रक्तवीर जितेन्द्र प्रताप जीतू व नगर परिषद (नवादा) उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कैलाश विश्वकर्मा को पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह समेत अन्य लोगों ने पुष्पमाला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के आगत अतिथियों व पेंशनरों ने पूर्व भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भारत माता की जयकारे लगाते दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक सह रक्तवीर जीतू ने कहा भारतीय सभ्यता व संस्कृति कहता है कि पूरा संसार मेरा परिवार है, और मानवता भी यही कहता है। मुसीबतों में जो काम आता है, वही भगवान है। उन्होंने कहा जो मुझे परेशानी में याद करते हैं, वही मेरा भगवान हैं। मानवता के कार्य करने वाले को सफलता प्राप्त होता है। मुझे मानव सेवा की जज्बा है,और मानव की सेवा करता हूं, जब आप हमें हौसला बढ़ाते हैं, तभी कोई कार्य करता हूं। मैं नवादा में कार्य किया, और नारदीगंज में मेरे कार्य की चर्चा हो,यह गर्व की बात है। रक्तवीर जीतू ने कोविड 19 काल की चर्चा करते हुए कहा कि वह दिन लोग भूल नहीं सकते हैं, कोविड से संक्रमित व्यक्ति के पास अपने स्वजन भी आने से कतराते थे, मैंने उस समय कोविड से मौत हुए 32 शव को भाई कैलाश विश्वकर्मा जी के साथ मिलकर अंतिम संस्कार भी किया। इसके अलावा भोजन वितरण करना, रक्तदान करने, दवाई के लिए पैसे के साथ चिकित्सीय सलाह देना भी रहा। चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता समेत आठ राज्यों के लोगों को जानकारी लेकर राशि भेजने का कार्य भी हुआ। नवादा चौक पर इंतजार करता था, बाहर से आने वाले लोगों को वाहन की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था समेत अन्य कार्य हुआ। सभी का सहयोग मिला। यही मानव की सच्ची सेवा है। रिश्ता दिल से होता है, जो कायम रहता है। यह जीवन है, तो बहुत कुछ अच्छा करना है। इतिहास बनाकर इस लोक से जाना है। यह सब प्रभु की कृपा से होती है, कहते हैं कि प्रभु काम आप करते हैं, और नाम मेरा होता है। आप लोग मेरे अभिभावक है, भगवान तुल्य है। आप सभी का स्नेह व प्यार पाकर मेरा जीवन धन्य हो गया। मैं काफी आंनदित व आह्लादित हूं, जब भी मेरी जरूरत पड़े, तो अवश्य याद कर लीजिए। वही नगर परिषद नवादा के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विश्वकर्मा जी ने कहा यह एक मंदिर है, पवित्रता का मिशाल है, जहां ऊंच, नीच, छोटा बड़ा, जात पात का कोई भेदभाव नहीं है। यहां तनावमुक्त होकर सभी लोग एक दूसरे के दुःख दर्द को बैठकर बांटते हैं। एक सूत्र में पिरोकर रखें हैं, जो गौरव की बात है। आप लोग मार्गदर्शन दे। जीतू जी ने 68वीं बार रक्तदान किये हैं। उन्होंने कहा परमात्मा के बताए मार्ग पर चलना ही पूजा है। कार्यक्रम के अंत में जीतू जी व विश्वकर्मा जी ने अयोध्या में स्थापित भगवान श्रीराम की शीशा जड़ित तस्वीर को उपहार स्वरूप पेंशनर समाज को दिया। मौके पर नवल किशोर सिंह, चंद्रिका सिंह, कैलाश प्रसाद यादव,कामता प्रसाद सिंह, सियाशरण दास, यमुना सिंह, परमेश्वर राम, रामशरण सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

## रेल मंत्रालय द्वारा सभी नागरिकों के लिये रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी नागरिकों के लिये हिन्दी में रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। रेलकर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेलवे की सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा उनमें हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें हिन्दी में लिखे गये रेल कर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव मांगे गये हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में एक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपए, एक को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 08 हजार रूपए, एक को तृतीय पुरस्कार के रूप में 06 हजार रूपए तथा पाँच को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को 04 हजार की राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। रेल यात्रा वृतान्त हिन्दी भाषा में न्यूनतम 3000 एवं अधिकतम 3500 शब्दों का होना चाहिये। रेल यात्रा वृतान्त डबल स्पेष में टाइप किया हुआ तथा चारो तरफ एक-एक इंच का हासिया छूटा हुआ एवं पृष्ठ संख्या अंकित होना चाहिये। इसके साथ ही शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिये। वृतान्त के प्रारम्भ में एक अलग कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय अथवा निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नम्बर, ई-मेल तथा वृतान्त के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिये। इस योजना में भाग लेने के इच्छूक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस आषय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरूद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुषासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस आषय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ न तो किसी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और न ही वे किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा पत्र में यह भी उल्लेख करना होगा कि संबंधित रेल यात्रा वृतांत मेरी मौलिक रचना है, इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है। रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31.07.2024 तक सहायक निदेषक, हिन्दी (प्रषिक्षण), कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 को भेज सकते है। वृतांत की एकल प्रति प्राप्त होने पर प्रविष्टि रद्द कर दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

## विवाहिता की हत्या कर शव को गायब करने का आरोप

**मेसकौर (नवादा) (नि. सं.)।** सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के मिल्की बेलदारी गांव में विवाहिता की हत्या कर शव को गायब कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका प्रियंका कुमारी कादिरगंज थाना क्षेत्र के मुबारक सहजपुरा गांव निवासी मुन्ना चौहान की पुत्री बताई गई है। मृतका के पिता ने दामाद बादल कुमार समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दहेज के लिए पुत्री की हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतका के पिता ने बताया कि पिछले साल जून महीने में प्रियंका की शादी मिल्की बेलदारी गांव निवासी मिथिलेश चौहान के पुत्र बादल कुमार से की थी। दोनों की चार माह की बच्ची भी है।

## पंजाब नेशनल बैंक कौआकोल के प्रबंधक समेत चार बैंक कर्मी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** थाना क्षेत्र के भलुआही गांव निवासी व प्रखण्ड कार्यालय कौआकोल में पदस्थापित कार्यपालक सहायक रत्नाकर प्रसाद के बैंक खाता से हुई चार लाख अठाईस हजार रुपये से अधिक की अवैध निकासी मामले में पंजाब नेशनल बैंक कौआकोल के प्रबंधक समेत तीन अन्य नामजद सहित अन्य बैंक कर्मियों के विरुद्ध लिखित प्राथमिकी कौआकोल थाना में सोमवार को दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने कौआकोल थाना में विभिन्न सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कांड संख्या-195/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान का जिम्मा थाना में ही पदस्थापित दरोगा लक्ष्मण यादव को दिया है। बता दें कि कार्यपालक सहायक रत्नाकर प्रसाद के खाते से चार लाख अठाईस हजार छह सौ नब्बे रुपए की अवैध ढंग से निकासी 12 जून एवं 13 जून को कर ली गई थी। इस सम्बंध में पीड़ित कार्यपालक सहायक द्वारा कौआकोल थाना में बैंक प्रबंधक प्रशांत कुमार प्रसाद,बैंक कर्मी मनोज कुमार,रंजीत कुमार,अनिल कुमार एवं अन्य बैंक कर्मी के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर जलसाजी के तहत उनके खाता से चार लाख अठाईस हजार छह सौ नब्बे रुपये की अवैध निकासी करने का आरोप लगाया है। कार्यपालक सहायक रत्नाकर प्रसाद ने कहा कि इतना ही नहीं उनके खाता का पता भी ग्राम-भलुआही, थाना-कौआकोल से बदलकर जैन वीडियोज 5th फ्लॉर, टाइम्स ऑफ इंडिया बिऊल, पटना बिहार कर दिया गया है। जबकि उनके द्वारा कभी भी बैंक में एड्रेस बदलने को लेकर कोई आवेदन नहीं दिया गया। जिससे स्पष्ट है कि जलसाजी के तहत प्रबंधक एवं अन्य बैंक कर्मियों की संलिप्तता से उनके पीएनबी कौआकोल के बैंक खाता संख्या-2309000100196096 खाता से अवैध ढंग से राशि की निकासी कर ली गई है। उनका स्पष्ट मानना है कि बगैर बैंक कर्मियों की मिलीभगत से इतना मोटी रकम की निकासी महज एक दिन में सम्भव ही नहीं है।

## राज्य की लड़कियों-महिलाओं सुरक्षित नहीं : ऐपवा

**नवादा (नवादा) (नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर में डीबीआर युनिक नेटवर्किंग कंपनी द्वारा लगभग 250 लङकियों के साथ यौन शोषण की न्यायिक जांच कराने, जघन्य घटना में संलिप्त दोषियों को तत्काल सजा दिलाने तथा पीड़ितों को सरकारी नौकरी देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस के तहत नवादा के पार्टी कार्यालय से जुलूस निकालकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रजातंत्र चौक पहुंचकर सरकार विरोधी जमकर नारेवाजी की। तत्पश्चात सभा को ऐपवा जिला सचिव सावित्री देवी तथा अध्यक्ष सुदामा देवी ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर शेल्टर होम में अनाथ लड़कियो के घटित घटना के बाद एक बार फिर मुजफ्फरपुर में नेटवर्किंग कंपनियां द्वारा लड़कियो को बंधक बनाकर यौन शोषण करना हृदय विदारक घटना है। यह साबित हो गया है कि एनडीए की सरकार में राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं है। चाहे वह मुजफ्फरपुर हो या फिर कौआकोल के भलुआही गांव हो। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण की ढोंग करने वाली सरकार में अपराधियों के हौसले सातवें आसमान पर है। कानून का डर अपराधियों में समाप्त हो गई है।

## विवेक ठाकुर के सांसद बनने से नवादा का विकास होगा : गगन

- मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि विवेक ठाकुर नवादा सांसद निर्वाचित होते ही विकसित नवादा के संकल्प के साथ कार्य करना शुरू कर दिया है।
- विवेक ठाकुर के शपथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाया। और अपने सांसद को बधाई शुभकामनाएं भी दिया।



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन एवं रजौली भाजपा परिवारनों ने दिल्ली संसद भवन से शपथ का कार्यक्रम एलईडी टीवी के माध्यम से लाईव देखा। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि हम सभी नवादा वासियों के स्थानीय कर्तव्यनिष्ठ सांसद विवेक ठाकुर ने भी शपथ लिया। विवेक ठाकुर के शपथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाया। और अपने सांसद को बधाई शुभकामनाएं भी दिया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि विवेक ठाकुर नवादा सांसद निर्वाचित होते ही विकसित नवादा के संकल्प के साथ कार्य करना शुरू कर दिया है। विवेक ठाकुर हर क्षेत्र में नवादा को अग्रिम स्थान मिले इस दृष्टि से दृढनिश्चय के साथ केन्द्र सरकार के मंत्रियों से मिलकर पत्र के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के विकास संबंधी समस्याओं के संबंध में अवगत कराकर अंतिम रूप देने के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहे है। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि विवेक ठाकुर एक ऐसे सांसद के रूप में नवादा को मिले है। जो सदैव आम-आवाम के लिए एक भाई, सेवक,सर्व धर्म, सर्व समाज, प्रबुद्धजनों को साथ लेकर तन्मयता के साथ कार्य करेंगे। विवेक ठाकुर के नवादा सांसद बनने से हम सभी आह्लादित उत्साहित है कि नवादा के आम-आवाम को एक कर्मयोगी,विकास के प्रति समर्पित रहने वाले सांसद मिले है। इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री संतोष कुमार वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेन्द्र प्रसाद दीवान, नवीन कंधवे, मंडल कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, दीपक राय, रंजेश कुमार, शशि रंजन भाजपा परिवार ने लाइव प्रसारण देखा।


कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना।

दिनांक 02.12.2023 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्डों में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :—

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नीलाम्बर—पीताम्बरपुर | भूतल | NR-6, NR-7, NR-8 | 03 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | नीलाम्बर—पीताम्बरपुर | भूतल | NL-7 | 01 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | नीलाम्बर—पीताम्बरपुर | भूतल | WS-7, WS-14 | 02 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | नीलाम्बर—पीताम्बरपुर | भूतल | S-1, S -3, S -5, S -6, S -9, S-14 | 06 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | सतबरवा | भूतल | C-04 | 01 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :— | **13** | | | |

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :—24.06.2024 से 02.07.2024 तक
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :—कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग—अलग) :— 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :— 24.06.2024 से 03.07.2024 तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :— कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :— 04.07.2024 को 11:00 बजे अपराह्न
7. डाक का स्थान :— Block-C DRDA, सभाकक्ष, पलामू।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :—वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1:— दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या— 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:— दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त से संबंधित विस्तृत आम सूचना पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/—
उप विकास आयुक्त —सह—
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.327459 District(24-25):D

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, ऑटो भी जब्त

**कोईलवर**। गीधा पुलिस ने नेशनल हाइवे पर गीधा ओवरब्रिज के समीप ऑटो से लेकर जा रहे एक शराब धंधेबाज को 300 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धंधेबाज को जेल भेजा। इस बाबत गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शीला ने बताया कि ऑटो से शराब लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये 300 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक ऑटो भी जब्त किया गया है। पुलिस ने कारोबारी को खदेड़ कर हिरासत में लिया। तलाशी लिए जाने पर कुल 300 लीटर महुआ शराब व ऑटो जब्त किया गया तथा धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया।

### बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई में 5 ट्रक और 11 ट्रैक्टर जब्त

**आरा**। आरा अवैध बालू खनन के खिलाफ भोजपुर डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से संबधित थाना को करवाई के लिए आदेश दिया। जिसके बाद ईमादपुर, सदेहा और पीरों थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध बालू लदे पांच ट्रक और 11 ट्रैक्टरों को जब्त किया। एसपी प्रमोद कुमार यादव के द्वारा जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि पीरों एडीपीओ राहुल सिंह और खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में ईमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर बीहटा घाट से अवैध बालू लदे पांच ट्रक और दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर बिशुनपुर घाट से अवैध बालू लदे नौ ट्रैक्टर जब्त किए गए। पीरों थाना क्षेत्र से भी अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। सभी ट्रक और ट्रैक्टर बिना चालान एवं ओवरलोड थे। इस मामले में संबंधित थानाध्यक्षों की ओर से आगे की करवाई की जा रही है। पीरों एडीपीओ राहुल सिंह ने बताया की सूचना मिल रही थी कि ईमादपुर थाना क्षेत्र में स्थित बालू घाट पर अवैध खनन किया जा रहा है। उस आधार पर शनिवार की रात छापेमारी कर अवैध बालू लदे पांच ट्रक और दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। उसी दिन सुबह में पीरों इलाके में तीन ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया था। उन्होंने बताया कि अवैध खनन और परिवहन के मामले में अबतक सात चालकों को चिन्हित किया गया है। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही।

### 90% परीक्षार्थियों ने डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता में लिया भाग

**आरा**। शहर के 14 केंद्र पर रविवार को डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2024 हुई। परीक्षा में परीक्षार्थी की उपस्थिति 90% रही। यह परीक्षा दो पाली में संचालित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 11:15 बजे दोपहर 1:15 बजे तक हुई। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से 4:15 बजे तक हुई। परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले परीक्षार्थियों की गहन जांच परीक्षा केंद्र पर हुई। महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए चार उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी का गठन किया गया था। सभी परीक्षा केंद्र पर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई थी। परीक्षार्थियों पर नकेल कसने के लिए परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की भी तैनाती रही। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक् षक, जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ति दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। 14 केंद्र पर हुई प्रतियोगिता परीक्षा डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए शहर में 14 केंद्र बनाए गए थे। इनमें एसबी कॉलेज, एसबी प्लस टू स्कूल, एचडी जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू उच्च विद्यालय, टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय, हर प्रसाद दास जैन स्कूल, राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, मॉडल इंस्टीट्यूट प्लस टू विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय मीरगंज, डॉक्टर नेमीचंद्र कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, हरखेन कुमार ज्ञान स्थली विद्यालय, राजकीयकृत श्री जैन कन्या पाठशाला और अमीरचंद कन्या विद्यालय परीक्षा केंद्र पर परीक्षा हुई।

### भोजपुरिया जन मोर्चा की बैठक, 24 जून को धरना

**आरा**। भोजपुरिया जन मोर्चा दलित प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष ललन राम की अध्यक्षता में बंधन टोला पार्टी कार्यालय में बैठक की गयी। बैठक के क्रम सभा में हुई। सभा में मोर्चा सुप्रीमो भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि 24 जून को समाहर्ता के समक्ष वोटर पेंशन शीघ्र लागू करने, किसानों की बिचड़ा डालने में हो रही कठिनाई दूर करने के लिए तत्काल नहर में पानी देने, अस्पताल की कुव्यवस्था दूर करने, कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार खत्म करने, भूमिहीनों को आवास के लिए घोषित तीन डिसमिल जमीन का शीघ्र आवंटन करने, गरीबी के आधार पर आरक्षण देने के मुद्दों को लेकर धरना दिया जाएगा। बैठक में संसदीय बोर्ड अध्यक्ष जयनाथ सिंह, महासचिव डा. महेश कुशवाहा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. शीलभद्र, राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरखनाथ अकेला, जितेन्द्र सिंह, शकील अहमद आदि मौजूद थे।

### रघुनाथपुर में बिजली कटौती से आम जनमानस परेशान

**रघुनाथपुर**। रघुनाथपुर एक पावर ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से टारी बाजार, सहित समूचे पावर सब स्टेशन क्षेत्र में शनिवार के दिन से ही उमस भरी गर्मी में बिजली की भारी कटौती हो रही है। बिजली कटौती के बारे में जेई ने बताया कि पावर ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से बिजली की सप्लाई रोटेशन के आधार पर दी जा रही है जिस वजह से बिजली की कटौती हो रही है।

### पटखौलिया में दलित परिवार के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**बक्सर**। जिले के धनसोइ थाना क्षेत्र अंतर्गत समहुता पंचायत के पटखौलिया गांव में शनिवार को एक दलित महिला के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर मारपीट करने को लेकर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस मामले में धनसोई थाना पुलिस मामला दर्ज कर अनुसंधान कार्य में जुट गई है। इस मामले को लेकर पटखौलिया गांव के रहने वाले सुनील कुमार राम की पत्नी गीता देवी के द्वारा तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता के द्वारा बताया गया है कि अपने गांव से पश्चिम एक कुंआ के पास अपनी पति सुनील राम के साथ कुछ कार्य कर रही थी। तभी गांव के रामप्रवेश यादव के पुत्र चितरंजन यादव समेत अन्य तीन चार लोगों के साथ पहुंच कर मेरे पति को जाति सूचक शब्दों के साथ गाली देते हुए मारपीट करने लगे। जब मैं बीच बचाव करने पहुंची तो मेरे साथ भी मारपीट किया गया। इस दौरान गीता देवी ने मारपीट की वजह बताते हुए बताया कि कुछ दिन पहले हमारे भतीजे का तिलक था, जिसमें हमलोग अपने समाज का गाना बजा रहे थे। उस दौरान भी उक्त लोगों के द्वारा जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करते हुए अहिरान का गाना बजाने की धमकी दिया गया था। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि इस मामले में दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### सेंट्रल जेल में विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान मौत

**बक्सर**। सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन बंदी की मौत रविवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। जेल प्रशासन ने इसकी सूचना बंदी के परिजनों और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना के बाद टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के स्थानीय गांव के उमाशंकर चौधरी उर्फ उमा चौधरी एक मामले में सेंट्रल जेल में बंद था। मामला कोर्ट में चल रहा था। 18 जून को बंदी का तबीयत अचानक से खराब हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया था। पटना में इलाज के बाद बंदी को दुबारा जेल के अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। रविवार की सुबह बंदी की अचानक तबीयत दुबारा से खराब हो गई। बंदी को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर इलाज के दौरान बंदी की मौत हो गई। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

# अस्पताल में डॉक्टर की कमी से मरीज परेशान

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के चौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अपग्रेड करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। लेकिन, संसाधनों की कमी से अभी भी मरीजों को इधर-उधर निजी अस्पतालों में भटकना पड़ रहा है। साल 2022 में 7.34 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शुरू किया गया था, तो कहा गया था कि 30 बेड के बनने वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होगी। ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, सीएचसी के अनुरूप अधिक दवाओं की व्यवस्था होगी। उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।लेकिन, संसाधन की कमी से मरीजों को छोटे-छोटे जांच के लिए इधर-उधर भटकना पड रहा है।

**डॉक्टरों की तैनाती कम:** चौसा सीएचसी में प्रतिदिन लगभग 100 से 150 मरीजों का इलाज होता है। कभी-कभी यह संख्या बढ़ भी जाती है। वैसे तो इस अस्पताल में अभी मात्र चार डॉक्टर ही ड्यूटी पर कार्यरत हैं। इनमें एक प्रभारी चिकित्सक है, जिनके ऊपर डॉक्टर के अलावा अन्य विभागीय कार्यों में व्यस्तता रहती है। एक दंत चिकित्सक है, तो वहीं दो और डॉक्टर है। मानक की बात की जाए, तो चार डॉक्टर इस हॉस्पिटल के लिए फिलहाल चाहिए। नहीं तो, स्वाभाविक है कि डॉक्टरों के अभाव में मरीजों का इलाज प्रभावित होगा। इसके अलावा महिला डॉक्टर, जीएनएम और ड्रेसर और फार्मासिस्ट का पद खाली होने से डिलीवरी का कार्य नर्स, तो ड्रेसर का कार्य एम्बुलेंस कर्मी तो कभी डेटा ऑपरेटर करते दिखाई देते है।

**ऐक्सरे-अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैनर का रूम खाली:** चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने लोगो को काफी उम्मीदें जगी थी। लेकिन डीएम के दिशा निर्देश पर बनकर तैयार किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज शुरू कर दिया गया है। सुविधा के नाम पर ऐक्सरे ,अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन के लिए बनाए गए कमरे मशीन के अभाव में खाली पड़ा हुआ है। जिससे सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को होती है। उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए हॉस्पिटल के समीप खोले गए निजी केंद्र या बक्सर जिला मुख्यालय का सहारा लेना पड़ता है जो मनमानी पैसा वसूलते है। जो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार पर यह एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ है।

**क्या कहते है चिकित्सा प्रभारी:** वही इस संबंध में जब चिकित्सा प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्टाफ की कमी को लेकर उच्च अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया है। इसके साथ ही जिला में होने वाले मीटिंग में भी इसके बारे में जानकारी दिया जाता है।

## दुर्व्यवहार का विरोध करने पर दंपती की पिटाई



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नया गांव में रविवार को महिला से दुर्व्यवहार का विरोध करने पर गांव के युवकों ने पति-पत्नी को लाठी-डंडे से पीटा था। पड़ोसियों की मदद से मामले को शांत कराया गया और जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां दोनों का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी रामेश्वर महतो के 40 वर्षीय पुत्र गणेश महतो और उनकी पत्नी छोटी देवी (35) है। इधर, जख्मी छोटी देवी ने बताया कि उनके पटीदार के बहू से दुर्व्यवहार किया जा रहा था। इसी बीच मेरे पति वहां पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मना किया तो गांव के युवकों गाली-गलौज शुरू कर दिया। इसके बाद युवक अपने अन्य साथियों को बुलाने के लिए चले गए। कुछ देर बीतने के बाद युवक घर पर आए और लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की गई। जान से मारने की धमकी भी दी। पटीदारों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वही ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि गणेश महतो के सिर में काफी गंभीर चोटे आई है। दोनों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया। मारपीट की घटना के बाद पीड़ित दंपती ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

## बिजली मिस्त्री की संदिग्ध हालत में मौत, बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र की घटना

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में मछली को चारा डाल रहे 32 वर्षीय किसान अजीत कुमार की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। घटना को लेकर गांव में हत्या की चर्चा की जा रही है। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की माने तो युवक की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। हांथ में जले जैसा होने का निशान है। जानकारी के अनुसार रामपुर गांव निवासी जगदीश सिंह के 30 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार मछली पालन करता था। उसी को चारा डालने के लिए गया था। वहीं चार घंटे बाद भी जब वह घर खाना खाने के लिए नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन के लिए पहुंचे। इस बीच उसके शव को खेत के पास पाया। परिजनों ने बताया की चार साल पहले भी जानलेवा हमला किया गया था। दरअसल युवक ने पड़ोस के रहने वाली लड़की से प्रेम विवाह किया था। कुछ ही दिन बाद लड़की ने जहर खाकर आत्म हत्या कर लिया था। मामले में यह जेल भी गया था। बाहर आने पर गुस्साए लोगों ने इस पर हमला किया था। उस समय यह बच गया था। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि जांच की जा रही है।

> मछली को चारा डालने निकला था

## प्रसव के समय महिला की मौत, जिंदा बताकर पटना किया रेफर, आरा सदर अस्पताल में बेटी को दिया था जन्म

निज संवाददाता। आरा




आरा सदर अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। लेकिन, डॉक्टरों ने उसे जिंदा बताकर पटना रेफर कर दिया। परिजनों ने महिला को पटना के सगुना मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां इमरजेंसी वार्ड के गेट पर 6 घंटे जमकर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलने के बाद टाउन थाने के ASI अरविंद कुमार, दरोगा सुमंत कुमार और नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत मौके पर पहुंचे। परिजनों को कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। मृतका की पहचान संदेश थाना क्षेत्र के तापा बचरी गांव निवासी रविंद्र कुमार सिंह की पत्नी इंदू देवी (24) के रूप में की गई।

**प्रसव पीड़ा होने पर रविवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया:** मृतका के पति रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पत्नी प्रसव पीड़ा से परेशान थी। रविवार की शाम आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। महिला डॉक्टर ने जांच लिखा। जांच रिपोर्ट में 11 पॉइंट हीमोग्लोबिन बताया गया। प्रसूति विभाग के नर्स ने कहा, आप लोग जल्द से जल्द ऑपरेशन करा लीजिए, नहीं तो डॉक्टर चली जाएंगी। पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। नवजात बच्ची को दिखाने डॉक्टर के पास गए। इसी दौरान प्रसूति विभाग में कार्यरत कर्मी पत्नी को एंबुलेंस में चढ़ाने लगे। कहा- स्थिति ठीक नहीं है।

**बिना कोई प्रक्रिया पूरी किए किया रेफर:** रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एंबुलेंस पर बैठाने के दौरान पत्नी को छूकर देखा तो वह मर चुकी थी। लेकिन, स्वास्थ्यकर्मी जिंदा बता रहे थे। बिना कोई प्रक्रिया पूरी किए पटना रेफर कर दिया। पत्नी को लेकर पटना पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविंद्र ने डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जून 2021 को शादी हुई थी। नवजात बच्ची हमारी पहली संतान है।

**जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई:** आरा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान एक प्रसूता की स्थिति गंभीर हो गई थी। डॉक्टर ने उन्हें पटना रेफर कर दिया था। बाद में उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरा सदर अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। उन्होंने कहा कि परिजनों के आरोप पर एक जांच टीम गठित की है। इस टीम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शत्रुध्न हत्याकांड मामले में केस दर्ज, बालू-हाइवा को लेकर गांव के युवकों से हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा पंचायत के रतनपुर बथानी टोला में आपसी विवाद में शत्रुधन यादव को गोली मार हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता सुरेंद्र यादव के बयान पर मुख्य आरोपी कौशल यादव समेत 10 नामजद हत्या के आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इधर, पुलिस ने एक लोडेड पिस्टल बरामद किया है। इसमें 5 गोली लोड था। वहीं, 1 युवक को संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। हालांकि, पुलिस ने जांच का विषय बता कर हिरासत में लिए गए संदिग्ध का नाम नहीं उजागर किया है। शुक्रवार को शत्रुध्न की हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपी कौशल यादव के घर पर हमला कर दिया। हालांकि, घटना के बाद कौशल के स्वजन घर छोड़ फरार हो गए थे। आक्रोशित लोगों ने कौशल के मकान के पास रखे 3 बाइक, 1 ट्रक और 2 पुस का घर को आग के हवाले कर दिया। इसे लेकर गांव में तनाव बना हुआ है। घटना को लेकर पुलिस गांव में गश्त बढ़ा दिया है। चांदी थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि घटनास्थल से लोडेड पिस्टल बरामद किया गया है। घटना के बाद से आरोपी कौशल यादव के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। मालूम हो कि शुक्रवार की रात चांदी थाना क्षेत्र के रतनपुर के बथानी टोला में आपसी विवाद को लेकर सुरेंद्र यादव के बेटे शत्रुध्न यादव को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। शुरुआती जांच में बालू और हाइवा गाड़ी को लेकर शत्रुध्न यादव का गांव के युवक से विवाद हुआ था। उसी को लेकर शुक्रवार रात लगभग पौने 9 बजे घर के पास बुला कर गोली मार हत्या कर दी गई थी। मृतक शत्रुध्न यादव जलपुरा मुखिया कसमुद्दीन का स्कार्पियो का चालक था।

> ◆ घर पर चढ़कर हथियारबंद बदमाशों ने मारी थी गोली

## हत्याकांड में एक की गिरफ्तारी, 5 की तलाश जारी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा पंचायत के रतनपुर बथानी टोला गांव निवासी शत्रुघ्न यादव की गोली मारकर हत्या की गई थी। मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी समेत अन्य की तलाश जारी है। पकड़ा गया आरोपित मुन्ना कुमार यादव रतनपुर बथानी टोला गांव का निवासी है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस कांड में एक देसी पिस्टल, 5 कारतूस और 3 खोखा बरामद किया गया है।

**अवैध धंधे का विरोध करने पर हत्या का आरोप:** एसपी ने कहा कि अवैध धंधे का विरोध करने पर हत्या का आरोप है। रतनपुर बथानी टोला निवासी शत्रुघ्न यादव 21 जून की रात बाजार से लौटने के बाद अपने घर पर थे। इसी दौरान गांव के आठ-दस आरोपित गाली-गलौज करते हुए घर तक पहुंचे और शत्रुघ्न यादव को कुछ दूरी पर ले जाकर पीटने लगे। मारपीट के दौरान कौशल यादव ने विशाल को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। इसे लेकर मृतक के पिता सुरेन्द्र यादव ने दस के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पिता का आरोप है कि अवैध शराब बिक्री का विरोध करने पर हत्या की गई है। इस दौरान आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम ने छापेमारी कर मुन्ना कुमार को पकड़ा। इस दौरान देसी पिस्टल, पांच गोली और तीन खोखा भी बरामद किया गया। टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार, दारोगा रामवीर शर्मा समेत संदेश थाना और डीआईयू के पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## छापेमारी अभियान में 32 आरोपियों की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा



कांड में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा। जिसमें 32 की गिरफ्तारी हुई। जिसमें कि हत्या में 1, हत्या के प्रयास में 2, वारंट में 11 और शराब मामले में 17 धराए हैं। अभियान के दौरान 13 अवैध्र शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 320 लीटर शराब बरामद की गई। 9 सौ लीटर शराब नष्ट की गई। करीब 11 वारंट का निष्पादन किया गया। 810 वाहनों की जांच में डेढ़ लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। 5 ट्रक, 12 ट्रैक्टर और 1 ऑटो जब्त किया गया। नवादा थाना पुलिस ने एक अपहता को भी बरामद किया है। मुफस्सिल थाना पुलिस ने दो वारंटी को पकड़ा। टाउन थाना पुलिस ने सिंगही ओवरब्रिज के पास से करीब 10 लीटर देसी शराब के साथ मोहन महतो को गिरफ्तार किया। भोजपुर जिले में अवैध खनन व परिवहन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शनिवार की रात पीरो के इमादपुर के अलावा संदेश व चांदी में सघन अभियान चलाया गया, जिसमें 16 वाहनों को जब्त किया गया। इसकी जानकारी रविवार को एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि अवैध बालू खनन व परिवहन की शिकायत मिली थी।

## शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई टीम पर पत्थरबाजी, गांव में घुसते ही क्रिकेट खेल रहे लड़कों ने किया हमला

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला दिया। पुलिस गांव में घुस ही रही थी कि क्रिकेट खेल रहे कुछ लड़कों ने टीम पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिसमें अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष समेत आठ पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिया। थानाध्यक्ष समेत छह का इलाज पीरो पीएचसी में कराया गया और दो को सदर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खन्नी कला गांव का है।

**इन्हें लगी चोट:** घायलों में अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, दारोगा गोरेलाल कुमार, सिपाही अशोक मिश्रा, अजय पासवान, विकास कुमार राय, प्रिंस कुमार, उदय नारायण यादव, गांधीनाथ पाठक और अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के बाघओल नारायणपुर गांव निवासी स्व. गौरी शंकर के 55 वर्षीय पुत्र और दफादार विजय कुमार सिंह शामिल हैं। रविवार की देर शाम अगिआंव बाजार थाना टीम और सीआईएटी की संयुक्त टीम अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई थी। छापेमारी के दौरान जब टीम खन्नी कला गांव पहुंची। तभी वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीण ने टीम पर पत्थरबाजी की गई।

**सभी को चिह्नित किया जा रहा:** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पीरो अनुमंडल अंतर्गत अगिआंव बाजार पुलिस और सीआईएटी की संयुक्त टीम ने कुछ जगहों पर छापेमारी की थी। पत्थरबाजी में थाना के दफादार विजय और एक सिपाही के सिर पर पत्थर हल्की चोट आई है। पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर ली है। कुल चार लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। पुलिस पर हमले से संबंधित अन्य लोगों को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

> ● थानाध्यक्ष समेत 8 पुलिसकर्मी जख्मी

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों ने किया मुंगेर बौद्धिक मंच का गठन

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के शोधार्थी सुमित कुमार की अध्यक्षता में मुंगेर में शोध छात्र-छात्राओं ने रविवार को मुंगेर बौद्धिक मंच की स्थापना की। बैठक में सुमित ने कहा कि वर्तमान समाज, राजनीति, धर्म और संस्कृति को समझने के लिए अपने अतीत का वैज्ञानिक अध्ययन बेहद जरूरी है। इतिहास का निष्पक्ष अध्ययन, अध्यापन और शोध अत्यंत आवश्यक है। हाल के सालों में हम देख रहे हैं की सोशल मीडिया के जरिए इतिहास को तोड़- मरोड़ के परोसा जा रहा है। विकृत इतिहास भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति में द्वेष पैदा कर रहा है।

### 28 जून तक मिलेगा ऑन स्पॉट दाखिला का मौका

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय डिग्री कोर्स, सत्र 2024-28 में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें आवेदन के बाद दूसरे मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन चल रहा था। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि करीब 43 हजार छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए तीनों संकाय में 31 मई तक आवेदन किया है। जिसके बाद 1 और 2 जून को आवेदन प्रपत्र की त्रुटियों को शुद्ध करने का मौका दिया गया था। उसके बाद 4 जून का प्रथम मेरिट लिस्ट जारी किया गया। इस दौरान तीन मेरिट लिस्ट जारी किए जाएंगे। उसके बाद 26 से 28 जून तक नए आवेदन के साथ ऑन स्पॉट नामांकन का छात्र-छात्राओं को मौका दिया जाएगा। 31 मई तक किसी कारण से आवेदन से वंचित रह गए छात्र-छात्राओं को ऑन स्पॉट नामांकन के तहत नए आवेदन के साथ ऑन स्पॉट नामांकन का मौका मिलेगा। ऑन स्पॉट में फ्रेश आवेदन के साथ नामांकन होगा। उसके बाद अंत में 29 जून से 06 जुलाई तक इस सत्र के छात्र-छात्राएं इस सत्र में पंजीकरण करा सकेंगे।

### विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने से हर्ष

**मुंगेर।** विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने से जिले के खेल प्रेमियों में खुशी व्याप्त है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदीति स्वामी और प्रणीत कौर की कंपाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मिरी मैरिटा पास और मैरिस टेटसमैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कंपाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और मई में येचिओन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे। इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है। तीरंदाज प्रेमी अशोक कुमार शर्मा, कृष्णानंद, जय प्रकाश पंडित, प्रवीण शंकर सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, जैनुल आबेदीन, छोटे लाल, अशोक सिंह चौहान, अरुण कुमार, शिवलाल रजक आदि ने तीनों खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है।

### 345 में 125 नलकूप खराब, खेती पर संकट

**भागलपुर।** जिले में किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए लघु सिंचाई विभाग द्वारा 345 नलकूप लगाये गये थे ताकि किसानों को पटवन में परेशानी न हो, लेकिन लघु सिंचाई विभाग की उदासीनता के कारण किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। इसमें करीब आधे नलकूप लंबे समय से बंद पड़े हैं। इसको लेकर करीब तीन माह पहले डीएम ने जिले के कई अधिकारियों से नलकूपों की जांच कराई थी। इसमें सभी प्रखंडों में कई पंचायतों में नलकूप बन्द पड़ा मिला था। साथ ही लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को सभी बंद पड़े नलकूप चालू कराने का निर्देश दिया था, पर कई बंद हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। नतीजा है कि बारिश नहीं होने के कारण इलाके के किसान धान का बिचड़ा तक की बुआई पूरी नहीं कर सके हैं। अभी खेती के लिए पटवन की सख्त जरूरत है। नलकूप बन्द होने से किसानों को खेत में पटवन करने में बहुत दिक्कत हो रही है। सुल्तानगंज के किसान सिकन्दर कुमार ने बताया सरकारी बोरिंग से खेत पटवन करने में कम पैसा लगता था। अभी डीजल से पटवन करने में 200 से ढाई सौ रुपए प्रति घंटा लगता है। शाहकुंड प्रखंड की दरियापुर पंचायत के किसान अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि इस इलाके में खेतों की पटवन की समुचित व्यवस्था नहीं है। इस इलाके से अंधरी नदी गुजरती है व भी सूखी है। नाथनगर के भतोड़िया, विशनरामपुर, बेलखुरिया, कजरैली समेत कई इलाकों के नलकूप ठप पड़ा है। जिले में अधिकांश नलकूप यांत्रिक दोष, विद्युत दोष, सयुंक्त दोष समेत अन्य जैसे पानी का लेयर कम हो जाने से ठप पड़ा है। लघु सिंचाई विभाग के अभियंता ने बताया कि कई ऐसे नलकूप हैं जो कई दिनों से बन्द है जो चालू नहीं हो सकता है। इसको लेकर विभाग ने विभिन्न इलाकों के ऐसे नलकूप को चिह्नित कर उसे कंडम घोषित करने की तैयारी में जुटा है। जिले में लगभग 30 से ज्यादा नलकूप ऐसे हैं जो बहुत ज्यादा खराब है। पैसे के अभाव में ही जिले में 125 नलकूप बंद पड़े हैं। जितना पैसा मिला था उसके हिसाब से नलकूपों को ठीक कराया गया और कुछ जगह पर ठीक कराया जा रहा है। सभी नलकूपों की निगरानी का जिम्मा पंचायतीराज विभाग के पास है। इसकी देखरेख पंचायत के मुखिया करते हैं। अब किसी भी नलकूप की मरम्मत या जो भी अन्य खर्च होगा, उसकी राशि सीधे मुखिया के खाते में आएगी। सरकार अब किसानों को निजी नलकूप के लिए सब्सिडी भी दे रही है।



### मौसम का मिजाज फिर पलटा कई जिलों में हीट वेव का अलर्ट

**भागलपुर।** बिहार में मौसम के मिजाज फिर पलट गया। दो-तीन दिनों की राहत के बाद मौसम विज्ञान विभाग की ओर से कई जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी करना, पटना समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में हॉट-डे और उमस भरी गर्मी का पूर्वानुमान यही बताता है। सोमवार को रोहतास, औरंगाबाद समेत चार जिलों में लू की चेतावनी है। वैशाली, डेहरी, भोजपुर, औरंगाबाद, गोपालगंज, अरवल, विक्रमगंज, मुंगेर, बक्सर ओर शेखपुरा का अधिकतम पारा 40 डिग्री से अधिक रहा। वैशाली में रविवार को सीवियर हीट वेव की स्थिति रही।मानसून ने राज्य में दस्तक तो 20 जून को ही दे दी लेकिन रफ्तार में ही ठिठका हुआ है। पूरा बिहार कवर नहीं हुआ है। प्री-मानसून बारिश तो हुई ही नहीं। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले तीन-तीन दिनों में बिहार के कई हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल स्थिति बनी हुई है। अगले 24 घंटे में तापमान में कोई खास बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। इसके बाद पारा 4 डिग्री तक गिरेगा। पटना में उमसभरी गर्मी रहेगी। भागलपुर में तापमान गिर रहा है पर उमस जारी है।

### नीट पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**मुंगेर।** मुंगेर में रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा विधायक डॉ संजीव चौरसिया पहुंचे। इस दौरान मकससपुर स्थित भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले दस सालों में 170 से अधिक योजना का क्रियान्वयन कर समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के उत्थान का प्रयास किया है। इसका लाभ देश की जनता को मिल भी रहा है। भाजपा के शासनकाल में लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। वहीं नीट पेपर लीक मामले में उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नीट के डीजी को हटाया गया है, एक-एक कर सभी दोषियों की पहचान कर उन्हें कानून के दायरे में लाया जाएगा। उनकी जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुंगेर विधायक प्रणव कुमार, विधान पार्षद लाल मोहन गुप्ता, जिलाध्यक्ष अरूण कुमार पोद्दार आदि मौजूद थे। बता दे कि इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया।



# ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध मौत, पेट में दर्द के बाद तोड़ा दम

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में सोमवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना सनोखर थाना क्षेत्र के कुशाहपुर गांव की है। बताया जा रहा है कि पेट में दर्द होने के बाद अचानक विवाहिता ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी ससुराल वालों ने मृतका के परिजनों को दी। सूचना के बाद परिजन ससुराल पहुंचे और ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। मरने वाले की पहचान सोनू अंसारी की पत्नी खुशबू खातून (26) के रूप में की गई है। कुशाहपुर गांव निवासी सिराज अंसारी के पुत्र सोनू अंसारी से 6 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। सोमवार को पेट में अचानक दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। ससुराल वालों का कहना है कि रात से ही पेट में दर्द हो रहा था, सोमवार उसकी मौत हो गई । वहीं, लड़की पक्ष के लोगों का कहना है कि मेरी बेटी की हत्या की गई है। इधर, घटना के जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। लड़की के परिजनों ने ससुराल पहुंच जमकर हंगामा किया।



**ससुर को कहा था परेशानी है तो बेटी को भेज दीजिए:** मृतका की मां ने बताया कि बेटी बार-बार कहती थी कि ससुराल में विवाद होता है। विवाद के कारण ससुर सोनू अंसारी को हमने कहा था कि अगर हमारी बेटी से कोई दिक्कत होती है तो मेरे पास पहुंचा दीजिएगा। लेकिन आज हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाया। वरीय वैज्ञानिक सहायक बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की तैयारी में जुट गई है।

❑ मायके वालों का आरोप, गला दबाकर हत्या की गई

# भागलपुर नगर निगम बोर्ड की आज होगी बैठक

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर नगर निगम बोर्ड की आज निगम सभागार में बैठक होगी। इसमें सड़क, नाली, पानी समेत शहर के विकास संबंधी विभिन्न योजनाओं को मंजूरी मिलेगी। सशक्त स्थायी समिति की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। वहीं, इसके अलावा पार्षदों की ओर से अपने-अपने वार्डों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 51 प्रस्ताव दिए गए हैं। बैठक में नगर निगम के नए भवन, विभिन्न इलाकों में डीप बोरिंग और प्याऊ, नाली एवं सड़क, हथिया नाले के पक्कीकरण एवं उस पर-दुकान व पार्किंग स्थल का निर्माण, समेत विभिन्न योजनाओं को लेकर मंजूरी मिलने की संभावना है।

**इससे पहले 38 पार्षदों के साथ मीटिंग हुई थी:** वहीं, नगर निगम के कर्मचारियों के भ्रष्टाचार संबंधी मामले पर भी फिर से हंगामा होने के आसार हैं। हालांकि इस दौरान नगर आयुक्त ने उच्चस्तरीय जांच कमेटी से जांच कराने के बाद आगे कार्रवाई करने की बात कही थी। इन सब मसलों को लेकर बोर्ड बैठक के हंगामेदार रहने की आशंका है। इससे पहले मेयर ने 38 पार्षदों के साथ एक होटल में मीटिंग की थी।।




● नाली-पानी समेत शहर के विकास संबंधित विभिन्न योजनाओं को मिलेगी मंजूरी, पार्षदों ने 51 प्रस्ताव दिए

# हथियार और मैगजीन के साथ तस्कर गिरफ्तार



**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर के पूरब सराय थाना की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक हथियार तस्कर को दो देसी कट्टा और दो मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि गिरफ्तार हथियार तस्कर की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कटारिया काली स्थान निवासी दिनेश तांती के बेटे हीरालाल के रूप में की गई है। वहीं गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। वहीं आगे बताया कि सूचना मिली थी कि युवक हथियार के साथ डीजे कॉलेज रोड होते हुए अंबे चौक की ओर जा रहा है। इसके बाद सदर एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर पूरबसराय थाना की पुलिस ने अंबे चौक पर वाहन चेकिंग अभियान लगाया। गिरफ्तार आरोपी कहां से हथियार लाकर किसको डिलीवरी करने जा रहा था। इसकी जानकारी मिली है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पर्यवेक्षण गृह से फरार एक किशोर ने किया सरेंडर, मुंगेर में 17 जून को 4 किशोर गार्ड से मारपीट कर भागे थ

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्यवेक्षण गृह से 17 जून की अहले सुबह भागे चार किशोर में से एक ने पर्यवेक्षण गृह में अपने पिता और वकील के साथ आकर आत्म समर्पण कर दिया। आत्म समर्पण करने वाले किशोर लखीसराय जिला का रहने वाला है। इसकी पुष्टि पर्यवेक्षण गृह के पदाधिकारी और कोतवाली थानाध्यक्ष ने की है। जबकि, तीन किशोर अभी फरार चल रहे हैं। इनमें लखीसराय के दो और मुंगेर जिला अंतर्गत सफियाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला एक किशोर है। इधर, फरार किशोर के वापस नहीं आने के कारण एक ओर जहां पर्यवेक्षण गृह के पदाधिकारियों की मुश्किलें बढ़ रही है, तो वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन भी फरार किशोर को खोजने में लगे हुए है। मुंगेर और लखीसराय के एसपी ने फरार किशोर की खोजबीन करने के लिए विभिन्न थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है। बावजूद एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अब तक फरार किशोर की तलाश पुलिस नहीं कर पाई है। पर्यवेक्षण गृह से फरार तीन किशोर के वापस नहीं आने के बाद विभागीय अधिकारी परेशान है।



**17 जून की अहले सुबह फरार हुए थे चार किशोर:** बता दें कि 17 जून की अहले सुबह लगभग 3 बजे पर्यवेक्षण गृह में बंद चार किशोर पहले बाथरुम जाने के लिए सुरक्षा गार्ड को वार्ड का मुख्य दरवाजा खोलने के लिए कहा। इसके बाद किशोर की बातों में आकर सुरक्षा में लगे गार्डन संजय कुमार ने वार्ड के मुख्य दरवाजे को खोल दिया और चार किशोर को बाथरूम करने के लिए परिसर में लेकर जाने लगे। इस बीच किशोर ने अपनी प्लानिंग के तहत मौका का फायदा उठाते हुए सुरक्षा गार्ड के मुंह पर गमछा बांध दिया और उसे बाथरूम की तरफ ले जाकर मारपीट किया। उसके बाद बाथरूम के अंदर उसे बंद कर दिया। इसके बाद पर्यवेक्षण गृह के कार्यालय में रखा चाबी को लाकर बाहर जाने वाली मुख्य दरवाजे के चाभी लेकर आया और वार्ड के मुख्य दरवाजे को बाहर से ताला मार दिया और फरार हो गया।

**तीन की तलाश जारी:** इसके बाद 17 जून की सुबह कोतवाली थाना में पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक द्वारा लिखित रूप से आवेदन देते हुए फरार किशोर को खोजने की पुलिस से गुहार लगाया गया। जबकि, इस मामले को लेकर मुंगेर और लखीसराय एसपी को भी आवेदन के माध्यम से जानकारी दी गई है। पर्यवेक्षण गृह मुंगेर के अधीक्षक प्रणय कुमार ने बताया कि 17 जून की अहले सुबह चार किशोर पर्यवेक्षण गृह के अंदर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट कर फरार हो गया था। जिसमें से तीन लखीसराय और एक मुंगेर का रहने वाला है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 21.06.2024;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: टीएन-95-24-25; कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/सियालदह के क्षेत्राधिकार के अधीन मानक गैंग हट के नव निर्माण के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 70,56,058.35; **ईएमडी:** रु. 1,41,100.00; **कार्य समापन अवधि:** 06 (छह) महीने। **क्रमांक 2; निविदा सं.: टीएन-96-24-25; कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/सियालदह के क्षेत्राधिकार के अधीन अल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी पद्धति द्वारा रेल ज्वाइंटों की वेल्डिंग के साथ वेल्डिंग हिस्से की आपूर्ति तथा पर्यवेक्षण। **निविदा मूल्य:** रु. 53,51,757.80; **ईएमडी:** रु. 1,07,000.00; **कार्य समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों निविदाओं के लिए 16.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** दोनों निविदाओं के लिए 16.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-97/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पांच साल बाद पति को मिला न्याय, मुंगेर में उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर में पांच साल बाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक पीड़ित को न्याय दिलाते हुए उसे भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से 3.66 लाख 600 रुपये का चेक सौंपा। यह चेक पीड़िता के पति नवल किशोर यादव को सौंपा गया। उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के खिलाफ पांच सितंबर 2019 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में केस दर्ज कराया था। बताते चलें कि कासिम बाजार थाना क्षेत्र के चंदन बाग निवासी सेवानिवृत्त सैनिक नवल किशोर यादव ने अपनी पत्नी कल्पना देवी के नाम से 28 दिसंबर 2016 को दो लाख रुपये का जीवन बीमा करवाया था। उन्होंने दो साल तक बीमा पालिसी के तहत 17 हजार 998 रुपये प्रीमियम के रूप में जमा किया। वहीं पांच सितंबर 2017 को कल्पना देवी के पेट में दर्द हुआ। इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए उसे जमालपुर रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान कल्पना देवी की की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद नवल किशोर यादव ने भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमित राशि भुगतान का दावा किया। इस पर भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से शाखा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रबंधक ने 19 जनवरी 2019 को यह कहते हुए दावा राशि भुगतान से इनकार कर दिया कि मृतका को पहले से बीमारी थी और इसे छिपा कर आपने बीमा करवाया था। इसके बाद पीड़ित नवल किशोर यादव ने भारतीय जीवन बीमा निगम के खिलाफ पांच सितंबर 2019 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में केस दर्ज कराया। अब लगभग पांच साल बाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके साथ ही भारतीय जीवन बीमा निगम को आदेश दिया कि वह बीमित राशि दो लाख रुपए पर 10 प्रतिशत ब्याज के साथ पीड़ित को भुगतान करे। इसके साथ ही आवेदक को मानसिक प्रताड़ना के लिए 50 हजार व बाहरी खर्च के तौर पर 25 हजार रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया।



❑ जीवन बीमा निगम को देने पड़े 3.66 लाख

# भागलपुर के राजवीर टावर में लगी आग, शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगी आग

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के तिलकामांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजवीर टावर के ए ब्लॉक में शॉर्ट सर्किट होने के वजह से आग लग गई। आग की जानकारी मिलते ही लोगों के बीच अफरा-तफरी माहौल हो गया। अपार्टमेंट के लाइट जाने के बाद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आनन फानन में लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। घटना की जानकारी लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम को दी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक अपार्टमेंट के लोगों के मदद से आप पर काबू पा लिया गया था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजवीर टावर के ए ब्लॉक के बिजली रूम में शॉर्ट सर्किट होने के वजह से आग लग गई। हादसे में कोई हताहत होने की जानकारी नहीं है। हमारे समाचार लिखे जाने तक आप पर काबू पा लिया गया था। ।अपार्टमेंट के लोगों ने बताया कि अचानक ए ब्लॉक का लाइट कट गया लाइट जनरेट करने वाले रूम से धुआं निकल रहा था। जिससे की हमलोग को जानकारी हुई। इसके बाद हम लोगों ने में मैन फेज से लाइट काटकर आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को भी दी थी। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।



◆ लोग गर्मी के कारण हुए परेशान

# पार्षदों की नाराजगी, कहा- यहां कोई सुनता ही नहीं

**भागलपुर ।** सामान्य बोर्ड की बैठक से पहले रविवार की देर शाम मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने पटल बाबू रोड स्थित शहर के एक होटल में पार्षदों संग बैठक की। इसमें फरवरी में हुई बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों के अनुपालन पर चर्चा करने पर सहमति बनी। मेयर ने पार्षदों से हाथ उठवाकर पूछा कि जब हमलोग अपने-अपने दम पर चुनाव जीत कर यहां तक पहुंचे हैं तो विकास के मुद्दे पर एकजुटता भी होनी चाहिए। कुछ पार्षदों ने कहा कि अगर निगम प्रशासन फूट डालो और राजनीति करो के सिद्धांत पर चल रहा है तो हमलोगों को विचार करना चाहिए। वार्ड 25 के पार्षद गोविंद बनर्जी ने कहा कि हमलोग अपनी समस्या लेकर जब मेयर के पास जाते थे तो कहा जाता था कि नगर आयुक्त से मिलिए। यही वजह रही कि हमलोग सीधे उनसे ही मिलकर अपना काम करवाने जाने लगे। स्थायी समिति की बैठक की सूचना भी नहीं मिलती। सदस्य ही अपने वार्डों का अधिकतर एजेंडा दे देते हैं, जबकि स्थाई समिति पूरे शहर के लिए है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**मालदा मंडल के तहत पार्किंग लॉटों के संचालन के लिए संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102, पश्चिम बंगाल (नीलामी संचालन अधिकारी) ने निम्नलिखित कार्य के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया है। **कार्य का नाम:** मालदा मंडल के तहत पिरपैंती स्टेशन में पार्किंग लॉटों का संचालन। ● **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पार्किंग-2024-07, ● **नीलामी शुरू:** 08.07.2024 को पूर्वाह्न 11.45 बजे। ● **लॉट नं.:** पार्किंग-2024-07। ● **स्टेशन:** पिरपैंती। आगे के विवरण के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (MLD-56/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 21.06.2024;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर झलझलिया, जिला मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक (1): ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_05_ओटी, दिनांक 20.06.2024; कार्य का नाम:** वर्कशॉप रेलवे अस्पताल जमालपुर में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली का कार्यान्वयन। **निविदा मूल्य:** रु. 12,31,281/-। **बयाना राशि:** रु. 24,600/-। **क्रमांक (2): ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_06_ओटी, दिनांक 20.06.2024; कार्य का नाम:** खुली निविदा के आधार पर ओईएम/अधिकृत डीलर के माध्यम से सीमेन्स निर्मित विभिन्न एमएसडीएसी कार्डों की वार्षिक मरम्मत संविदा (एआरसी)। **निविदा मूल्य:** रु. 74,72,894/-। **बयाना राशि:** रु. 1,49,500/-। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 28.06.2024 से 12.07.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्ट:** वेबसाइट **www.ireps.gov.in,** सूचना पट्ट: सीनियर डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। **(MLD-53/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ मुखर्जी के विचारों को जन जन तक पहुचाने में लगे हैं पीएम : विधायक



**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** निज संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ निषाद की अध्यक्षयता में मनाया। मौके पर विधायक ई शैलेन्द्र ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी के विचारों को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। उनकी इच्छा थी कि देश में एक विधान एक संविधान होने के साथ ही कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बने। जिला महामंत्री मुकेश राणा, सुबोध सिंह कुशवाहा, प्रो भोला कुंवर, अधिवक्ता अजीत कुमार, रंजीत झा, रवि कुमार, पंकज शर्मा, कमलनाथ आदि मौजूद रहे।

### कहलगांव में 70 हजार की आबादी तीसरे दिन भी रही प्यासी

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** नगर पंचायत की उदासीनता की वजह से शहर की 70 हजार की आबादी को तीन दिनों से पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शहरी जलापूर्ति बाधित होने से त्राहिमाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उमस भरी भीषण गर्मी में जलापूर्ति के लिए लोगों को दरबदर भटकना पड़ रहा है। गंगा नदी, चापाकल और बोतलबंद पानी से लोग काम चलाने को मजबूर हैं। तीन दिन पूर्व कुलकुलिया पंप हाउस के वॉल्ब में खराबी होने के कारण और ट्रांसफार्मर जलने की वजह से शहरी जलापूर्ति बाधित हो गई है। बिजली विभाग द्वारा रविवार की सुबह नए ट्रांसफार्मर को इंस्टॉल कर दिया। लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता की वजह से तीन दिन बाद भी ना तो वॉल्व की मरम्मत हुई न इसे बदलने की कवायद शुरू की जा सकी है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति शहर के पूर्वी भाग शिवकुमारी पहाड़ और इसकी तराई में बसे वार्ड 14,15,16 एवं 17 की है। उक्त चारों वार्ड में नल जल योजना भी संचालित नहीं है। इस संदर्भ में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश कुमार सिन्हा ने बताया कि भीषण गर्मी में जलापूर्ति बाधित होना गंभीर मामला है। सोमवार को खुद खड़े होकर वॉल्व की मरम्मत कराकर जलापूर्ति शुरू कराएंगे। वहीं नल जल योजना के सुचारु संचालन को लेकर पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी से भी बात करेंगे।

### डिप्लोमा सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न, कई रहे अनुपस्थित

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद पटना की ओर से दो दिनों से चली डिप्लोमा सर्टिफिकेट परीक्षा का समापन रविवार को हो गया। परीक्षा 18 केंद्रों पर ली गयी। पहली पाली में कुल 8085 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। जबकि 594 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। वहीं दूसरी पाली में 7321 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है और 1025 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। रविवार को कुछ जगहों पर विलंब से आने वाले को छूट दी गयी थी। जबकि कई परीक्षार्थियों की परीक्षा शनिवार को छूट गयी थी। दक्षिणी रास्ते से आने वाले परीक्षार्थियों ने बताया कि सड़क जाम रहने के कारण वे लोग देर से पहुंचे। बताया गया कि पहली पाली में एसएम कॉलेज में सबसे ज्यादा 62 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तो दूसरी पाली में नाथनगर कबीरपुर के बोल्डविन चाइल्ड स्कूल सेंटर पर सबसे अधिक 92 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीएन कॉलेज केंद्र पर अभिभावकों ने अंदर जाने की मांग की लेकिन उन्हें जाने नहीं दिया गया। इस दौरान कई अभिभावकों व सुरक्षाकर्मियों के बीच बहस हुई। बाद में मामले को समझाकर शांत कर दिया गया। परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र को काफी अच्छा था। कई कठिन तो कुछ आसान प्रश्न पूछे गये।

# समस्तीपुर रेल मंडल के 30 स्टेशनों पर लगा सोलर सिस्टम

**बिजली कट होने पर भी जगमग रहेगा स्टेशन-कार्यालय, बिजली बिल में रेलवे को होगी बचत**



**समस्तीपुर, एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे जीरो कार्बन उत्सर्जन मिशन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रचलित उर्जा के प्रयोग को कम करने और सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए समस्तीपुर रेलवे मंडल के डीआरएम कार्यालय समेत 30 स्टेशनों पर सोलर सिस्टम से बिजली की आपूर्ति शुरू की गई है। पूर्व मध्य रेलवे की बात करें तो पांचों मंडलों और मुख्यालय, हाजीपुर में कुल 2197.52 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर पैनल लगाया जा चुका है। इन सोलर पैनलों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 18.54 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। जिससे बिजली बिल के मद में 77.81 लाख रुपए की बचत हुई।

**समस्तीपुर मंडल के 30 स्टेशनों पर सोलर :** जयनगर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, मोहम्मदपुर, ककरघाटी, टेक्टर, तारसराय, भैरापट्टी, अलीनगर टोला, रूपौली, जोगिआरा, राजनगर, पण्डौल, हरपट्टी, सोनबरसा कचहरी, रामभद्रपुर, चमुआ, परसौनी, मुरलीगंज, रून्नी सैदपुर, डुमरा, बाजपट्टी, कमतौल, मुक्तापुर, किशनपुर, हायाघाट, मनीगाछी, बिरौल, लोहना रोड स्टेशन और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कुल 222.38 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। रेलवे के मुख्य सूचना पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि महाप्रबंधक कार्यालय भवन, हाजीपुर में 510.4 केडब्ल्यूपी और दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय एंड हॉस्पीटल में 500 केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित है। इसी तरह गया मेमू शेड में 272 केडब्ल्यूपी, पाटलिपुत्र स्टेशन पर 140 केडब्ल्यूपी और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, सोनपुर में 110.4 केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर प्लांट कार्य कर रहे हैं।

### दानापुर मंडल के 7 स्टेशन पर सोल प्लांट

पाटलिपुत्र, फुलवारीशरीफ, पटना साहिब, फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ, राजगीर रेलवे स्टेशन और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सेंट्रल हॉस्पीटल व पटना पावर हाउस में कुल 862.4 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है।

**धनबाद मंडल के 8 स्टेशन :** नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, हजारीबाग, गझंडी, बरकाकाना, नगर उंटारी और सिंगरौली स्टेशनों पर कुल 85.94 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है।

**पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 7 स्टेशन :** फेसर, कजरत नावाडीह, इस्माइलपुर, चिरैलापौथू बिहार, बगहा बिशुनपुर, गुरारू, जाखीम स्टेशनों पर और वैगन केयर सेंटर-डीडीयू, मेमू शेड-गया व सिक लाइन-गया में कुल 386 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है।

### पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के कुल 260 स्टेशन

सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन और पहलेजा स्टेशन पर कुल 130.4 केडब्ल्यूपी क्षमता का व महाप्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर में 510.4 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है। इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के कुल 260 स्टेशनों, 120 अन्य भवनों और116 समपार फाटकों पर कुल 9432 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य प्रगति पर है। दानापुर मंडल में 39 स्टेशन, 30 अन्य भवनों और 20 समपार फाटकों पर 2630 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट।

सोनपुर मंडल में 60 स्टेशन, 14 अन्य भवनों और 16 समपार फाटकों पर कुल 1375 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट।

समस्तीपुर मंडल में 50 स्टेशन, 28 अन्य भवनों और 80 समपार फाटकों पर कुल 1027 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट।

धनबाद मंडल में 91 स्टेशन और 39 अन्य भवनों पर कुल 3760 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट।

पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 20 स्टेशन और 09 अन्य भवनों पर कुल 640 केडब्ल्यूपी क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।

### खुद को पुलिसकर्मी बताकर राहगीर से की मारपीट

**पटना, एजेंसी।** पटना में एसएसपी दफ्तर के पास शनिवार देर रात जमकर ड्रामा हुआ। एक शख्स खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए दो राहगीर से भिड़ गया। हथियार के बल पर मारपीट भी की। पीड़ित युवक का नाम सिकंदर यादव है और वह पाटलिपुत्र इलाके का रहने वाला है। सिकंदर यादव ने बताया कि कारगिल चौक होते हुए वो अपने साथी के साथ बाइक से जा रहे थे। तभी पीछे से दो युवक बाइक से आए, जिस पर पुलिस का नंबर प्लेट लगा था। मुझे साइड करा दिया। पिस्टल दिखाते हुए मारपीट करने लगा। मारकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने आगे कहा कि बगल में मेट्रो का काम चल रहा था। लोग भी उस रास्ते से गुजर रहे थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। पिस्टल लहराते हुए वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, ये वीडियो कब का और युवक के साथ क्यों मारपीट की गई इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

**गाली गलौज करते हुए निकला :** सिकंदर के मुताबिक पिस्टल से हमला करने के बाद गाली-गलौज करते हुए दोनों निकल गए। हमला करने वाला खुद को पुलिसकर्मी बता रहा था। सिकंदर ने बताया कि बाइक का नम्बर 9732 था और पुलिस का नंबर प्लेट लगा था। वहीं, इस मामले में गांधी मैदान थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। युवक भी थाने पर आया था।

**पति ने कहा था, गाड़ी-पैसा लेकर आओ नहीं तो मर जाओ**

# दहेज प्रताड़ना से तंग होकर शिक्षिका ने की आत्महत्या

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर BPSC शिक्षिका ने आत्महत्या कर ली। मायके वालों का कहना है कि पति और ससुराल वाले दहेज में 20 लाख रुपए और एक स्कॉर्पियो मांग रहे थे। पति का कहना था कि मेरे भाई को दहेज में काफी कुछ मिला था मुझे भी मिलना चाहिए। 21 जून को शिक्षिका अपने मायके गई थी। तब पति ने उसे फोन पर कहा था कि पैसा-गाड़ी लेकर आओ नहीं तो वहीं मर जाओ। जिसके बाद 22 जून को शिक्षिका ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

### 2022 में हुई थी शादी

राजेपुर थाना क्षेत्र के निवासी राजकुमार गुप्ता की बेटी नेहा गुप्ता (25) है। जिसकी शादी तरियानी थाना क्षेत्र के बेलहा गांव के फूल साह के बेटे आशुतोष कुमार (26) से 22 अप्रैल 2022 में हुई थी। शादी के बाद नेहा को नौकरी मिली। एसकेएमसीएच ओपी पुलिस को प्राथमिकी के लिए आवेदन सौंपा गया है। मायके वालों का कहना है कि मौत की जानकारी ससुराल वालों को दी गई, फिर वे लोग नहीं आए।



### उल्टी होने पर अस्पताल ले गए थे

शिक्षिका के पिता राज कुमार ने बताया कि कुछ महीने से उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। मैंने बोला था मेरे पास इतना नहीं है। जैसे होगा देंगे। बेटी कमा ही रही है तो क्या जरूरी है। कुछ दिन पहले उसके साथ मारपीट भी हुई थी। फिर उसे मायके भेज दिया था। 22 जून की रात बेटी ने आक्रोश में आकर जहर खा लिया। उल्टी करने लगी तो इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले गए, पर उसकी जान नहीं बचा पाएं। एसकेएमसीएच ओपी प्रभारी डॉ.ललन कुमार पासवान ने बताया कि आवेदन मिला है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में शराबबंदी का सच, माफिया ने पुलिस टीम पर किया हमला; दारोगा का फोड़ा सिर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में शराब बंद है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के तहत शराब का उत्पादन, भंडारण, परिवहन, बेचना और पीना सब गैरकानूनी है। फिर भी पूरे बिहार में शराब का धंधा चल रहा है और इसमें नए नए माफिया सामने आ रहे हैं। लेकिन शराब तस्करों के मनसूबे बुलंद हैं। वे पुलिस पर हमला करने से भी पीछे नहीं हटते। ताजा मामला मुजफ्फरपुर का है। जिले के बंदरा पंचायत के वार्ड पांच में रविवार शाम शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पियर थाने की पुलिस टीम पर शराब तस्करों ने हमला कर दिया, जिसमें दारोगा अभिनंदन कुमार का सिर फूट गया। पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद दारोगा को मेडिकल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष पंकज यादव ने बताया कि शराब की सूचना पर पीएसआई अभिनदंन कुमार के साथ पुलिस बल छापेमारी करने बंदरा गई थी। 10 लीटर देसी और करीब ढाई लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया था। उसे छुड़ाने के लिए कुछ महिला और पुरुष ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसमें दारोगा का सिर फूट गया। मामले में तीन पुरुषों और दो महिलाओं को हिरासत में लिया गया है, जिसे थाने पर लाकर पूछताछ की जा रही है। लोगों ने गश्ती वाहन के शीशा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इधर, पीएचसी में तैनात डॉ आदित्य कृष्णा ने बताया कि पियर थाने के दारोगा अभिनंदन कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर कर दिया गया है। सिर पर किसी ठोस वस्तु से प्रहार किया गया था। टांका लगाने के बाद बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हमले को लेकर मुजफ्फरपुर पुलिस गंभीर है। जिन लोगों ने पुलिस टीम पर हमला किया उनकी पहचान की जा रही है। वरीय अधिकारी नेकहा है कि जल्द ही उन्हें दबोच लिया जाएगा।



# हथियार के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

## पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने बाइक सवार को रुकवाया तलाशी में कट्टा और कारतूस बरामद

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की दीपनगर पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो बदमाश को पकड़ा है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के कोरय गांव के समीप का है। गिरफ्तार अभियुक्त दीपनगर थाना क्षेत्र के नवीनगर निवासी विनोद प्रसाद का पुत्र रवि रंजन और महेंद्र चौधरी का पुत्र रवि कुमार है। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के कोरय गांव के समीप गश्ती गाड़ी पेट्रोलिंग कर रही थी। तभी सैनिक स्कूल नालंदा की ओर से आ रहे संदिग्ध बाइक सवार को रुकवाया गया। जिनकी तलाशी लेने के क्रम में पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

**आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज**

अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई कि दोनों युवक सिलाव थाना क्षेत्र के सैनिक स्कूल के पास से एक महिला का मोबाइल हथियार का भय दिखा लूट कर भाग रहे थे। बदमाशों के पास से लूट का मोबाइल भी बरामद किया गया है। जिस बाइक से रवि रंजन और रवि पकड़ा गया वह गाड़ी भी चोरी की है।

बदमाशों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, चोरी की बाइक, एक लूटा हुआ मोबाइल और एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है। लूटपाट के मामले में कुल तीन लोगों की संलिप्तता सामने आई है। एक अन्य बदमाश की पहचान कर ली गई है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। फिलहाल आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।



# बिहार में मानसून पकड़ रहा रफ्तार; इन जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट



## लू की चपेट में अब भी 6 जिले

**पटना, एजेंसी।** प्रदेश में मंगलवार से मानसून के प्रसार होने के आसार हैं। इसके आगे बढ़ने की परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल बन रही है। बिहार में मानसून की बेरुखी और सूरज के तल्ख तेवर से लोग अब भी उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। प्रदेश के एक-दो जिलों में ही झमाझम बारिश हो रही है। इसके अलावा अन्य जिलों में छिटपुट बारिश दर्ज की गई। जून में अब तक सामान्य से 60 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सूबे में पुरवा चलने के कारण नमी युक्त हवा का प्रवाह जारी है। जिस कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है।

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को उत्तर बिहार के कुछ जगहों पर थंडरस्टॉर्म की गतिविधियां होने के कारण गरज व चमक के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। वहीं दक्षिण बिहार के लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना होगा। जबकि मंगलवार से बिहार में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को भभुआ, लखीसराय, पश्चिमी चंपारण, नवादा, किशनगंज, गया, पटना, बांका, अररिया, कटिहार, मुंगेर, जमुई, रोहतास, सीतामढ़ी जिले के 22 जगहों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई।

मौसम विभाग ने मंगलवार को उत्तर बिहार के साथ ही दक्षिण-पूर्व भाग के कुछ स्थानों पर गरज व चमक के साथ बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। वहीं पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। जबकि बुधवार को राज्य के अधिकतर जिलों के कुछ स्थानों पर गरज, चमक और आंधी के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। प्रदेश में मानसून प्रवेश करने के बाबजूद लोगों को भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। हालांकि 20 जून को मानसून प्रवेश करने के बाद प्रदेशवासियों को आंशिक तौर पर गर्मी से राहत मिली थी। लेकिन सूरज की तल्ख तेवर के कारण प्रदेश एक बार फिर से धीरे-धीरे भीषण गर्मी की चपेट में आने लगा है। रविवार को प्रदेश के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। जिस कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को डेहरी, गोपालगंज, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल लू और वैशाली भीषण गर्मी की चपेट में रहा। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 41.9 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर और वैशाली रहा। वहीं 10 शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। पटना में सूरज के तल्ख तेवर होने के कारण अधिकतम तापमान में रविवार को 0.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। राजधानी का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का एहसास हुआ।



# फेस के शेप के हिसाब से कैरी करें इयररिंग्स

**हर किसी की चाहत अच्छा दिखना होती है। लोग स्टाइलिश लगने के लिए कई ट्रेंडिंग आउटफिट खरीदते हैं। अगर बात करें लड़कियों की तो वह आउटफिट के साथ कई ऐसी चीजें होती हैं, जिनका उपयोग लड़कियां खूबसूरती बढ़ाने के लिए करती हैं।**

लड़कियां मेकअप के अलावा आउटफिट के हिसाब से एक्सेसरीज पहनने की भी शौकीन होती हैं। एक्सेसरीज ही आपके लुक को परफेक्ट बनाती हैं। वहीं अगर बात सिर्फ इयररिंग्स की हो तो फेस के शेप के हिसाब से इयररिंग्स कैरी करना चाहिए। वहीं अगर आप गलत इयररिंग्स का चुनाव करती हैं, तो आपका अच्छा-खासा लुक भी बिगड़ सकता है। एथनिक वियर के साथ कई अलग तरह की इयररिंग्स पहनी जाती हैं। अगर आप अपने चेहरे के हिसाब से इयररिंग्स नहीं पहनती हैं, तो यह देखने में भी खराब या अजीब लग सकता है। इसलिए आपको अपने चेहरे के हिसाब से इयररिंग्स कैरी करना चाहिए। इस इयररिंग्स से आपके लुक में चार चांद लगते हैं।

### डायमंड आकार का फेस

अगर आपका फेस डायमंड शेप के आकार का है, तो आप पर लंबे लटकने वाले इयररिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि क्योंकि चीकबोन की तुलना में इन लोगों का माथा कम चौड़ा होता है। इसलिए डायमंड आकार के फेस पर लंबे इयररिंग ही बेस्ट दिखेंगे।

### हार्ट शेप फेस के लिए

हार्ट शेप आकार के फेस पर चौड़े बॉटम और टॉप पर संकरे, शैलेंडियर या लॉन्ग टीयरड्रॉप ईयररिंग्स काफी फबेंगे। क्योंकि इन लोगों की जॉ-लाइन बहुत अच्छी होती है।

### लंबे फेस के लिए

अगर आपका फेस लंबा है, ऐसे में आप इसको भरा लुक देना चाहती हैं तो इस दौरान आप लंबे हूप्स, स्टड, क्लस्टर्ड ईयररिंग्स और स्टोन लगे हुए छोटे डैंगल ईयररिंग कैरी कर सकती हैं।

### गोल फेस वालों के लिए

गोल फेस वाली लड़कियों पर लंबे लंबे इयररिंग्स अच्छे लगेंगे। यह आपके लुक को परफेक्ट बनाने का काम करेंगे।

### अंडाकार फेस के लिए

अंडाकार फेस वाली लड़कियों पर स्डट, ईयरड्रॉप और हल्के ट्राईएंगुलर शेप के इयरिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि अंडाकार फेस वालों का माथा और जॉ-लाइन लगभग एक समान होता है।



# किसे करवाना चाहिए कैसा हेल्थ इंश्योरेंस जानें ये जरूरी जानकारी

**गाहे-बगाहे आपके हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में सुनने को मिल ही जाता है। इस दौरान जब लोग अपनी सेहत को लेकर सजग हो रहे हैं और बीमारियों ने हमें परेशान कर रखा है तब हेल्थ इंश्योरेंस एक बहुत बड़ी जरूरत बनती चली जा रही है। हेल्थ इंश्योरेंस की बात करें तो अधिकतर लोग अपने ऑफिस के हेल्थ इंश्योरेंस से ही खुश हो जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनकी जरूरत कितनी बड़ी है?**

हेल्थ इंश्योरेंस पिछले कुछ सालों में इतना जरूरी टूल बन गई है कि आपको इसकी अहमियत समझनी चाहिए। ये आपके लंबे-चौड़े हेल्थ बिल का भुगतान आसानी से कर सकती है और किसी बड़े ऑपरेशन का खर्च भी निकाल सकती है। पर अधिकतर लोगों की समस्या ये होती है कि उन्हें ये जानकारी नहीं होती कि कैसा इंश्योरेंस प्लान उनके लिए बेस्ट होगा।

मुख्य दो तरह के होते हैं इंश्योरेंस प्लान-

आपको सबसे पहले तो ये तय करना होगा कि आपको किस टाइप का हेल्थ इंश्योरेंस लेना है यानि आपको फैमिली प्लान लेना है या फिर एक सिंगल प्लान जो सिर्फ आपको कवर करे। अगर आपकी शादी हो गई है तो फैमिली फ्लोटर प्लान बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। सिंगल लोगों के लिए ही नॉर्मल प्लान होना चाहिए।

सिर्फ ऑफिस के प्लान पर भरोसा ना करें क्योंकि कई बार ये काफी नहीं होता है। अगर आपने अपना ऑफिस छोड़ा तो साथ ही प्लान का कवर भी छूट जाएगा। आपको अपनी हेल्थ हिस्ट्री के हिसाब से ही अपना प्लान तय करना चाहिए।

### कितनी तरह के होते हैं हेल्थ इंश्योरेंस प्लान?

अब बात करते हैं हेल्थ इंश्योरेंस प्लान की और बात करते हैं कि आखिर कितने प्लान आप ले सकते हैं? हेल्थ इंश्योरेंस प्लान हॉस्पिटलाइजेशन और डे-केयर ट्रीटमेंट्स भी कवर कर सकते हैं। कुछ प्लान ऐसे भी होते हैं जो हेल्थ चेक अप और एम्बुलेंस चार्ज भी मैनेज कर लेते हैं। आप इन तरह के इंश्योरेंस प्लान ट्राई कर सकते हैं-

### ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस

ये आमतौर पर वो हेल्थ इंश्योरेंस है जिसमें एक ग्रुप को कवर किया जाता है। ये कॉर्पोरेट, एम्प्लॉयज या स्टार्टअप्स के लिए लिया जाता है। ये आमतौर पर ऑफिस से मिलने वाला इंश्योरेंस है जिसमें सभी के पास एक जैसे इंश्योरेंस बेनिफिट्स होते हैं।




### इंडिविजुअल हेल्थ इंश्योरेंस

जैसा कि हमने पहले बताया ये इंश्योरेंस प्लान सिर्फ एक सिंगल इंसान के लिए होता है। ये प्लान फाइनेंशियल बेनिफिट्स देता है पर आपको परिवार के हर इंसान के लिए अलग-अलग कवर लेना होगा।

### फैमिली फ्लोटर प्लान

ये वो प्लान है जिसमें आपको पूरे परिवार को कवरेज मिलता है। ये काफी अफोर्डेबल होता है और अलग-अलग फैमिली मेंबर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। एक ही इंश्योरेंस पॉलिसी में सभी को कवर करने का फायदा ये होता है कि सभी फैमिली मेंबर्स फ्लोटर प्लान के जरिए कवर हो जाते हैं। आप इसमें माता-पिता, पत्नी, खुद की बीमारी और बच्चों की बीमारियां कवर कर सकते हैं।

### गंभीर बीमारियों के लिए इंश्योरेंस

ये इंश्योरेंस प्लान सिर्फ गंभीर बीमारियों के लिए होता है जैसे किडनी फेल, स्ट्रोक, हार्ट अटैक, लकवा आदि। इस प्लान को पहले से लिया जाता है और इसका प्रीमियम भी ज्यादा हो सकता है। आपकी फैमिली हिस्ट्री के हिसाब से ये प्लान लिया जा सकता है।

### एक्सीडेंटल इंश्योरेंस

ये वो प्लान होता है जिसमें दुर्घटनाओं को कवर किया जाता है। अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो आपकी सेविंग्स खत्म ना हो इसलिए आपको ये इंश्योरेंस करवाना चाहिए। ये पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी आपके किसी भी तरह के एक्सीडेंट, डिसेबिलिटी, मौत आदि सभी को कवर करती है।

### मैटरनिटी हेल्थ इंश्योरेंस

ये वो हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है जिसमें मां और होने वाले बच्चे के लिए बेसिक हेल्थ पॉलिसी दी जाती है। ये डिलीवरी से पहले होने वाले टेस्ट, डिलीवरी का खर्च और उसके बाद होने वाले मेडिकल खर्च को कवर करता है। इस प्लान का वेटिंग पीरियड होता है और बेहतर होगा कि आप इस प्लान को बच्चे की प्लानिंग करने से पहले लें।

### सीनियर सिटीजन हेल्थ इंश्योरेंस

ये पॉलिसी सीनियर सिटिज़न्स के लिए ली जाती है और 60 साल से ऊपर के किसी भी इंसान को इस पॉलिसी के अंतर्गत कवर किया जा सकता है। इस प्लान का रेट काफी हाई होता है।




# ट्रैवल इंश्योरेंस से बनाएं अपने सफर को सुरक्षित जानें इसके फायदे

**अगर आप कहीं ट्रैवल करने जा रही हैं तो आपको ट्रैवल इंश्योरेंस जरूर करवाना चाहिए क्योंकि इससे आपको कई सारे फायदे मिलेंगे।**

अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं तो उससे पहले आपको ट्रैवल इंश्योरेंस जरूर करवाना चाहिए क्योंकि अगर सफर के समय आपको किसी प्रकार की इमरजेंसी होगी तो यह ट्रैवल इंश्योरेंस आपके लिए बहुत मददगार हो सकता है। आप अपने साथ-साथ अपने परिवार वालों का भी ट्रैवल इंश्योरेंस करवा सकती हैं। इससे आपको यात्रा के समय सामान चोरी होने की स्थिति या फिर मेडिकल इमरजेंसी आदि कोई भी परेशानी होने पर ट्रैवल इंश्योरेंस का लाभ मिल सकता है।

### क्या होता है ट्रैवल इंश्योरेंस?

ट्रैवल इंश्योरेंस कई तरह की इमरजेंसी जैसे मेडिकल खर्च के लिए कवरेज देता है। इस कवरेज में मेडिकल खर्च और चेक-इन में सामान संबंधी परेशानी होना या फिर यात्रा के समय सामान खो जाना इन ट्रैवल इमरजेंसी में फाइनेंशियल सहायता जैसे खर्च भी शामिल होते हैं।

इससे आपको कई तरह के अन्य फायदे भी मिलते हैं। यह सभी यात्रा के जोखिम को भी कवर करता है। कई सारी कंपनियां ट्रैवल इंश्योरेंस देती हैं और उनका प्रीमियम चार्ज अलग-अलग होता है और सुविधाएं भी उसी के अनुसार होती है। आपको बता दें कि बीमा कंपनी आपको ट्रैवल इमरजेंसी में मुआवजा देती है और यह इंश्योरेंस सिर्फ विदेश यात्रा के लिए ही नहीं बल्कि घरेलू सफर के लिए भी मिलता है।

### क्या होते हैं ट्रैवल इंश्योरेंस के फायदे

इस इंश्योरेंस के कई सारे फायदे होते हैं। अगर आप विदेश में कहीं छुट्टियां बिताने गए हैं तो आपके घर पर चोरी हो सकती है ऐसे में आपके घर पर हुई चोरी से होने वाले नुकसान को पॉलिसी में कवर किया जाता है।(इंश्योरेंस नहीं, हेल्थ केयर मैनेजमेंट से सेक्योर करें अपने परिवार की हेल्थ)इसके अलावा इस इंश्योरेंस से आपको विदेश यात्रा जाने पर कई लाभ मिलते हैं जैसे अगर आपका पासपोर्ट या कोई अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट खो जाता है, प्लेन हाईजैक हो जाता है या आपको कोई स्वास्थ्य से जुड़ी हुई परेशानी होती है तो आप इस इंश्योरेंस का लाभ उठा सकते हैं।

इसके साथ-साथ अगर आप देश के अंदर या फिर विदेश में पूरे परिवार के साथ कहीं जाते हैं तो किसी भी प्रकार की दुर्घटना, बीमारी, उड़ान रद्द होने पर आपको और आपके परिवार को पूरा फायदा मिल सकता है अगर आपने यह इंश्योरेंस सभी परिवार के सदस्यों के लिए कराया होगा। इसके अलावा फ्लाइट में देरी होने पर भी कंपनी आपको मुआवजा देती है।






**पंजाबी अंदाज पाने के लिए आप भी अगर सलवार सूटी की खूबसूरत डिजाइंस तलाश रही हैं, तो आपको भी एक बार लेख में दिखाई गई डिजाइंस पर गौर फरमाना चाहिए और इन्हें स्टाइल करने का तरीका भी सूखना चाहिए।**

# परफेक्ट पंजाबी लुक देंगे ये सूट डिजाइंस

### पटियाला सूट

पंजाब का पटियाला सूट दिखने में बहुत ज्यादा अच्छा लगता है। इसके साथ आप शॉर्ट या फिर लॉन्ग किसी भी तरह की कुर्ती पहन सकती हैं। पतियाला सलवार में अब मोहरी पर भी हैवी वर्क किया जाने लगा है। आपको इस तरह के पटियाला सूट बाजार में मिल जाएंगे और आप अलग से कपड़ा लेकर इन्हें स्टिच भी करा सकती हैं।

### अनारकली सूट

अनारकली सूट में आपको एक नहीं कई तरह की वेराइटी देखने को मिल जाएंगी। आप लॉन्ग, नी-लेंथ और फ्लोर लेंथ कैसे भी अनारकली सूट बनवा सकती हैं या फिर आपको बाजार में पंजाबी स्टाइल में इस तरह के सूट मिल भी जाएंगे। पहले तो अनारकली कुर्ते को चूड़ीदार पैजामे के साथ ही पहना जाता था, मगर अब आपको इसमें सल्वार, प्लाजो, पैंट और शरारा या गरारा भी मिल जाएगा।

### चूड़ीदार सूट

चूड़ीदार पैजामें के साथ सूट पहनने का फैशन एक बार फिर से आ गया है। वैसे तो चूड़ीदार के साथ लॉन्ग कुर्ते बहुत अच्छे लगते हैं, मगर अब आप शॉर्ट कुर्तियों के साथ भी चूड़ीदार पैजामें पहन सकती हैं। आप कुर्तियों को बंदगला स्टाइल, डीप नेकलाइन वाला या आप डोरी वर्क वाली कुर्ती भी इसके साथ पहन सकती हैं।

### प्लाजो सूट

प्लाजो के साथ भी कुर्तियों के डिजाइन में आपको बहुत सारी वेराइटी देखने को मिलेगी। अब कुर्तियां सिंपल और डिजाइनर प्लाजो भी खूब मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। ऐसे पंजाबी प्लाजो सूट आप किसी अच्छे टेलर से स्टिच भी करा सकती हैं। आप किसी सॉलिड कलर वाली सिंपल कुर्ती के साथ प्रिंटेड प्लाजो पहन कर भी अच्छा लुक पा सकती हैं।

### शॉर्ट कुर्ती पंजाबी सूट

शॉर्ट कुर्तियों का ट्रेंड पंजाब से ही आया है और इस तरह की कुर्तियों को आप चूड़ीदार, पटियाला सल्वार, चुन्नट वाली सल्वार या फिर प्लाजो किसी के साथ भी कैरी कर सकती हैं। आजकल तो गरारे और शरारे के साथ भी शॉर्ट कुर्तियों का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। आप इन कुर्तियों में थोड़ा बहुत वर्क करा लेती हैं, तो यह पार्टीवियर हो जाती है।

### हैवी पंजाबी सूट

अगर आप हैवी पंजाबी सूट की नई डिजाइंस तलाश रही हैं, तो आपको बता दे कि अब वेल्वेट फैब्रिक के सूट्स काफी ट्रेंड में हैं। इन सूट्स में आपको स्लीव्ज और कुर्ते की हेमलाइन पर हैवी गोटा वर्क मिल जाएगा। वहीं इसके साथ आप पैंट बनवा सकती हैं। और यह पैंट आप ब्रोकेड फैब्रिक की बनवाएंगी तो ज्यादा अच्छा रहेगा क्यों इस फैब्रिक से सूट अपने आप ही हैवी लगने लगता है। इस तरह के सूट के साथ आप हैवी शिफॉन या जॉर्जेट का दुपट्टा कैरी करें। इस दुपट्टे में आप गोटा लगवा सकती हैं।

### गरारा पंजाबी सूट

गरारा सूट में भी पंजाबी स्टाइल खूब पसंद किया जाता है। इसमें भी आपको बहुत सारे खूबसूरत डिजाइंस मिल जाएंगे। इन्हें आप किसी भी छोटे बड़े ईवेंट में पहन सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क वाले गरारे भी मिल जाएंगे और सिंपल लुक के ट्रेंडी गरारों में भी कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगी।

### शरारा पंजाबी सूट

शरारा सूट तो कब से ट्रेंड में है और इसमें नई-नई वेराइटी आती ही जा रही हैं। ऐसे में आप भी अगर पंजाबी शरारा सूट पहनना चाहती हैं, तो बाजार में आपको एक से बढ़कर एक डिजाइन मिल जाएंगी। इसमें लाइट वेट फैब्रिक और हैवी फैब्रिक दोनों में ही आपको अच्छी वेराइटी बाजार में मिल जाएगी और आपको इसे किसी भी अवसर में पहन सकती हैं।

### लोर लेंथ पंजाबी सूट

लोर लेंथ पंजाबी सूट में भी आपको एक नहीं ढेरों वेराइटी मिल जाएंगी। इसमें भी हैवी और लाइट वर्क का विकल्प होता है। आप इनके नीचे चूड़ीदर पैजामें या फिर डिजाइनर पैंट भी पहन सकती हैं। किसी शादी के फंक्शन या फिर घर के किसी बड़े अवसर पर आपको परफेक्ट एथनिक लुक चाहिए तो फ्लोर लेंथ कुर्ते ऐसे समय के लिए अच्छे होते हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बेटियों के नाम पर झूठा सम्मान

आज जब दुनिया भर में लोग अपने पूर्वाग्रहों और दुराग्रहों को छोड़ कर सामाजिक-आर्थिक विकास की नई राह पर निकल रहे हैं, उसमें ऐसी खबरें दुखद लगती हैं कि किसी पिता ने सिर्फ इसलिए अपनी बेटी की जान ले ली कि उसने किसी अन्य जाति के लड़के से प्रेम किया और उससे शादी करना चाहती थी।दिल्ली के प्रेमनगर इलाके में एक व्यक्ति को इस बात पर आपत्ति थी कि उसकी बेटी किसी अन्य जाति के लड़के से विवाह करे। उसने योजनाबद्ध तरीके से बेटी की हत्या कर दी। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन इस घटना से एक बार फिर यह सवाल उठा है कि देश के विकास के मोर्चे पर सामाजिक मसलों की प्राथमिकता क्या है और उसमें सुधार के लिए क्या किया जा रहा है।झूठे सम्मान के नाम पर की गई हत्या की यह कोई अकेली घटना नहीं है। देश के अलग-अलग इलाकों से अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनमें किसी प्रेमी जोड़े को उनके परिवार वालों ने ही मार डाला, क्योंकि लड़की और लड़के की जाति या धर्म अलग था।विडंबना है कि बहुत सारे लोग आधुनिकता और तकनीकी विकास के मामले में खुद को मुख्यधारा में शामिल दिखाना चाहते हैं, मगर जाति और धर्म के मसले पर वे एक विचित्र किस्म की संकीर्णता से घिरे रहते हैं। दुनिया की कोई भी संस्कृति प्रेम के विरुद्ध नहीं है और न किसी व्यक्ति को जाति, धर्म या झूठे सम्मान के नाम पर हत्या करने की शिक्षा देती है।मगर अफसोसनाक है कि अनपढ़ से लेकर कई पढ़े-लिखे लोग भी जाति की जड़ता में जकड़े रहते और इस मसले पर कई बार इस हद तक क्रूर हो जाते हैं कि अंतरजातीय प्रेम या विवाह करने वाली अपनी बहन या बेटी की भी हत्या कर डालते हैं।आखिर क्या कारण है कि शिक्षा के प्रसार और तमाम जागरूकता अभियानों में सामाजिक पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए ऐसे उपायों का अभाव दिखता है, जो लोगों को जाति और धर्म की जड़ता से मुक्त कर सकें और मानवीय संवेदना के साथ सामाजिक दायरे के विस्तार को लेकर एक प्रगतिशील सोच का विकास हो।को ही अधिक होगा।

## मंगल पर यूपी-बिहार

अब मंगल पर भी दो स्थान हैं, जिनका नामकरण उत्तर प्रदेश के शहर मुरसान और बिहार के शहर हिल्सा के नाम पर रखा गया है। अहमदाबाद स्थित भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) ने यह नामकरण पहले ही कर लिया था। मंगल पर इन जगहों की खोज-पड़ताल का काम साल 2021 में ही कर लिया गया था। नामकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ (आईएयू) के पास प्रस्ताव पिछले महीने की शुरुआत में भेजा गया था और जिसे अनुमोदन मिल गया है। पीआरएल ने कहा है कि तीन क्रेटर या गड्ढे लाल ग्रह मंगल पर थारिस ज्वालामुखी क्षेत्र में स्थित हैं, जो मंगल के पश्चिमी गोलार्द्ध में भूमध्य रेखा के पास केंद्रित एक विशाल ज्वालामुखी पठार है। खास बात यह है कि यह क्षेत्र सौर मंडल के सबसे बड़े ज्वालामुखियों के घर के रूप में भी जाना जाता है। ऐसे स्थान पर मुरसान और हिल्सा के साथ ही लाल नाम की जगह भी अब चर्चा में रहेगी। लाल नाम पीआरएल के प्रसिद्ध पूर्व निदेशक देवेंद्र लाल के नाम पर रखा गया है। वास्तव में, यह नामकरण वैज्ञानिक देवेंद्र लाल को भी सच्ची श्रद्धांजलि की तरह है।वैसे यह अभी रोचक सवाल ही है कि मंगल पर मुरसान और हिल्सा नामकरण क्यों किया गया है? यहां यह जान लेना चाहिए कि मुरसान उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में स्थित है, जबकि हिल्सा बिहार के नालंदा जिले में मौजूद है। अहमदाबाद स्थित अनुसंधान प्रयोगशाला के निदेशक अनिल भारद्वाज के मुताबिक, लाल केटर सबसे चौड़ा है, करीब 65 किलोमीटर चौड़ा, जबकि आसपास स्थित मुरसान और हिल्सा दस-दस किलोमीटर चौड़े हैं। मंगल पर मौजूद इन गहरे गड्ढों में कभी पानी हुआ करता था, शायद ज्वालामुखी की वजह से पानी सूख गया, लेकिन वैज्ञानिक मंगल पर पानी की खोज में निरंतर लगे हुए हैं। यह तो अब साबित हो चुका है कि किसी दौर में मंगल पर पानी बहा करता था। मंगल को धरती से देखते हुए या मंगलयान से खींची गई तस्वीरों की मदद से अध्ययन काफी आगे बढ़ चुका है और वैज्ञानिक मंगल के पोर-पोर को खंगालकर अपने-अपने हिसाब से नामकरण कर रहे हैं, जिसे अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ मंजूरी दे रहा है। मंगल के अध्ययन का काम भारत में भी तेजी से हो रहा है और 'लाल', 'मुरसान' और 'हिल्सा' जैसे नाम इसके ताजा प्रमाण हैं। इस मुकाम पर अपने मंगलयान को जरूर याद करना चाहिए। दस साल से ज्यादा समय से यह यान अपने काम में जुटा है। साल 2013 में इसे प्रक्षेपित किया गया था।

## सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे विश्व में फैलना आज विश्व शांति के लिए आवश्यक है

(प्रह्लाद सबनानी)

*यह बात ध्यान रखने वाली है कि ईरान कभी आर्यों का अर्थात पारसियों का देश था। इराक, सऊदी अरब ,पश्चिम एशिया के समस्त मुस्लिम देश 1400 वर्ष पूर्व भारतीय संस्कृति और सभ्यता को मानने वाले देश थे। तलवार के बल पर 57 देश इस्लाम को स्वीकार कर चुके हैं इनमें से कोई भी ऐसा देश नहीं है जो 1400 वर्ष पहले से अर्थात सनातन की भांति सृष्टि के प्रारंभ से मुस्लिम देश था। 1398 ईसवी में ईरान भारत से अलग हुआ, 1739 में नादिरशाह ने अफगानिस्तान को अपने लिए एक अलग रियासत के रूप में प्राप्त कर लिया।*

आज जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अतः यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पश्तावा होने लगा है। यूरोप में हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में दक्षिणपंथी कहे जाने वाले दलों की राजनैतिक ताकत बढ़ी है। हालांकि सत्ता अभी भी वामपंथी एवं मध्यमार्गीय नीतियों का पालन करने वाले दलों की ही बने रहने की सम्भावना है परंतु विशेष रूप से फ्रांस एवं जर्मनी में इन दलों को भारी नुक्सान हुआ है। इटली की देशप्रेम से ओतप्रोत दल की मुखिया जोरजीया मेलोनी को अच्छी सफलता हासिल हुई है। कुल मिलाकर यूरोपीय देशों के नागरिकों में देशप्रेम का भाव धीमे धीमे लौट रहा है एवं वे अब अपने अपने देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों का विरोध करने लगे हैं। विशेष रूप से यूरोप के आस पास के मुस्लिम बहुल देशों से भारी संख्या में मुस्लिम नागरिक अवैध रूप से इन देशों में शरण लिए हुए हैं एवं अब वे इन देशों की कानून व्यवस्थ के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन गए हैं। जर्मनी एवं फ्रान्स ने मुस्लिम नागरिकों को मानवीय आधार पर अपने देश में बसाने में शिथिल नीतियों का पालन किया था और अब ये दोनों देश इस संदर्भ में विभिन्न समस्याओं का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। आज जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अतः यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पश्तावा होने लगा है। ब्रिटेन में भी आज मुस्लिम समाज की आबादी बहुत बढ़ गई है एवं यहां का ईसाई समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है क्योंकि मुस्लिम समाज द्वारा ईसाई समाज पर कई प्रकार के आक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। ब्रिटेन के कई शहरों में तो मेयर आदि जैसे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर भी मुस्लिम समाज के नागरिक ही चुने गए है अतः इन नगरों में सत्ता की चाबी ही अब मुस्लिम समाज के नागरिकों के हाथों में है, जिसे ईसाई समाज के नागरिक बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार, इजराईल (यहूदी समुदाय) एवं हम्मास (मुस्लिम समुदाय) के बीच युद्ध लम्बे समय से चल रहा है। ईरान (शिया समुदाय) - सऊदी अरब (सुन्नी समुदाय) के आपस में रिश्ते अच्छे नहीं है। पाकिस्तान में तो अहमदिया समुदाय एवं बोहरा समुदाय को मुस्लिम ही नहीं माना जाता है एवं इनको गैर मुस्लिम मानकर इन पर सुन्नी समुदाय द्वारा खुलकर अत्याचार किए जाते हैं। कुल मिलाकर, मुस्लिम समाज न केवल अन्य समाज के नागरिकों (यहूदी, ईसाई, हिंदू आदि) के साथ लड़ता आया है बल्कि इस्लाम के विभिन्न फिर्कों के बीच भी इनकी आपसी लड़ाई होती रही है। इसके ठीक विपरीत, सनातन हिंदू संस्कृति का अनुपालन करते हुए कई भारतीय मूल के नागरिक भी अन्य देशों में रह रहे हैं एवं लम्बे समय से स्थानीय स्तर पर ईसाई समाज एवं अन्य धर्मों के अनुयायियों के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। इन देशों में भारतीय मूल के नागरिकों एवं स्थानीय स्तर पर अन्य धर्मों के अनुयायियों के बीच कभी भी बड़े स्तर पर आक्रोश उत्पन्न होता दिखाई नहीं दिया है, क्योंकि सनातन हिंदू संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वे भवंतु सुखिन~ का भाव हिंदू नागरिकों में बचपन से ही भरा जाता है। इसी प्रकार के भाव का संचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पिछले 99 वर्षों से अपने स्वयंसेवकों में जगाता आया है। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। 27 सितम्बर 1933 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, शस्त्र पूजा समारोह में अपने उदबोधन में कहते हैं कि संघ एक हिंदू संगठन है। संसार के सभी धर्मों में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जिसका मुख्य गुण सद्गुण है और जो आत्मवत् भूतेषु (सभी प्राणियों में अपने को देखना) की भावना से सभी जीवों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है। यह धर्म संसार में व्याप्त हिंसा और अन्याय को स्वीकार नहीं करता। इसलिए स्वाभाविक है कि प्रत्येक हिंदू ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहता है। लेकिन केवल उपदेश देने से संसार का स्वभाव नहीं बदलेगा। जब संसार को लगेगा कि हिंदू समाज सुसंगठित और सशक्त हो गया है, तो हमारे प्रति जो अनादर का भाव सर्वत्र दिखाई देता है, वह समाप्त हो जाएगा और संसार हमारी बात सुनेगा। हिंदू धर्म अनादि काल से यही करता आ रहा है और ऐसे पवित्र धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ही संघ की शुरुआत हुई है।आजकल हिंदू समाज बहुत अव्यवस्थित हो गया है। संघ का एकमात्र उद्देश्य हिंदू समाज को इस तरह संगठित करना है कि हिंदू, हिंदुस्तान में गर्वित हिंदू के रूप में खड़े हो सकें और दुनिया को यह विश्वास दिला सकें कि हिंदू कोई ऐसी जाति नहीं है जो मरणासन्न अवस्था में हो। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। संघ का लक्ष्य मानव जाति में व्याप्त राक्षसी प्रवृत्ति को दूर करना और उसे मानवता सिखाना है। संघ का गठन किसी से घृणा करने या उसे नष्ट करने के लिए नहीं हुआ है। हाल ही में जारी की गई प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी का देशभर में विश्लेषण' नामक विषय के माध्यम से बताया गया है कि बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी 1950 और 2015 के बीच 7.82त्न घट गई है। जबकि मुस्लिमों की आबादी में 43.15त्न की वृद्धि हुई है। मुस्लिमों की 1950 में 9.84त्न रही आबादी 14.09 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ईसाई धर्म के लोगों की आबादी की हिस्सेदारी 2.24 प्रतिशत से बढ़कर 2.36 प्रतिशत हुई है। ठीक ऐसे ही सिख समुदाय की आबादी 1.24 प्रतिशत से बढ़कर 1.85 प्रतिशत हो गई है। भारत में सद्गुणों से ओतप्रोत हिंदू नागरिकों की जनसंख्या यदि इस प्रकार घटती रही तो यह भारत के साथ पूरे विश्व के लिए भी अच्छा संकेत नहीं है क्योंकि अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम आबादी (जो कि अपने धर्म के प्रति एक कट्टर कौम मानी जाती है तथा अन्य धर्मों के लोगों के प्रति बिलकुल सहशुण नहीं है और वक्त आने पर अन्य समाज के नागरिकों का कत्लेआम करने में भी हिचकिचाते नहीं है) में बेतहाशा वृद्धि होना, पूरे विश्व के लिए एक अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है।

## इतने क्यों तपने लगे हमारे घर-शहर

(केके पांडेय, प्रोफेसर, अर्बन मैनेजमेंट, आईआईपीए)

बेतहाशा बढ़ रही गरमी की एक वजह कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने की हमारी विफलता भी है। यह सही है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अब हमारे शहर 50 डिग्री सेल्सियस तक गरम होने लगे हैं, लेकिन सच यह भी है कि शहरी नियोजन और प्रबंधन में जो सामंजस्य दिखना चाहिए, वह नहीं दिख रहा। राजधानी दिल्ली में ही मास्टर प्लान 2041 तैयार है, जिसमें 'ब्लू-ग्रीन पॉलिसी' पर खूब जोर दिया गया है। यहां 'ब्लू' का अर्थ है, जल-स्रोतों और कचरे का उचित प्रबंधन। यानी, दिल्ली के भूगोल में जल-इकाइयों को बेहतर बनाना और कूड़े का वाजिब निस्तारण करना। विकसित देशों में पांच से दस प्रतिशत कचरा ही डंपिंग ग्राउंड में जाता है, जबकि अपने यहां इसका उल्टा हो रहा। चूंकि कचरा कार्बन उत्सर्जन का एक बड़ा स्रोत होता है, इसलिए माना गया है कि सीवेज और कूड़े का प्रबंधन आबोहवा को बेहतर बना सकता है। वहीं, मास्टर प्लान में 'ग्रीन' का अर्थ है- हरित पट्टियां या हरियाली का विस्तार। इसके तहत शहरी वानिकी को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। तापमान नियंत्रित रखने का यह एक मान्यता प्राप्त तरीका है। मगर विडंबना यह है कि इस मास्टर प्लान को अब तक अधिसूचित नहीं किया जा सका है। पर्यावरण की अनदेखी का यह इकलौता मामला नहीं है। साल 2021 में कॉप-26 की बैठक में हमारी तरफ से यही कहा गया कि साल 2070 तक हम शून्य उत्सर्जन, यानी नेट जीरो के लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं, जबकि अमेरिका व यूरोपीय संघ ने वर्ष 2050 तक और चीन ने 2060 तक इस लक्ष्य को पाने का भरोसा दिया है। यहां यह जानना महत्वपूर्ण होगा कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाद भारत का ही स्थान आता है। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं कि शहरी नियोजन में हमने पर्यावरण को लेकर आंखें मूंद रखी हैं। पिछले कुछ वर्षों से, जब से यह मुद्दा जोर-शोर से सामने आया है, इस संदर्भ में तमाम तरह की योजनाएं बनाई गई हैं। मगर जितनी तत्परता योजनाएं बनाने में की गई, संभवत~ उतनी ही सुस्ती उनके क्रियान्वयन में बरती गई। प्रबंधन और नियोजन में तालमेल की इस कमी को दूर करना बहुत आवश्यक है। दरअसल, योजनाओं का प्रबंधन सही तरीके से न हो, तो लक्ष्य को पाना मुश्किल होता है। यही कारण है कि उन इलाकों में, जहां सुविधाएं प्रदान नहीं की गई हैं, जहां हरित-पट्टी का अभाव है, जहां पार्क नहीं हैं या जहां वानिकी विकसित नहीं की गई है, गरमी का प्रकोप अधिक रहता है। शहरों में हरित क्षेत्र लगातार सिमट रहे हैं, जिसे बढ़ाने के लिए नियोजित ढंग से प्रयास किए जाने की जरूरत है। साल 2015 में तेलंगाना ने ऐसे ही एक सफल प्रयास की शुरुआत की थी। 'हरिता हारम' नामक इस योजना में राज्य के हरित क्षेत्र को 24 फीसदी से बढ़ाकर 33 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया था और अब तक कई दूसरे प्रयासों के अतिरिक्त यहां के शहरों में 75 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 109 से अधिक पार्क विकसित किए जा चुके हैं। इस योजना में वृक्षारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल के लिए इन्सेंटिव की व्यवस्था भी की गई है। इसी तरह, तापमान को नियंत्रित रखने के लिए वर्षा-जल के संरक्षण और दूषित जल के दोबारा इस्तेमाल की व्यवस्था भी आवश्यक है। मगर यहां तो जलापूर्ति में भी खासा कुप्रबंधन दिखता है। जल-संकट तो अपनी जगह है, लेकिप इसे नल के जरिये घरों तक पहुंचाने में ही करीब 30-40 फीसदी पानी बर्बाद हो जाता है। इस लीकेज को यदि हम रोक सकें, तो स्वाभाविक ही पानी की उपलब्धता बढ़ जाएगी। मगर इसके लिए पानी की पाइपों की नियमित देखभाल अनिवार्य है, जिसमें हमारा तंत्र चूक जाता है। यह सिर्फ एक धारणा है कि बड़े शहरों में बहुमंजिली इमारतें ताप को न्योता देती हैं। अलबत्ता, चीन, कोरिया, हांगकांग ने तो ऐसे ही कार्यों से विकास का रास्ता नापा है। वास्तव में, कमी बहुमंजिली इमारतों के निर्माण में नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचों की कमी में है। अपने देश में शहरी निर्माण-कार्यों के तहत इमारतें तो बना दी जाती हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 3892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 3891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि के साथ ही उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग हैं। कारोबार में आपको नए सहयोगी मिलेंगे और आपको सम्मान प्राप्त होगा। आपके लिए धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और भाग्य का साथ मिलेगा।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा और आपका सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन काफी बदल सकता है। आज वही काम करें जिसके पूरा बनने की उम्मीद और उसमें सफलता प्राप्त हो। आपका आत्मसम्मान बढ़ने के योग हैं और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### कर्क
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं। धन और कीर्ति में वृद्धि होगी और आपके विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। अन्त में हर कार्य में आपको सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा। आपके जीवन में मंगलमय परिवर्तन होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### सिंह
आज आपको हर मामले में किस्मत का साथ मिलेगा। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा और आपका दिन अच्छा होगा। रात का कुछ वक्त परिवार के लोगों के साथ बिताएंगे तो आपको अच्छा लगेगा और आपका मन प्रसन्न होगा।

### मिथुन
आज दिन शुभ है और आज आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आज कोई जरूरी कार्य पूर्ण करने में आपका कुछ खर्च भी हो सकता है। संतान पक्ष के लोगों से आपको खुशी का समाचार प्राप्त होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। बहुत समय से रुके कार्य की पूर्ति होगी।

### कन्या
आज आपको अधिक व्यस्तता के संकेत मिल रहे हैं। व्यापार और व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से पूरा हो जाएगा। आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं और आपके धन में वृद्धि होगी।

### तुला
आज करियर के मामले में आज का दिन काफी भागदौड़ और व्यस्तता से भरा होगा। पूरा दिन किसी काम को पूरा करने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सेहत को लेकर सावधान रहें और फालतू काम करने से बचें। मेहमान भी आपके घर आ सकते हैं और कुछ अधिक दिन तक ठहरने के बारे में सोच सकते हैं।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ का दिन है और आज आपके लिए पराक्रम में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आपके आनंद में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आपके सौंदर्य में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। किसी निकट मित्र की सलाह से लाभ होगा। आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं आपको समय का लाभ होगा।


### मकर
आज लाभ का दिन है और आज आपको भाग्य के विकास में सफलता मिलेगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी और लोग आपसे प्रसन्न होंगे। नौकरी और कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना ही आज लाभकारक होगा। किसी प्रकार बहस और टकराव से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### कुंभ
आज आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें, तो आपको अपनी समस्या का स्थायी हल मिलेगा और सफलता मिल जाएगी।

### धनु
आज लाभ होगा और आपकी आय में वृद्धि होगी। भाग्य वृद्धि आज के शुभ ग्रह योग साथ दे रहे हैं। बुध के साथ होने से कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा मोड़ सिद्ध होगा। व्यापार में सहयोगी लोगों से आपको लाभ होगा। सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं और आपका विकास होगा।

### मीन
आज लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। आज का दिन आपके लिए हर कार्य में विजय प्रदान करने वाला होगा। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग मिलेगा और आपकी आय में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

## वर्ग पहेली 5411



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. केवल महिलाओं हेतु विश्व का सबसे बड़ा विश्व विद्यालय इस देश में स्थापित है (6)
7. यह मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कृति है जिस पर फिल्म (1966) निर्माण हुआ है (3)
8. सारी दुनिया का उलट-पलट (4)
9. भरोसा, विश्वास, यकीन (4)
11. किसी वस्तु, जगह आदि के अंदर (अंग्रेजी)(2)
12. बतौर नायक-नायिका यह ऋषि कपूर-डिंपल कपाड़िया की पहली फिल्म थी (2)
13. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है, इसे अंग्रेजी में रोज कहते है (3)
14. चैत्र माह की फसल (2)
15. बलिदत्त, जिसे युद्ध में प्राण त्याग दिए हों (3)
16. जितना समय लगना चाहिए उससे अधिक समय, विलंब (2)
19. पैगंबर, ईशदूत, रसूल (2)
20. तुषार पात, अंतरिक्ष जल (2)
21. बृहत्तर एंटिलीज के सबसे बड़े द्वीप क्यूबा की यह राजधानी है (3)
22. वर्षद, जलदाता, नीरद (3)

**ऊपर से नीचे**
1. तटवर्ती प्रवाहहीन जल (3)
2. उकताहट, बैचेन, मनोरंजनहीन (2)
3. यशस्वी मुगल सम्राट अकबर द्वारा चलाया धर्म (6)
4. क्षेत्रफल, अहाता (3)
5. सचल वायु, अलमस्त हवा, बहती हवा (3)
6. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
10. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
12. धर्मेंद्र के अभिनेता पुत्र (5)
13. बदख्वाह, जिसके मन में कुछ और मुंह पर कुछ हो (उर्दू)(2)
17. कच्चा आहार पदार्थ, सामान, पूति (3)
18. एक शब्द जिसके द्वारा वक्ता और श्रोता के अतिरिक्त किसी तीसरे मनुष्य का संकेत किया जाता है (4)

### वर्ग पहेली 5410 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | वी | न्द्र | ना | थ | टे | गो | र |
| च | र | | पा | ल | क | | म |
| ना | ग | लो | क | | ल | प | क |
| | ति | न | | रो | | ह | |
| मे | | | स | म | का | ली | न |
| घ | ब | रा | ना | | का | ति | ल |
| दू | ना | | त | ल | | थि | |
| त | व | | न | व | ल | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### सभी समस्याओं का समय से करेंगे समाधान : निरल

**चाईबासा/मझगांव।** शनिवार को कुमारडुंगी प्रखंड में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए विधायक निरल पूर्ति ने कहा कि वे विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंड में दौरा कर आम जनता की समस्याओं का समाधान का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, नाली, जन वितरण प्रणाली, छात्रवृत्ति समेत अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी। विधायक ने इन सभी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए कहा कि समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य शशि भूषण पिंगुआ, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य मौजूद थे।

### रहस्यमय ढंग से दो बच्चों संग महिला गायब

**देवघर/सारठ।** सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत बझेटा गांव से एक महिला अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी है। गुमशुदा महिला के पति सज्जाउद्दीन अंसारी द्वारा सारठ थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। दिए गए आवेदन में जिक्र है कि गुरुवार सुबह करीब 7 बजे सज्जाउद्दीन अंसारी राजमिस्त्री का काम करने थाना क्षेत्र के कपसा पिंडारी गांव चला गया था। उसी बीच उसकी 24 वर्षीया पत्नी शहनाज बीबी अपने 6 वर्षीय पुत्र तनवीर अंसारी व 3 वर्षीया पुत्री हसीना को लेकर सास को सारठ पब्लिक स्कूल पहुंचाने की बात बोलकर घर से निकली, लेकिन शाम तक वापस घर लौटकर नहीं आयी। उससे चिंतित परिजनों ने मां-बच्चों की खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए शिकायत दी है। वहीं आवेदन मिलने के बाद पुलिस जांच-पड़ताल करने में जुट गई है।

### दुर्घटना में घायल महिला की ईलाज के दौरान मौत, अज्ञात बाइक चालक पर केस दर्ज

**दुमका/हंसडीहा।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के डेयरी इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप 5 मई को तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार द्वारा सामने जा रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। घटना में हंसडीहा थाना क्षेत्र के जालवे गांव निवासी दासों किस्कू और उनकी पत्नी सोनामुनि मुर्मू घायल हो गई थी। घायल दंपती को पुलिस के द्वारा ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरैयाहाट पहुँचाया गया जहां प्राथमिकी उपचार के बाद सोनामुनि मुर्मू की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा मेडिकल कॉलेज दुमका रेफर कर दिया गया। वहां भी सोनामुनि मुर्मू की नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया जहां ईलाज के दौरान 21मई को सोनामुनि मुर्मू ने दम तोड़ दिया जिसके बाद रांची पुलिस द्वारा मृतका के पुत्र अनिल किस्कू से फर्द बयान लिया गया। शुक्रवार को रांची से फर्द बयान आने के बाद हंसडीहा पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ कांड संख्या 55/24 धारा 279/304 आईपीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### पुलिस को शिक्षक दंपति हत्याकांड के जड़ तक पहुंचने में लगे एक सप्ताह

**हजारीबाग।** शिक्षक दंपति राहुल व पूजा की हत्या के मामले पर्दाफाश रविवार को हो गया। लेकिन दिल दहला देने वाली इस घटना से क्षेत्र की जनता मर्माहत है। राहुल के बाप व छोटे भाई ने मिलकर अंतरजातीय विवाह के कारण राहुल मेहता व पूजा यादव को साजिश रचकर मौत के घाट उतार दिया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। इतना ही नहीं शव को दूसरे गांव के श्मशान घाट में लाकर जला भी दिया। बाप व छोटे बेटे ने 10 से 12 व्यक्तियों के साथ मिलकर निर्मम हत्या से पुर्व ही शमशान घाट में लकड़ी पहुंचा दिया था। इस हत्याकांड के जड़ में जाने मे पुलिस को एक सप्ताह क्यों लगा। यह जांच का विषय है मामले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। उक्त बातें युवा नेता गौतम ने कही । उन्होंने कहा कि श्मशान में अज्ञात व्यक्ति के शव जलाने की सूचना 17 जून को ही ग्रामीणों ने दी थी। अगर इचाक की संवेदनशील जनता आंदोलित नहीं होती। कैंडल मार्च व बाजार बंदी जैसे सामाजिक पहल नहीं होती तो मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। थाना से घटना स्थल की दूरी महज एक किलो मीटर है। घटनास्थल मुख्य बाज़ार में ही था।

# चुनावी मोड में चंपाई सरकार, 16 दिनों में 8 घोषणाएं महिलाओं को हर महीने 1000



**रांची।** लोकसभा चुनाव परिणाम से उत्साहित झारखंड की इंडिया गठबंधन की सरकार अब विधानसभा चुनाव मोड में काम कर रही है। आचार संहिता के खत्म होते ही राज्य में योजनाओं की शुरुआत और घोषणाओं की बौछार लगी हुई है। 16 दिनों में सरकार ने 8 बड़ी घोषणाएं की है। ये घोषणाएं किसान, महिलाओं, युवाओं को विशेष रूप से ध्यान में रख कर की गई हैं। सीएम चंपाई सोरेन सात से 23 जून तक में आठ से अधिक घोषणाएं कर चुके हैं। इसमें 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने से लेकर 200 यूनिट बिजली फ्री तक शामिल है।

**विभागीय समीक्षा में दिख रही सीएम की मंशा :** आचार संहिता के हटने के साथ ही सीएम चंपाई सोरेन 11 जून से लगातार विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने राज्य के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जिस तरह से अधिकारियों को निर्देश दिए और रिजल्ट ऑरिएंटेड काम करने को कहा, उससे विधानसभा चुनाव को लेकर उनकी मंशा क्या है, यह स्पष्ट कर दिया है। विभागीय समीक्षा के साथ ही उन्होंने विभिन्न जगहों में आयोजित कार्यक्रम में भी योजनाओं की शुरुआत की है।

**मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन योजना :** महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत इस योजना की शुरुआत की जा रही है। इसे बंगाल की लक्ष्मी भंडार योजना की तर्ज पर लागू किया जाएगा। इस योजना से 25 से 50 वर्ष की महिलाओं को जोड़ा जाएगा। अभी सरकार 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दे रही है। इस योजना के लागू होने पर 25 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को भी आर्थिक मदद मिलेगी। इस योजना में सामान्य, एसटी, एससी, अल्पसंख्यक, ओबीसी महिलाओं को जोड़ा जाएगा। जानकारी के मुताबिक बंगाल से योजना की कॉपी मांगाई जा रही है, ताकि इसका अध्ययन किया जा सके।

**अब 200 यूनिट फ्री बिजली :** विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चंपाई सरकार राज्य के लोगों तक सरकार की बात योजनाओं के माध्यम से पहुंचाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में कई योजनाओं के साथ ही बिजली आपूर्ति को लेकर भी सरकार स्कीम लेकर आई है। अब तक राज्य के लोगों को सरकार 100 यूनिट फ्री बिजली देती थी, पर अब इसे दोगुना कर दिया गया है।

राज्य भर के उपभोक्ताओं को सरकार 200 यूनिट फ्री बिजली दे रही है। अभी तक 28 लाख उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री मिलती थी। 200 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा से 40 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

**90 दिनों में 40 हजार नियुक्ति की घोषणा :** 14 जून को सीएम चंपाई सोरेन ने जेएसएससी-जेपीएससी के अध्यक्षों के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की थी। यह बैठक युवाओं को साधने के लिए की गई थी। अधिकारियों के साथ इस बैठक में सीएम चंपाई सोरेन से सितंबर तक 40 हजार नियुक्तियां कर लेने को कहा। अधिकारियों को उन्होंने 90 दिनों में तमाम नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा कर युवाओं को नौकरी देने को कहा है। ऐसा करने के पीछे का मकसद आगामी चुनाव में युवा वोटरों को अपने पक्ष में करना है। इतना ही नहीं इस बैठक के दौरान सीएम ने यह भी कहा कि जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन हो, उसमें पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**33 हजार शिक्षकों की होगी नियुक्ति :** चंपाई सोरेन युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ राज्य की शिक्षा की स्थिति को भी बेहतर बनाना चाहती है। इसलिए विधानसभा चुनाव से पहले 33 हजार प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति की घोषणा भी उन्होंने की है। हाल में सचिवालय में विभागों की समीक्षा के दौरान उन्होंने राज्य में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषा की पढ़ाई प्रारंभिक स्तर से शुरू करने की बात कही थी। इसे लेकर उन्होंने विभाग से प्रस्ताव बनाने को भी कहा था। शिक्षकों की बहाली की बात भी कही गई थी। अपनी घोषणा में सीएम ने इसी माह से शिक्षकों नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। बता दें कि राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति झारखंड कर्मचारी चयन आयोग करती है।

## स्कूलों में बांग्ला भाषा की पढ़ाई के लिए उन्नयन समिति की बैठक



**धनबाद।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक रविवार को एलसी रोड हीरापुर में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सम्राट चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के आदेशानुसार राज्य के सरकारी स्कूलों में क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई कराना अनिवार्य है, इसके बावजूद किसी भी स्कूल में बांग्ला पढ़ाया नहीं जा रहा है। इसके खिलाफ पिछले दिनों निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में धनबाद डीसी से मिलकर बात रखी गई थी। जिस पर उन्होंने बांग्ला पढ़ाई हर हाल में कराने का आश्वासन दिया था। सम्राट चौधरी ने कहा कि बांग्ला भाषा की पढ़ाई जब तक सुचारू रूप से चालू नहीं होती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। निर्णय लिया गया कि 21 जुलाई धनबाद के पूर्व सांसद एके राय की पुण्यतिथि, 11 अगस्त खुदीराम बोस का शहादत दिवस एलसी रोड हीरापुर में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के जिला सचिव राणा चटराज, कल्याण भट्टाचार्य, कल्याण घोषाल, बादल सरकार, टनी बनर्जी, सुशोभन चक्रवर्ती, कल्याण राय, पार्थो सेनगुप्ता, जयदीप बनर्जी, सुमंतो मुखर्जी, रघुनाथ राय, उमेश रजवाड़, ललन पाल शामिल थे।

## दवा व्यवसायियों ने किया 85 यूनिट रक्तदान



**धनबाद।** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने रविवार को सरायढेला स्थित आविष्कार डायग्नोस्टिक सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया। इसमें 85 दवा व्यवसायियों ने रक्तदान किया। शिविर में जमा रक्त धनबाद मेडिकल कॉलेज ब्लड सेंटर को दिया गया। शिविर में एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने 104वीं बार और अभिषेक अग्रवाल ने 51वीं बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि रेल डीएसपी धीरेंद्र नारायण बंका थे। जिला चैंबर अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, आईएमए धनबाद के अध्यक्ष डॉ. मेजर चंदन, कोषाध्यक्ष डॉ. राकेश इंदर सिंह, बैंक मोड़ चैंबर सचिव लोकेश अग्रवाल, जीटा के महासचिव राजीव शर्मा, जिला चैंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, आविष्कार डायग्नोस्टिक देवेन तिवारी, धीरज दास, राजेश सिंह, विकास अग्रवाल आदि शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर धनबाद के औषधि निरीक्षक धनश्याम को उनकी पदोन्नति के लिए सम्मानित किया गया। धनश्याम दुमका प्रमंडल के सहायक औषधि निदेशक बनाए गए हैं।

## नीट में गड़बड़ी का आरोप लगा कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रा का पुतला फूंका



**धनबाद।** नीट (यूजी) में गड़बड़ी तथा पेपप लीक का आरोप लगाकर कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया। कांग्रेसी तीन बजे दिन के करीब रणधीर वर्मा चौक पर जुटे। केंद्र सरकार विरोघी नारेबाजी की। पुतला जलाया। नुक्कड़ सभा भी की। सभा में केंद्र सराकर पर निशाना साधा तथा 24 लाख से भी अधिक युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि नीट यूजी में गड़बड़ी हुई है। पेपर भी लीक किए गए हैं। इस बारे में कई सबूत भी मिले हैं। इसके बाद भी परीक्षा को रद्द नहीं किया जा रहा है। यह देश के 24 लाख से भी अधिक युवाओं की भावना का अनादर है। कांग्रेस देश के युवाओं के साथ है। न्याय मिलने तक कांग्रेस आंदोलन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रेस मार्क्स देने का मामला भी संदेह को जन्म देता है। पेपर लीक में संलिप्त लोगों का गिरफ्तारी की जाए तथा परीक्षा रद्द कर फिर से परीक्षा ली जाए।

कार्यक्रम में शमशेर आलम, रवि रंजन, आशोक लाल, नवनीत नीरज, राजेश्वर सिंह यादव, अक्षयवर प्रसाद, योगेन्द्र सिंह योगी, जावेद रजा, महेंद्र दुबे, सोनू, हरेन्द्र शाही, संजय जायसवाल, दिलीप मिश्रा, गुड्डु खान, अशिफ, राहुल राज, अशीष सिन्हा, दिनेश यादव, दिलीप मिश्रा, इम्तियाज अली, मृत्युंजय सिंह, राहुल राज, सैफुद्दीन अंसारी, कार्तिक घोष, डेविड सिंह, जय प्रकाश चौहान, प्रिंस, पवन यादव, विशाल राउत, पिंटू तूरी, गेरूल हसन, प्रीतम रावानी, राजीव पांडेय, अनिल राय, रुद्र प्रताप सिंह, छोटू सिंह, विजय राम सुरेश सिंह, फैयज अहमद मौजूद थे।

## फुटबॉल : संत जेवियर स्कूल लुपंगुटू चैंपियन



**चाईबासा।** सदर प्रखंड अंतर्गत प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप 2024-25 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्कूल के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय कुल 28 टीमों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक वर्ग में प्लस टू जिला स्कूल चाईबासा ने सेंट जेवियर्स हाई स्कूल लुपंगुटू के टीम को पराजित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में सेंट जेवियर्स हाई स्कूल लुपंगुटू ने + 2 रुंगटा को पराजित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंडर 15 बालक वर्ग में सेंट जेवियर्स लुपंगुटू ने + 2 जिला स्कूल को पराजित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत एवं अंचल अधिकारी बड़ाऊ सारू उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिता में खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य का सहयोग सराहनीय रहा। उक्त प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन में प्रमिला कुमारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सदर, उपस्थित शिक्षक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रिसोर्स शिक्षक एमआईएस, ऑपरेटर एवं सभी प्रखंड, संकुल साधन सेवी की भूमिका सराहनीय रही।

## कौटिल्य महापरिवार ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**बोकारो/अंगवाली।** कौटिल्य महापरिवार बेरमो शाखा की ओर से रविवार को पेटरवार प्रखंड के अंगवाली गांव स्थित सार्वजनिक धर्मस्थल मंडपवारी चौक पर स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कहा गया कि चौक पर मवेशियों का जमावड़ा से इस पावन स्थल की मर्यादा पर भी आंच आती है, इसलिए इस पवित्र स्थल तथा आस-पास की सफाई करके स्वच्छता का वातावरण बनाया जाना नितांत आवश्यक है। महापरिवार ने सार्वजनिक चौक के व्यवसायियों से भी मिले, जिसमें हरि नारायण जायसवाल, प्रकाश मिश्रा, जादू पाल, पीतांबर मिश्रा, आनंद मिश्रा, गौरीनाथ दे, महावीर पाल आदि उपस्थित थे। जबकि कौटिल्य महापरिवार की ओर से ढोरी क्षेत्र से अनिल चंद्र झा, बसंत पाठक, दिनेश महतो, धीरज गोस्वामी, अंगवाली के सचिन मिश्रा, संजय मिश्रा, अमित मिश्रा, लक्ष्मण मिश्रा,गु सेश मिश्रा आदि शामिल थे।

## पेटरवार प्रखंड अंतर्गत अंगवाली उत्तरी पंचायत में भूमि विवाद में कम्युनिटी हॉल का निर्माण रुका



**बोकारो/अंगवाली।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत अंगवाली उत्तरी पंचायत में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल बोकारो से बनने जा रहे कम्युनिटी हॉल (सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण) का निर्माण के पहले दौर में ही गांव के ही कुछ रैयतों ने कथित निर्माण भूमि को अपनी भूमि बताकर आपत्ति जतायी है।

इस वजह से निर्माण कार्य को संवेदक द्वारा रोक दिया गया है। हालांकि बताया जाता है कि निर्माण स्थल को अंचल कार्यालय पेटरवार से स्पष्ट कराने के बाद विभागीय जिला अभियंता ने कार्य की अनुमति दी थी। भूमि जीएम लैंड (गैर मजरूआ) बताई जा रही है। अब जब गांव के ही दो परिवारों ने आपत्ति जताई है तो अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मी की उपस्थिति में विभागीय अमीन से भूमि की मापी आवश्यक हो गया है। अभी तक कार्य स्थल पर पीलर के लिए 23 गड्ढे जेसीबी द्वारा किए जा चुके हैं।

## जामा में 196 छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

**दुमका/जामा।** जामा प्रखंड अंतर्गत बीआरसी भवन प्रांगण में शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आठवीं कक्षा में अध्यनरत एसटी, एस सी, माइनोरिटी एवं ओबीसी छात्र छात्राओं के बीच प्रखंड प्रमुख बसंती ज्योतिका मुर्मू, उप प्रमुख पूनम देवी, बीडीओ डॉ विवेक किशोर, जिला परिषद सदस्य कालेश्वर सोरेन एवं पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें राजकीय कन्या मध्य विद्यालय जामा की 57, आदर्श मध्य विद्यालय जामा के 107 तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय असंथर के 32 छात्र छात्राओं के बीच कुल 196 साईकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि साईकिल मिलने से दूरदराज के बच्चियों को स्कूल आने जाने में सहुलियत होगी। बच्चे उत्साहित होंगे और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या कम होगी। मौके पर उन्होंने सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बीपीओ बिनोद दास ने बताया कि जामा में कुल 2505 साईकिल का वितरण होना है। लेकिन उन्हें अभी पर्याप्त साईकिल उपलब्ध नहीं कराया गया है। सोमवार को कुछ विद्यालय के छात्र छात्राओं को साईकिल दिया जायेगा। इस मौके पर बीईईओ सुधा कुमारी, जिला परिषद सदस्य कालेश्वर सोरेन, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मानव कुमार गण, बीपीओ विनोद कुमार, बीआरपी बीरेंद्र नारायण अम्बष्ट, मुखिया गुलाब सोरेन पंचायत समिति सदस्य पगान मुर्मू सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## रास्ते को लेकर हुए विवाद में महिला को पूर्व पति ने ग्रामीणों के साथ मिल कर टांगी से काट डाला

**गुमला/घाघरा।** रास्ते को लेकर हुए विवाद में शनिवार की रात घाघरा के खंभा गांव में 40 वर्षीय महिला संपति उरांव की टांगी से मार कर हत्या कर दी गयी। महिला की निर्मम हत्याकांड में उसके पूर्व पति ललितेश सहित अन्य ग्रामीणों को नामजद किया गया है। मृतका के पिता पुनई उरांव के मुताबिक शनिवार की सुबह गांव के लोगों के साथ संपति उरांव का बारी में रास्ता देने को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में पुनई ने बगल के जमीन मालिक बंधु उरांव द्वारा जमीन देने पर उसके द्वारा भी रास्ते के लिए जमीन छोड़ने की बात कही गयी थी। इसी बीच शाम को सुधीर लोहरा ने ट्रैक्टर से पुनई उरांव के बाड़ी के घेराबंदी को तहस-नहस कर दिया। रात को मृतका का 14वर्षीय बेटा बाड़ी देखने गया था,उसे बुलाने मांग संपत्ति उरांव गयी थी। इसी दौरान पति ललितेश सहित अन्य ग्रामीणों ने उस पर हमला बोल दिया, और टांगी से मारकर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान बचाने गयी संपत्ति की मां सामिया उरांव पर भी हमला किया गया। उसके भाई सुकरा उरांव को मारने की भी योजना थी,लेकिन वह भाग निकलने में सफल रहा। पुनई उरांव ने बताया कि ललितेश उरांव गांव में ही पारा टीचर है। चार वर्ष पहले वह अपनी पत्नी संपत्ति को छोड़ चुका है। उसके दो बच्चे के साथ बेटी मायके खंभा गांव में रहती है। पति के छोड़ने के बाद कोर्ट में कंपनसेशन का मामला अंतिम चरण में है। इधर महिला हत्याकांड की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी तरूण कुमार मौके पर पहुंच शव को कब्जें में लिया।

## लोको पायलट को अब न गर्मी सताएगी, न नेचुरल कॉल को रोकना पड़ेगा

**रांची।** अब गर्मी में तापमान चाहे 45-46 डिग्री हो या ठंड में 2-3 डिग्री, मौसम की बेरुखी ट्रेनों के लोको पायलट को परेशान नहीं करेगी। वहीं, लंबे समय तक नेचुरल कॉल को रोके रखना नहीं पड़ेगा। उनकी सेहत व सुविधा को ध्यान में रखते हुए इंजन में एसी व टॉयलेट लगाने का काम किया जा रहा है। दक्षिण-पूर्व रेलवे जोन के लोको शेड में 660 इंजनों में एयर कंडीशन (एसी) इंस्टॉल कर दिया गया है और टॉयलेट लगाने का काम तेजी से चल रहा है। वहीं, नए इंजन में पहले से ही टॉयलेट अटैच आ रहा है। इस सुविधा का सबसे अधिक लाभ महिला लोको पायलट को होगा।

मौजूदा समय में इंजन में टॉयलेट नहीं होने से कई बार महिला लोको पायलट को असहज स्थिति का सामना पड़ता था। नेचुरल कॉल को भी काफी समय तक रोके रखना पड़ता था। ऑल इंडिया लोको पायलट एसोसिएशन के प्रेसीडेंट रामजीत ने कहा कि लोको पायलटों को लंबे समय तक ट्रेन का परिचालन करना पड़ता है। ऐसे में टॉयलेट की सुविधा नहीं होने से बहुत समस्या हो रही थी। 50प्रतिशत लोको पायलट शुगर और 90प्रतिशत गैस की बीमारी की समस्या से जूझ रहे हैं। रेलवे की यह पहल उनके सेहत के लिए बेहद लाभदायक होगा।

रांची से दिल्ली जानेवाली राजधानी, शताब्दी और नए इंजनों में टॉयलेट के साथ एयर कंडीशन की व्यवस्था कर दी गई है। पूरा इंजन कंप्यूटराइज्ड आ रहा है। वहीं, नए इंजनों में भी टॉयलेट व एसी लगा आ रहा है। पुराने इंजनों में भी एसी लगा दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जज साहब 5 साल तक करते रहे मेरा रेप, हनीट्रैप की आरोपी क्लर्क का बड़ा दावा

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के दौसा में एक 30 वर्षीय महिला ने रविवार को अजमेर सिविल कोर्ट के एक जज पर पांच साल से अधिक समय तक उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया है। वहीं, कुछ दिन पहले ही आरोपी जज ने शिकायतकर्ता महिला के खिलाफ हनीट्रैप और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। महिला और जज 5 साल से एक दूसरे को जानते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दौसा के महिला थाने में एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में उसने जज पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। दौसा के एक पुलिस अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि महिला का आरोप है कि जज विजेंद्र मीणा (33) ने शादी का झांसा देकर 2019 से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन अब उसने शादी करने से इनकार कर दिया और अजमेर में उसके खिलाफ झूठी एफआईआर भी दर्ज करा दी। पुलिस के अनुसार, श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर में लोअर डिवीजन क्लर्क (एलडीसी) के पद पर कार्यरत महिला की आरोपी जज विजेंद्र से 5 साल पहले दौसा में मुलाकात हुई थी। जहां वे दोनों 2019 में दौसा में राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अजमेर उत्तर सीओ रुद्र प्रकाश शर्मा ने बताया, हालांकि, जज मीणा ने 16 जून को महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उसने 2019 में एक दिन जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उसका वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद उस महिला ने उन्हें उसके साथ शादी करने या 50 लाख रुपये कीमत का फ्लैट देने के लिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### शोटाइम डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 12 जुलाई से

**मुंबई, एजेंसी।** असली कहानी तो पूरी पिक्चर देखने के बाद ही पता चलती है! लाइट्स, कैमरा और इसके शोटाइम के साथ निर्माताओं के बीच की लड़ाइयों, खुद की वास्तविकताओं की पहचान, शक्तिशाली महिलाओं और रघु खन्ना के पुर्नउत्थान को देखने के लिये तैयार हो जाइये। डिज़्नी+ हॉटस्टार और धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट अपने दर्शकों के लिये लेकर आये हैं ङ्क शोटाइम के नये एपिसोड्स। यह विरासत और महत्वकांक्षाओं की कहानी है। शोटाइम दर्शकों को रघु खन्ना की यात्रा की एक झलक देता है, जो उसकी व्यक्तिगत कमजोरियों, टूटे हुए रिश्तों को सुधारने के प्रयास, और अपने खोए हुए अधिकारों को फिर से पाने की कोशिशों से भरी हुई है। सुमित रॉय व शो रनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं मिहिर देसाई और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित इस शो में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ ही विजय राज़ व विशाल वशिष्ठ प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शोटाइम के सभी एपिसोड्स 12 जुलाई से विशेष रूप से सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। करण जौहर, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट ने कहा, ''शोटाइम' की मेरे दिल में एक खास जगह है। यह किरदारों की असली जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत कमजोरियों और आंतरिक संघर्षों को दिखाती है, जिसकी सामना 'शोबिज़' की दुनिया में हर किसी को करना पड़ता है। रघु के पुर्नउत्थान से लेकर मौनी रॉय और महिमा मकवाना के दमदार परफॉर्मेंस तक, 'शोटाइम' एक दमदार कहानी बयां करेगा और दर्शकों की बेताबी को और बढ़ाएगा। हमें डिज़्नी+ हॉटस्टार से बेहतर पार्टनर नहीं मिल सकता था और हम इस कहानी को लोगों तक पहुंचाने के लिए बहुत उत्सुक हैं।'' अपूर्वा मेहता, सीईओ, धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट ने कहा, ''शोटाइम' एक अनूठी सीरीज है। यह बॉलीवुड की दुनिया को दिखाती है और इसकी वास्तविकताओं को प्रस्तुत करती है, जिसमें निर्माताओं के बीच की लड़ाईयां और संघर्ष सबसे ऊपर है। धर्मेटिक और डिज़्नी+ हॉटस्टार की साझेदारी सफल रही है और यह 'शोटाइम' के साथ और भी मजबूत हुई है। हमें उम्मीद है कि यह दर्शकों को पसंद आयेगा।'' सोमेन मिश्रा, हेड ऑफ कंटेंट (फिक्शन), धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट ने कहा, ''शोटाइम' के नये एपिसोड्स में रघु खन्ना को एक बिल्कुल नये अवतार में दर्शकों को दिखाने के लिये हम बेहद उत्साहित हैं। डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ हमारा सहयोग शानदार रहा है।

# बेटा न होने पर जुड़वां बेटियों का कर दिया कत्ल

## दिल्ली में शर्मनाक वारदात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बाहरी दिल्ली के पूठकलां गांव में करीब 20 दिन पहले एक परिवार ने जुड़वां बच्चियां पैदा होने पर दोनों नवजात बच्चियों को मार डाला और आनन-फानन में शव को भी दफना दिया। महिला का पति और ससुराल वाले बेटा चाहते थे। इस संबंध में मामला दर्ज होने के बाद से बच्चियों का पिता और उसका परिवार फरार है।

दरअसल, जुड़वां बच्चियों होने के कारण महिला का पति और उसके घरवाले नाराज थे। इसलिए उन्होंने महिला के होश में आने से पहले ही वारदात को अंजाम दे डाला। हालांकि, महिला ने होश में आने के बाद जब बच्चियों के बारे में पूछा तो पति ने दोनों बच्चियों के बीमार होने के कारण मौत का बहाना बना दिया। इस पर महिला और उसके मायके वालों को शक हुआ तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। इसके बाद शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दफना दिए गए बच्चियों के शवों को कब्र से बाहर निकाला और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामला दर्ज होने के बाद से ही पति परिवार समेत फरार है।

**वर्ष 2022 में हुई थी शादी:** जानकारी के मुताबिक, नवजात बच्चियों की मां हरियाणा के रोहतक की रहने वाली है। उसकी शादी 2022 में बाहरी दिल्ली के पूठकलां में रहने वाले नीरज सोलंकी नाम के एक शख्स से हुई थी। वह जब गर्भवती हुई तो ससुराल वाले चाहते थे कि वह बेटे को जन्म दे, लेकिन महिला ने जुड़वां बेटियों को जन्म दे दिया। इससे परिवार के लोग परेशान हो गए। योजना के मुताबिक, परिजन महिला को रोहतक में छोड़कर बच्चियों को यह कहकर ले आए कि मां जब स्वस्थ हो जाएगी तो बच्चियों से मिल लेगी, तब तक घर के अन्य सदस्य बेटियों की देखभाल करेंगे।

### 20 दिन बाद मामला दर्ज

बच्चियों की मां शिकायत लेकर रोहतक सेक्टर-35 के अर्बन एस्टेट थाना पहुंची। मगर उन्हें गांव के थाने सांपला भेज दिया गया। जब वे सांपला पहुंचीं तो दिल्ली का मामला बताकर उन्हें दिल्ली के सुल्तानपुरी थाने भेजा गया। इस तरह थानों के चक्कर काटने के बाद 5 जून को परिजन दिल्ली के बाहरी जिला के डीसीपी से मिले तो कार्रवाई शुरू की गई। तत्काल अधिकारियों ने क्षेत्रीय एसडीएम को इसकी सूचना दी। उसी दिन बच्चियों के शव श्मशान घाट में कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल में भेज दिया गया। अगले दिन पोस्टमॉर्टम हुआ।

### वारदात के बाद आरोपी पिता फरार हुआ

महिला पूजा का पति नीरज फरार है। इसके परिवार में पिता बिजेंद्र सोलंकी, मां चांद कौर, बड़ा भाई दिनेश व बहन मोनिका है। पूजा के भाई जुगनू ने बताया कि बहन के गर्भवती होने पर नीरज व उसके परिजनों ने अवैध रूप से भ्रूण जांच करवाई थी, जिसमें पूजा की गर्भ में जुड़वां लड़कियां होने का पता चला। इसके बाद से ससुराल वाले उसके साथ बदसलूकी करने लगे। बात ज्यादा बढ़ी तो पूजा अपने मायके आ गई। करीब छह माह मायके में रहने के बाद पूजा ने 30 मई को रोहतक के एक निजी अस्पताल में बच्चियों को जन्म दिया। यह सुनकर शाम को पूजा के सास-ससुर अस्पताल पहुंचे। अगले दिन एक जून को नीरज, अपनी मां और बहन के साथ अस्पताल पहुंचा। नीरज और उसकी मां ने दोनों बच्चियों को लिया और उन्हें दिल्ली ले आए।

## ऐलान कर किया दोस्त का कत्ल, लड़की के चक्कर में गोली मारकर की हत्या

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में लोहियानगर के हुमायूंनगर में दिन निकलते ही ऐलानिया कत्ल की वारदात से सनसनी फैल गई। हेयर सैलून में शेविंग कराने पहुंचे युवक को उसके दोस्त ने कनपटी पर गोली मार दी। हत्या की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। लखनऊ से भी घटना का संज्ञान लिया गया। इसके बाद दोपहर को मुठभेड़ में आरोपी के पैर में दो गोली लगी और पुलिस ने उसे दबोच लिया।

नूर गार्डन निवासी 22 वर्षीय समीर पुत्र असलम ई-रिक्शा रिपेयरिंग का काम करता था। हुमायूंनगर में ही उसने दुकान किराये पर ली थी। बराबर में अमीरू सैफी निवासी फतेउल्लापुर का बाइक सर्विस सेंटर है और दोनों दोस्त भी थे। दोनों के बीच एक युवती को लेकर शनिवार दोपहर विवाद हो गया था। अमीरू ने समीर को हत्या की धमकी दी थी। रविवार सुबह 11 बजे समीर अपनी दुकान के पास हेयर सैलून पर शेविंग कराने पहुंचा था। दुकान मालिक वसीम ने जैसे ही शेविंग करना शुरू किया, इसी दौरान अमीरू तमंचा लेकर दुकान में घुस आया और समीर की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर फरार हो गया। दोपहर में आरोपी को ततीना रोड पर पुलिस ने घेर लिया और मुठभेड़ में घायल होने के बाद उसे दबोच लिया। मेरठ के एसपी सिटी, आयुष विक्रम सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि समीर और अमीरू दोनों की दुकान आसपास है। दोनों आपस में दोस्त हैं। दोनों के बीच कुछ विवाद हुआ, जिसके बाद अमीरू ने वारदात अंजाम दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तमंचा भी बरामद है। पूछताछ की जा रही है।

## बसपा इस बार विधानसभा के उपचुनाव भी लड़ेगी, बड़े नेताओं को हाईकमान से मिला आदेश

**लखनऊ, एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को बुलाई बैठक में निर्देश दिया है कि इस बार उपचुनाव मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। यहां बता दें कि बसपा अमूमन उपचुनावों से दूरी बनाकर रहती है, लेकिन अब उसने भी उपचुनावों में उम्मीदवारों को उतारे का फैसला किया है। बसपा सुप्रीमो ने चंद्रशेखर आजाद को भाजपा, कांग्रेस और सपा का एजेंट बताया है।



बहुजन समाज पार्टी उपचुनाव भी लड़ेगी, इस निर्णय के बाद राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को हाईकमान से निर्देश दिया गया है कि वे उपचुनाव की तैयारियों में जुटें। उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद रिक्त हुई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए तैयारियां शुरू करें। उम्मीदवारों के चयन के लिए नामों का पैनल अभी से तैयार करने शुरू कर दिए जाएं, जिससे समय रहते अच्छे उम्मीदवार उतारे जा सकें। पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि नगीना लोकसभा सीट पर इन तीनों पार्टियों ने मिलकर कमजोर उम्मीदवार दिए जिससे चंद्रशेखर आजाद चुनाव जीत गया।

**मायावती ने सदस्यता शुल्क घटाया:** मायावती ने संगठन को मजबूत करने के लिए बसपा सदस्यता शुल्क 200 रुपये से घटाकर 50 रुपये कर दिया है।

## भंगार लेनो है थारे; वायरल वीडियो से चिढ़ाया जाता था बुर्जुग, पेड़ पर लटकी मिली लाश



**जोधपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर-फलोदी स्टेट हाइवे पर लोहावट कस्बे में गेंगहट के पास रविवार रात एक वृद्ध ने पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया।लोहावट थाने के एएसआई शैतानाराम पंवार ने बताया कि रात आठ बजे गेंगहट के पास पेड़ पर एक वृद्ध का शव लटका होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को अंदेशा है कि वृद्ध ने आत्महत्या की है। पास ही उसकी एक रेहड़ी भी खड़ी मिली। जिसमें कुछ पुराना सामान है। मृतक के पास बाड़मेर के चौहटन निवासी प्रतापराम पुत्र केसराराम प्रजापत के दस्तावेज मिले। उसकी जेब से मंदिर व गौशाला की कुछ रसीदें और साढ़े तीन चार हजार रुपए भी मिले है। जिसके आधार पर देर रात तक पुलिस पहचान कर उसके परिजन से सम्पर्क करने का प्रयास कर रही है। अभी तक आत्महत्या का कारण पता नहीं लग पाया है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रखे हैं वृद्ध के वीडियो:** पुलिस के अनुसार मृतक का कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें विदेशी महिला व युवक, वृद्ध को की रेहड़ी को मिट्टी से धकेलकर निकालने में मदद करने, रेहड़ी को धक्का लगाने व पानी पिलाने की मनुहार करते हैं, लेकिन वृद्ध इससे गुस्सा हो जाता है। फिर वह कहता है कि भंगार लेवणों थ्हारेज्उसके साथ थोड़ी सी चलते हुए बातचीत का वह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। इसके बाद जहां से वृद्ध रेहड़ी लेकर निकलता तो आस-पास के लोग उसे भंगार लेहणो है थ्हारे, कहकर खिल्ली उड़ाते थे। वृद्ध के लोहावट कस्बे में आने पर कुछ लोगों के खिल्ली उड़ाने की बात भी सामने आई है। सोशल मीडिया ट्रोलिंग आत्हत्या करने की बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अयोध्या में रामलला की शरण में हरियाणा सरकार, कैबिनेट मंत्रियों संग दर्शन करने पहुंचे सीएम नायब सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे हैं। वे विशेष विमान से पूरे मंत्रिमंडल के साथ सोमवार को अयोध्या के लिए रवाना हुए। चंडीगढ़ से उड़ान भरने से पहले सैनी ने कहा, पूरी दुनिया से लोग रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसीलिए हम भी भगवान राम के दर्शन करने जा रहे हैं।

बता दें कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत राज्य से लोगों को अयोध्या भेजती है। इस योजना के तहत 1.80 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 साल के ऊपर के बुजुर्गों को अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थानों की यात्रा करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य की बेजेपी सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के बहुत सारे कार्य किए हैं।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र भी धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन रहा है और पूरे देश से लोग यहां आते हैं। अन्य कई महत्वपूर्ण स्थानों की भी पर्यटन क्षमता बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि इस लोकसभा चुनाव में हरियाणा में बीजेपी ने 10 में पांच सीटों पर जीत हासिल की। ऐसे में बीजेपी को हरियाणा में नुकसान उठाना पड़ा है।



हरियाणा में इसी साल विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। इससे पहले हरियाणा की सरकार भगवान राम की शरण में जा रही है। नायब सिंह सैनी के साथ विधानसभा के स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और 13 मंत्री,19 विधायक अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा, तमिलनाडु, गुजरात और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रामलला के दर्शन कर चुके हैं। वहीं अयोध्या में जमीन खरीदने और गेस्ट हाउस बनाने के लिए भी कई राज्य आवेदन कर चुके हैं। अब हरियाणा सरकार भी इसके लिए आवेदन करेगी।

## राजस्थान में कांग्रेस एकला चलो की राह पर, हनुमान बेनीवाल को झटका

**जयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस राजस्थान विधानसभा उप चुनाव में किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। पार्टी चुनाव अकेली लड़ेगी। उप चुनाव को लेकर कमेटी गठित कर दी है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने आदेश जारी कर दिए है। पार्टी हनुमान बेनीवाल के सांसद बने से रिक्त हुई खींवसर पर अपना प्रत्याशी उतार सकती है। जबकि बाप सांसद राजकुमार रोत के इस्तीफे से खाली हु चौरासी सीट पर प्रत्याशी उतार सकता है। बता दें लोकसभा चुनाव में बाप और आएलपी के साथ कांग्रेस का गठबंधन था। लेकिन पार्टी के नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। बता दें उपचुनाव में हनुमान बेनीवाल 5 में से 2 सीटें कांग्रेस से मांग रहे थे, लेकिन अब कांग्रेस ने कमेटी गठित कर साफ संकेत दे दिया है वह अपने सहयोगी दलों के लिए कोई सीट नहीं छोड़ेगी। गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव को लेकर था। झुंझुनू सीट पर सांसद बृजेंद्र सिंह ओला, प्रभारी महासचिव रामसिंह कस्वां, जिलाध्यक्ष दिनेश मूंड और विधायक मनोज मेघवाल को कमेटी में शामिल किया गया है, जबकि दौसा विधानसभा सीट पर सांसद मुरारीलाल मीणा, महासचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज, जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओड और विधायक रफीक खान को कमेटी में जगह मिली है. इसी तरह देवली-उनियारा सीट पर सांसद हरिशचंद्र मीना, प्रभारी महासचिव प्रशांत शर्मा, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा और विधायक विकास चौधरी को कमेटी में शामिल किया गया है। खींवसर सीट के लिए जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, विधायक डूंगरराम गेदर, सेवादल के मुख्य संगठक हेमसिंह शेखावत और एनएसयूआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी को जिम्मा दिया गया है। इस सीट से विधायक बनने के बाद राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने नागौर से सांसद का चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। वे पहले भी खींवसर से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। डूंगरपुर जिले की चौरासी सीट पर प्रभारी उपाध्यक्ष रतन देवासी, जिलाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार, विधायक पुष्करलाल डांगी और पूर्व विधायक रामलाल मीना को जिम्मेदारी दी गई है। चौरासी सीट से विधानसभा चुनाव में भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत ने जीत दर्ज की थी। बाद में सांसद बनने के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया।

## पुणे में रोड रेज की एक और घटना, विधायक के भतीजे ने बाइक को मारी टक्कर; युवक की मौत

**पुण, एजेंसी।** महाराष्ट्र के एक विधायक के भतीजे की कार ने कल रात पुणे-नासिक राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में 19 साल के एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मयूर मोहिते को गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि मयूर पुणे जिले के खेड़ अलंदी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप मोहिते पाटिल के भतीजे हैं। दिलीप मोहिते पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार गुट के एमएलए हैं। मृतक की पहचान ओम भालेराव के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि मयूर मोहिते द्वारा चलाई जा रही टोयोटा फॉर्च्यूनर एसयूवी गलत दिशा से आ रही थी और उसने बाइक को सीधे टक्कर मार दी। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है। वहीं, इस दुर्घटना के बाद मीडिया को दिए गए बयान में विधायक ने कहा है कि उनका भतीजा मौके से भागा नहीं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वह नशे में नहीं था। इस घटना ने एक बार फिर लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों के कारण चर्चा में ला दिया है। पिछले महीने दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हो गई। तेज रफ्तार पोर्शे ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी थी। कार को रियल एस्टेट एजेंट का 17 साल का बेटा चला रहा था।

# द्वारका एक्सप्रेसवे को लेकर खुफिया विभाग ने गुरुग्राम प्राधिकरण को सौंपी सीक्रेट रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट ने द्वारका एक्सप्रेसवे को लेकर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) को एक सीक्रेट रिपोर्ट भेजी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर गुरुग्राम के सेक्टर-88बी और सेक्टर-37डी के पास अवैध रूप से ग्रीन एरिया में दो रेस्तरां का संचालन किया जा रहा है। यह खुलासा इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट की शुरुआती जांच में हुआ है।

इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट ने इस रिपोर्ट से जीएमडीए को अवगत कराकर आग्रह किया है कि वे अपने स्तर पर जमीन के मालिकाना हक की जानकारी जुटाने के बाद नियमानुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाएं। विभाग ने अपनी शुरुआती जांच में पाया है कि सेक्टर-88बी में गांव गढ़ी हरसरू की जमीन पर पेट्रोल पंप के पास ग्रीन एरिया में एक रेस्तरां चल रहा है। इस रेस्तरां संचालक की तरफ से किसी व्यक्ति को नौ हजार रुपये प्रतिमाह किराया दिया जा रहा है।

जयपुर निवासी चला रहा ये रेस्तरां राजस्थान के जयपुर का रहने वाला एक व्यक्ति चला रहा है। इसके



अलावा पलवल निवासी एक व्यक्ति गांव गाड़ौली की जमीन पर एक रेस्तरां चला रहा है। इसकी एवज में 12 हजार रुपये प्रतिमाह किराया दिया जा रहा है। यह जमीन ग्रीन एरिया में आती है। इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट ने पत्र में कहा है कि यह केवल शुरुआती जांच है, जीएमडीए के अधिकारी अपने स्तर पर इन रेस्तरां की जांच करवाएं। यदि यह रेस्तरां अधिग्रहित ग्रीन एरिया में चल रहे हैं तो इन्हें हटवाकर उसकी रिपोर्ट इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट को दी जाए।

**जीएमडीए की तरफ से किया जा रहा सर्वे:** जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवास ने ग्रीन एरिया को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए डीटीपीई आरएस बाठ को आदेश जारी किए हैं। उन्हें आदेश दिए गए हैं कि द्वारका एक्सप्रेसवे, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गोल्फ कोर्स रोड, एसपीआर, पुराने दिल्ली रोड, शीतला माता रोड के अलावा शहर की मुख्य सड़कों पर ग्रीन एरिया में हुए अतिक्रमण का सर्वे किया जाए। डीटीपीई ने 70 प्रतिशत एरिया में सर्वे पूरा कर लिया है। अब तोड़फोड़ अभियान चलाने के लिए जिला उपायुक्त से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके पूरा होने के बाद सप्ताह में पांच दिन ग्रीन एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान इन अवैध रूप से चल रहे रेस्तरां पर भी कार्रवाई की जाएगी। जीएमडीए के डीटीपीई आरएस बाठ ने कहा, जीएमडीए की अधिकांश मुख्य सड़क के ग्रीन एरिया का सर्वे कर लिया गया है।

# भारतीय रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजों ने पेरिस ओलंपिक से पहले शानदार प्रदर्शन करते हुए तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में दो कांस्य पदक और जीते। भारत के लिए धीरव बोम्मादेवरा और भजन कौर की मिक्स्ड रिकर्व टीम ने मैक्सिको को हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह इस टूर्नामेंट में अपने अभियान का समापन चार पदक के साथ किया।

भारत के लिए इससे पहले शनिवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जबकि प्रियांश ने रजत पदक जीता था।

### भारतीय मिक्स्ड जोड़ी ने वापसी कर जीता पदक

मिक्स्ड डबल्स में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी, लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। धीरज ने इसके बाद व्यक्तिगत वर्ग के क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने के बाद देश को एक और पदक दिलाया। उन्होंने इटली के नौवें वरीय मार्को नेस्पोली को 7-3 (28-27, 29-28, 27-28, 28-28, 30-29) से हराया। यह विश्व कप में उनका दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने पिछले साल इसी स्थान पर प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में अपना पहला पदक जीता था।

धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के तीसरे नंबर के पूर्व ओलंपिक टीम पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम वूजिन से हार गए थे। सेना के इस जवान को अंतिम चार मैच में 2-6 (29-29, 27-30, 29-29, 27-29) से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### अंकिता भकत पदक से चूकीं

भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था, लेकिन अंकिता भकत महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गईं।



इंडिया वर्सेस साऊथ अफ्रीका

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास

- शतक की हैट्रिक लगाने से चूकी
- 3 मैचों में बनाए 343 रन



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में साऊथ अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ तीसरे वनडे में लगातार तीसरा शतक लगाने से चूक गई। स्मृति ने सीरीज के पहले दो मैचों में 117 और 136 रन बनाए थे। रविवार को तीसरे वनडे में 216 रनों का पीछा करते हुए स्मृति ने अपनी टीम को मजबूत शुरूआत दी। वह 31वें ओवर में 90 रन बनाकर आऊट हुई और अपने शतक से चूक गईं। स्मृति ने 83 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से यह रन बनाए। तीन वनडे मैचों की सीरीज में इसी के साथ स्मृति के 343 रन हो गए हैं। वह 3 मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बन गई हैं।

### पहले ही मिताली का रिकॉर्ड कर चुकी हैं बराबर

स्मृति मंधाना ने इस सीरीज में दो शतक लगाए जिसके चलते उन्होंने अपने वनडे करियर में 7 शतक पूरे किए। भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले मिताली राज के नाम पर था। अब इसे स्मृति ने बराबर कर लिया है। महिला वनडे में सबसे ज्यादा 15 शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग के नाम पर हैं जिन्होंने 103 मैचों में ही 15 शतक लगाए हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम 13 शतक हैं। इंगलैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की अथापथ्थु, इंगलैंड की टिम ब्यूमोंट और एडवर्ड 9-9 शतक लगा चुकी हैं। अब स्मृति से आगे इंगलैंड की एस टेलर, न्यूजीलैंड की सोफिया डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की के रॉल्टन हैं जोकि 8-8 शतक लगा चुकी हैं।

### ऐसा रहा तीसरा वनडे

दक्षिण अफ्रीका को ओपनर लौरा वोल्वार्ड्ट और तजमिन ब्रिट्स ने मजबूत शुरूआत दी। दोनों ने 20 ओवर के अंदर ही स्कोर 102 रन पर ला खड़ा किया। वोल्वार्ड्ट 57 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 61 तो तजिमन 38 रन बनाकर आऊट हुई। मध्यक्रम में नादिन डी क्लार्क ने 26, शंगासे ने 16 तो मिके डी रिडर ने 26 रन बनाकर स्कोर 215 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना के कारण मजबूत शुरूआत की। स्मृति ने 83 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 90 तो कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 48 गेंदों पर 42 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

इंग्लैंड वर्सेस यूएसए

# इंग्लैंड टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में



**बारबाडोस, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में इंग्लैंड की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई है। इंग्लैंड ने बारबाडोस के मैदान पर यूएसए को 10 विकेट से हराकर यह उपलब्धि अपने नाम की। इंग्लैंड को ग्रुप चरण में भी मुसीबत का सामना करना पड़ा था। लेकिन अच्छी किस्मत से वह सुपर 8 में क्वालिफाई हो गए थे। लेकिन सुपर 8 में वह गजब का प्रदर्शन कर रहे हैं। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने सुपर 8 में अपने दूसरे मुकाबले में यूएसए को महज 115 रन पर ही ढेर कर दिया था। जवाब में इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर बल्ले से मुखर रहे। उन्होंने एक ही ओवर में पांच छक्के भी लगाए और 83 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

**जोस बटलर ने 1 ओवर में जड़े 5 छक्के**



- यूएसए के लिए स्टीवन टेलर और गौंस ओपनिंग पर आए। लेकिन पहली ही ओवर में गौंस 8 रन बनाकर आऊट हो गए। तभी स्टीवन टेलर और नितिश कुमार स्कोर को 43 रन तक ले गए। स्टीवन 12 रन बनाकर सैम कुरैन का शिकार हो गए। इसके बाद यूएसए के कप्तान आरोन जोंस महज 10 रन बनाकर आदिल राशिद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

- यूएसए ने जब 56 रन पर तीन विकेट गंवा लिए थे तो आदिल राशिद ने उन्हें एक और झटका दिया। उन्होंने जमे हुए बल्लेबाज नितिश कुमार (30) को पवेलियन की राह दिखा दी। जिससे यूएसए का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया। मध्यक्रम में हरमीत सिंह ने जरूर 17 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए लेकिन बाकी बल्लेबाजी फेल हो गए।

### पैट कमिंस के बाद क्रिस जॉर्डन का कमाल, टी20 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

यूएसए के लिए 19वां ओवर बेहद खरतनाक रहा। गेंद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन के हाथों में थी। जॉर्डन ने पहली ही गेंद पर कोरी एंडरसन को पवेलियन की राह दिखाई जोकि 28 गेंदों पर 29 रन बनाने में सफल रहे थे। इसके बाद जॉर्डन ने तीसरी, चौथी और 5वीं गेंदों पर लगातार विकेट लिए। उन्होंने हैट्रिक पूरी की और यूएसए को 115 रनों पर ही रोक दिया। जॉर्डन इंग्लैंड की ओर से टी20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज हैं।

### एशियन चैंपियनशिप में रोहतक की मुस्कान व दिपांशी ने अंडर-17 मुकाबलों में जीता स्वर्ण, परिवार में जश्न




**रोहतक, एजेंसी।** दोनों पहलवानों के शानदार प्रदर्शन से अखाड़े की सभी पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। स्वर्ण पदक जीतने पर पहलवानों के परिवार व अखाड़े में खुशी का माहौल है। मंगलवार को घर लौटने पर दोनों पहलवानों का जोरदार स्वागत किया जाएगा। एशियन चैंपियनशिप में पहले अंडर-17 व बाद में अंडर-19 के मुकाबले होंगे।

ये चैंपियनशिप जार्डन में 22 से 30 जून तक हो रही है। कोच मंदीप ने बताया कि जार्डन में आयोजित कुश्ती एशियन चैंपियनशिप में गांव रिठाल निवासी दीपांशी 46 किलोग्राम भार वर्ग व गांव अस्थल बोहर निवासी मुस्कान 53 किलोग्राम भार वर्ग में दोनों पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों पहलवानों के शानदार प्रदर्शन से अखाड़े की सभी पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। स्वर्ण पदक जीतने पर पहलवानों के परिवार व अखाड़े में खुशी का माहौल है। मंगलवार को घर लौटने पर दोनों पहलवानों का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

# साउथ अफ्रीका 10 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचा

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने 24 जून की सुबह (भारतीय समयानुसार) वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेस्टइंडीज बनाम साउथ अफ्रीका का यह एंटिगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम पर खेला गया। यह मैच बारिश से प्रभावित रहा। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की पारी 2 ओवर ही हुए थे कि बारिश आ गई। उस समय साउथ अफ्रीका का स्कोर 2 विकेट पर 15 रन था। बारिश बंद होने के बाद जब दोबारा खेल शुरू हुआ तो ओवर में कटौती के कारण साउथ अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति के आधार पर जीत के लिए 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। पावरप्ले 5 ओवर का कर दिया गया। साउथ अफ्रीका ने यह लक्ष्य 16.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर हासिल किया।



### साउथ अफ्रीका की टी20 विश्व कप 2024 में लगातार 7वीं जीत

दक्षिण अफ्रीका ने इस जीत के साथ ही 10 साल बाद टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उसने 2014 के संस्करण में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। साउथ अफ्रीका की इस संस्करण यह लगातार 7वीं जीत है। उसने इस जीत के साथ ही श्रीलंका का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

श्रीलंका ने टी20 विश्व कप 2009 में लगातार 6 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद 2010 में ऑस्ट्रेलिया ने उसके इस रिकॉर्ड की बराबरी की।

### मेजबान कभी नहीं बन पाया टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन

दक्षिण अफ्रीका से मैच हारने के बाद के बाद सह मेजबान वेस्टइंडीज आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गया। दूसरा सह मेजबान अमेरिका पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। दोनों सह मेजबानों के बाहर होने के साथ ही टी20 विश्व कप से जुड़ा एक मिथक कायम रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

**लुसाने, एजेंसी।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच में बेल्जियम के खिलाफ ग्रेट ब्रिटेन की हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2023/24 सीज़न की शुरुआत में, इस आयोजन में एक नया प्रोत्साहन जोड़ा गया, जिसमें खिताब विजेता आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधे योग्यता अर्जित करेंगे। नियमों के अनुसार, बेल्जियम या नीदरलैंड पुरुष या महिला दोनों में से किसी एक का खिताब जीतते हैं, तो उनके पीछे सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली टीम को सीधे प्रवेश मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया, जो वर्तमान में 34 अंकों के साथ पुरुष तालिका में पहले स्थान पर है, पहले ही अपने 16 मैच पूरे कर चुका है। ग्रेट ब्रिटेन के आज अंक



गिरने से, अब वे अधिकतम 31 अंक प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं। जबकि नीदरलैंड, अपने सीज़न में 4 मैच शेष रहते हुए, वर्तमान में 26 अंकों पर है, खिताब की तलाश में बना हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया को अब खिताब विजेता के रूप में या नीदरलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहने की गारंटी है, दोनों उदाहरणों से उन्हें एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 में स्थान की गारंटी मिलती है। महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीज़न में, डच महिला टीम ने कल शाम जर्मनी पर जीत के साथ खिताब हासिल किया। अर्जेंटीना वर्तमान में 34 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है, लेकिन जर्मनी, 28 अंकों के साथ, आने वाले दिनों में उस कुल अंक को पीछे छोड़ सकता है, क्योंकि इस सीज़न में अभी 3 मैच खेले जाने बाकी हैं.

# पीटी उषा ने किया भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रविवार को भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया।



इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा ने कहा कि यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा। उन्होंने आरआरयू परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस तरह के केंद्र का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह खेल और ओलंपिक में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उषा ने कहा कि यह केंद्र ज्ञान के भंडार के रूप में काम करेगा, जिसमें ओलंपिक से जुड़े डेटा, प्रशिक्षण पद्धतियों, खेल विज्ञान और खिलाड़ियों के विकास से जुड़ी जानकारी होगी।

उषा ने कहा, हम एक साथ काम करने के साथ ज्ञान साझा करके और नवाचार को अपनाकर मजबूत खेल संस्कृति बना सकते हैं। यह जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक प्रतिभाओं को पोषित करेगी।

# भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अकुला ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया।

श्रीजा डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में सिंगल्स वर्ग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुकी श्रीजा ने फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 4-1 से हराया। श्रीजा ने इस टूर्नामेंट में कुल दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महिला सिंगल्स फाइनल में अकुला की शुरुआत थोड़ी खराब रही और वह अपनी चीनी प्रतिद्वंद्वी को पहला गेम 10-12 से गंवा बैठीं। लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए अगले चार गेम 11-9, 11-6, 11-8, 11-6 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इस तरह भारत ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया।

### महिला डबल्स में भी जीता स्वर्ण

श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर महिला डबल्स वर्ग में हमवतन दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 (11-9, 11-6, 12-10) से हराकर दूसरा स्वर्ण भी जीता।

भारत ने पुरुष डबल्स वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता। हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की जोड़ी ने अजीज सोलंके और ओलाजिदे ओमोटायो को 3-0 (11-811-9, 11-8) से हराया।



## एक नजर

### 15 लीटर जावा महुआ बरामद, एक गिरफ्तार

**हसुपरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के उचित बिगहा गांव में रविवार को हसपुरा पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। अभियान में उचित विगहा गांव निवासी रामविलास सिंह के पुत्र अरविंद कुमार को 15 लीटर जावा महुआ के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि मद्य निषेध अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने चोरी के जेवरात को किया बरामद,चोर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पुलिस ने चोरी के जेवरात को बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार किया।इस मामले में शहर के महराजगंज निवासी खलील खा की पत्नी रेहाना खातून ने प्राथमिकी करते हुए महाराज गंज निवासी मो तौफीक उर्फ राहुल उर्फ बौद्धा को आरोपी बनाया है। प्राथमिकी में कहा है कि बीते रात मेरे गोदरेज से ताला खोलकर किसी ने एक सोने का चैन,02 सोने का अंगुठी,दो जोड़ी कान का झुमका, एवम एक लॉकेट का चोरी हो गया।इस मामले में घर से लोग सहित आसपास के लोगो से पूछताछ करने लगा तो मो तौफीक की स्थिति संदेहास्पद लगी। तो उसका पीछा किए तो चोरी का जेवरात बेचते पकड़ा गया।चोरी का जेवरात लहंगा हाउस दुकान,अजय ज्वेलर्स एवम न्यू अंकित ज्वेलर्स बरामद करते हुए मो तौफीक को थानां को सुपुर्द किया।प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि इस मामले प्राथिमिकी कर चोरी के जेवरात को बरामद कर इस मामले आरोपी मो तौफीक को गिरफ्तार किया गया है जिससे और पूछताछ की जा रही है।

### प्रवीण कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह के निधन पर शोक सभा

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद जदयू के जिला सचिव आनंद सिंह उर्फ टिंकू सिंह की सड़क दुर्घटना में 16 जून की रात में मौत हो गई थी। वह अपने दोस्त मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआवां गांव निवासी प्रवीण कुमार सिंह उर्फ टुना सिंह और रोहतास के नासरीगंज के उपेंद्र सिंह घायल हो गए थे। 17 जून को घायल प्रवीण कुमार सिंह उर्फ टुना सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में कराया गया था। इलाज के दौरान रांची में इनकी मौत हो गई।प्रवीण कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह के निधन पर औरंगाबाद जदयु कार्यलय में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें जदयु जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने शोक व्यक्त किया उन्होंने कहा कि प्रवीण के निधन से औरंगाबाद जदयू को बड़ा झटका लगा है जदयू जिला प्रवक्ता राजीव रंजन उर्फ राजा बाबू ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में औरंगाबाद जदयु परिवार दो ऐसे साथी को खो दिया जो पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है उन्होंने बताया कि इसी बीच झारखंड के विशुनपुर गांव के पास पहुंचे जहां वाहन अनियंत्रित हो गया और पास के पेड़ में जा कर टक्कर खा गया। घटनास्थल पर ही आनंद सिंह उर्फ टिंकू सिंह मौत हो गईं थी। शुक्रवार को इलाज के दौरान प्रवीण कुमार सिंह उर्फ टुना सिंह की भी मौत रांची में हो गई। तीसरे घायल उपेंद्र सिंह की स्थिति सामान्य है।

# जैव विविधता प्रबंधन समितियों का ऑनलाइन राज्य सम्मेलन आज

## तैयारी पूरी, पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार होंगे रुबरु

- जैव विविधता प्रबंधन समितियों के माध्यम से वनीकरण को बढ़ावा
- वृक्षारोपण गतिविधियों में तेजी लाने का उद्देश्य
- पर्यावरण संरक्षण पर कार्यों को संपादित करने का प्रयास
- वन संरक्षकों की भूमिका पर भावुक संदेश




कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद की डीएफओ रुचि सिंह औरंगाबाद(एसएनबी)। बिहार में राज्य भर में जिला एवं प्रखंड स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समितियों के सहयोग से वनीकरण को बढ़ावा देने, वृक्षारोपण गतिविधियों में तेजी लाने तथा पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को संपादित कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समितियों का ऑनलाइन राज्य सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन के माध्यम से बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार रूबरू होकर समितियों का उत्साहवर्द्धन करेंगे। औरंगाबाद की जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह ने आज यहां बताया कि सम्मेलन की पूर्व संध्या पर मंत्री ने संदेश भी जारी किया है। संदेश में उन्होंने कहा है कि हमलोग पृथ्वी ग्रह के सेवक भर हैं और पुरखों व परंपराओं द्वारा प्रदत प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करना और उसमें वृद्धि करना हमारा कर्त्तव्य है। हमलोग मिलकर धरती माता की समृद्ध जैव-विविधता को और समृद्ध करें, उसके प्राचीन गौरव को पुनःस्थापित करें तथा अगली पीढ़ी के हाथों में उसे सौंप दें, ताकि सभी मनुष्यों, प्रकृति और जीवन के सभी रूपों का कल्याण हो सके। वही गया वन अंचल के वन संरक्षक एस सुधाकर ने अपने संदेश में कहा है कि प्राकृतिक व्यवस्थाओं के संतुलन तथा स्वस्थ स्थिति को बनाए रखने में जैव विविधता की अद्वितीय भूमिका है। जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ जैव विविधता हमारे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण मुद्दा है। जैव विविधता में गिरावट न केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा है, बल्कि यह आर्थिक, सुरक्षात्मक तथा नैतिक मुद्दा भी है। लोगों को प्रकृति की रक्षा के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में बदलाव लाना होगा और प्रकृति को बचाने के लिए सभी लोगों को एक मंच पर आने की ज़रूरत है। डीएफओ ने बताया कि ऑनलाइन सम्मेलन के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रखंड एवं जिला स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समितियों के माध्यम से जैव विविधता को बढ़ावा देने हेतु उत्प्रेरित करना है। पृथ्वी पर जीवन को बनाये रखने के लिए जैव विविधता और उसका रखरखाव बहुत महत्वपूर्ण है। वन एवं पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होनेवाले ऑनलाइन सम्मेलन में जैव विविधता, कृषि, बागवानी, पशु एवं अन्य उत्पादन वयवस्था में जैविक विविधता प्राकृतिक वन क्षेत्रों में जैव विविधता, जैव विविधता प्रबंधन समितियों की भूमिका, वानिकी, वन्यप्राणी, वृक्षारोपण एवं आद्रभूमि संरक्षण आदि विषयों पर गंभीरता से चर्चा होगी। कहा कि जैव विविधता प्रबंधन समितियों का सम्मेलन 25 जून को पूर्वाहन 11:00 बजे से ऑनलाइन माध्यम से जिला स्तर पर औरंगाबाद समाहरणालय सभागार में, प्रखंड स्तर पर सभी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में एवं सभी नगर निकाय क्षेत्रों में नगर आयुक्त एवं संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा अपने अपने सभा कक्ष में उपलब्ध कराये गए लिंक पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। सम्मेलन में जैव विविधता समितियों के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

## मंत्री ने की वन प्रमंडल द्वारा की गई वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा

- इस वर्ष कुल 354200 पौधे लगाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को यहां जिला परिसदन के सभागार में समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंत्री ने औरंगाबाद वन प्रमंडल द्वारा इस वर्ष किए जाने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में डीएफओ ने उन्हे बताया कि इस वर्ष वर्षाकालीन वृक्षारोपण के तहत विभाग द्वारा कुल 354200 पौधे लगाने का लक्ष्य है। साथ ही कृषि वानिकी योजना, जीविका दीदी, सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय, स्वयंसेवी संगठनों, वक्फ बोर्ड आदि के माध्यम से 471381 पौधे लगाए जाने है। इसके लिए 50 से ज्यादा सरकारी एवं गैर सरकारी परिसरों को चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा एवं जल संरक्षण हेतु 150 हेक्टेयर की योजना समर्पित की गई है। इस अवसर पर मंत्री ने औरंगाबाद वन प्रमंडल द्वारा तैयार किए गए आगामी पांच वर्षों के विजन डॉक्यूमेंट का भी लोकार्पण किया गया। मंत्री ने जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभाव की चर्चा करते हुए वनों के संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी दी। कहा कि अगले माह विभाग द्वारा पूर्ण किये गये योजनाओं का लोकार्पण उनके द्वारा किया जाएगा। इसके तहत भरकुड़ जैव विविधता उद्यान, वनपाल आवास सह कार्यालय, वनरक्षी आवास, चार कमरे का बैरक का लोकार्पण होगा। मंत्री ने कहा कि औरंगाबाद वन प्रमंडल के तहत पहाड़ी क्षेत्रों में 50000 सीडबॉल तैयार कर ड्रोन के माध्यम से पौधारोपण करने की योजना है। इसके लिए उन्होंने वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। मंत्री ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को औरंगाबाद वन प्रमंडल में वन विश्रामागार निर्माण हेतु योजना समर्पित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में औरंगाबाद की वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह, सहकारिता विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## औरंगाबाद, गया, नवादा व जमुई में ड्रोन और हेलिकॉप्टर की मदद से वृक्ष विहीन नंगे पहाड़ों पर सीड बॉल से लगेंगे पौधें

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा राज्य के वृक्ष विहीन नंगे पहाड़ों पर पौधारोपन कर हरा भरा बनाएगा। इसके तहत औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई जिले में मृतप्राय एवं नंगे पहाड़ों को सीड बॉल के जरिए पेड़ लगाकर उन्हें हरा-भरा बनाया जाएगा। राज्य सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि औरंगाबाद, गया, नवादा तथा जमुई जिले में पहाड़ों पर वृक्षों का अभाव है। इसे दूर करने और हरा-भरा बनाने के लिए वन विभाग ने व्यापक योजना बनाई है। योजना के तहत औरंगाबाद जिले में नंगे पहाड़ों पर इस वर्ष 50 हजार सीड बॉल डाले जाएंगे। जिन नंगे पहाड़ों पर पहुंचना आसान नहीं होगा, वहां सीड बॉल डालने के लिए ड्रोन तथा हेलिकॉप्टर की भी मदद ली जाएगी। वर्षा होने पर जब सीड बॉल प्रस्फुटित तथा अंकुरित होगा तो इससे स्वतः वृक्ष उगेंगे। बाद में विभाग की ओर इन वृक्षों के रखरखाव की भी व्यवस्था की जा रही है। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि औरंगाबाद जिले में इस वर्ष वन विभाग की ओर से तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी संगठनों की मदद से करीब चार लाख पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि आगामी एक जुलाई से वन महोत्सव शुरू हो रहा है और मौसम के अनुकूल होते ही पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। विभाग ने इस बार इस बात की खास तैयारी की है कि वृक्ष लगाने के बाद अगले तीन वर्षों तक उसके बचाव तथा रखरखाव की व्यवस्था पहले से हो। डॉ. कुमार ने कहा कि वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागृत करने के लिए शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर वे सप्ताह में एक वर्ग वन तथा पर्यावरण संरक्षण पर सुनिश्चित करने का प्रबंध करेंगे। इस दौरान मंत्री ने पर्यावरण, एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का विजन डॉक्यूमेंट भी लॉंच किया। प्रेसवार्ता में औरंगाबाद की वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष सह रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह, भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## देवर ने किया गन प्वाइंट पर भाभी से रेप, ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाला, पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

- मुखिया की पंचायती के बाद भी ससुरालियों का व्यवहार नहीं बदला।
- विवाहिता ने पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार लगाई।
- जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समन्वय सह फॉलो अप बैठक

निज संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के मदनपुर के एक गांव की विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, जिंदा जलाने का प्रयास करने, देवर द्वारा रेप करने, जेवरात छीनने और घर से मारपीट कर भगा देने का आरोप लगाया है। इसे लेकर विवाहिता ने औरंगाबाद की पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम को सोमवार को एक शिकायत आवेदन दिया है। शिकायत में कहा है कि उसकी शादी 20 मई 2015 को मदनपुर के एक गांव के निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के मौके पर मेरे पिता ने अपनी औकात के अनुसार उपहार स्वरूप 5 लाख नगदी, एक पैसन प्रो बाइक, फुल, पीतल व स्टील का बर्तन आलमारी, दिवान एवं सोफा आदि सामान भी दिया था। शादी के 6 माह बाद वह नियमित रूप से ससुराल में रहने लगी। इस बीच 01 नवंबर 2016 को उसने बेटी को जन्म दिया। इसे लेकर ससुराल वाले ताना मारने लगे कि पहली बार में लड़की जन्म ली है। घर से निकल जाओ। इसके बाद वर्ष 2017 में पति ने मेरा गर्भ जांच कराया तो डॉक्टर द्वारा पेट में लड़की बताने पर ससुरालियों ने दबाव डालकर गर्भपात करा दिया और घर से निकाल बाहर करने लगे। कहा कि केवल बेटी जन्म देती है, नहीं रखेंगें। इसे लेकर पंचायती भी हुई। पंचायती के बाद किसी तरह से बर्दाश्त कर ससुराल में रहने लगी। इसके बाद 9 जुलाई 2020 को मैंने एक लड़के को जन्म दिया। इसके बाद 6 माह तक ससुरालियों ने वाले ठीक से रखा। इसके बाद फिर कहने लगे कि घर में नहीं रखेंगें। अगर ससुराल में रहना है तो अपने बाप से 2 लाख रूपये मांग कर लाओ। इस पर मेरे पिता ने असमर्थता जताई तो भैसुर, पति, देवर, ससुर, सास, गोतनी, ननद एवं ननदोसी ने एक राय होकर गाली गलौज और मारपीट की। सारा जेवर छीन लिया। जान मारने की नियत से मेरे शरीर पर डीजल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया। इस दौरान शोर मचाने पर अगल-बगल के लोगों ने आकर मेरी जान बचाई। इसके बाद ससुरालियों ने 20 मई 2024 को मुझे दोनों बच्चों के साथ घर से बाहर निकाल दिया। तब मैंने मुखिया को बुलाकर पंचायती करवाई तो मुखिया ने आकर उन्हे समझाया और कहा कि पंचायती कर देंगें। इस बीच दिनांक 07 जून 2024 को रात के 2 बजे मेरा देवर दीवार फांदकर मेरे घर में आ गया और बुरी नियत से बांह पकड़ कर बलात्कार करने का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर मुंह दबा दिया और पिस्तौल का भय दिखा कर बलात्कार कर भाग गया। जाते-जाते कह गया कि किसी को बताओगी तो जान से मार देंगे। दूसरे दिन मैंने इसकी सूचना अपने पिता को दी। इसके बाद आज वह एसपी के समक्ष लिखित शिकायत आवेदन देकर न्याय की गुहार लगा रही हैं।

## चाची के श्राद्ध पर समाजसेवी व जन प्रतिनिधियों ने लगाए पौधे



निज संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के ओड़ियाचक गांव में कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव की चाची फुलवा देवी के श्राद्ध कार्यक्रम के उपलक्ष्य में क्षेत्र के समाजसेवी एवं जन प्रतिनिधियों ने पर्यावरण सुरक्षा को लेकर पौधारोपण किया। इस दौरान जिला पार्षद बालेश्वर यादव, मुखिया अनिरुद्ध यादव, पूर्व मुखिया रामाधार यादव, पैक्स अध्यक्ष मोहन यादव, पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, राजद नेता उपेंद्र यादव, कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव, सिद्धि यादव, लड्डू खां सहित अन्य नेताओं ने आम, सागवान, अमरूद आदि पौधे लगाए। डॉ. तुलसी यादव ने बताया कि हमें पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेना पड़ेगा। पौधा लगाकर आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा, पानी जैसे कमियों से दूर करना होगा।साथ ही प्रकृति को संतुलन बनाए रखने के लिए एवं वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। इस अवसर पर प्रमोद यादव, ब्रह्म राज यादव, अरविंद कुमार, डॉ. निराला यादव, राजकुमार यादव, मनोज कुमार, निखिल कुमार, सुभाष, पंकज, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रफीगंज पुलिस ने किया भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब व स्प्रिट बरामद, एक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के रफीगंज थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब और कच्चा स्प्रिट बरामद किया है। साथ ही एक शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गश्ती के दौरान रफीगंज के परीक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक ध्रुव कुमार को सूचना मिली कि कजपा टोला अनंत बिगहा में जीतन पासवान द्वारा घर में शराब और स्प्रीटकी बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक चंदन कुमार ठाकुर एवं रफीगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुअनि गुफरान अली एवं प्रातः गश्ती दल के साथ मौके पर जाकर छापेमारी की। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दो लोग भागने लगे, जिसमें एक को खदेड़ कर धर दबोंचा गया। गिरफ्तार सिद्धि पासवान फेसर थाना के पांडेखाप का निवासी है, जो शराब के नशे में धुत था। इसके बाद जीतन पासवान के घर की में 25.92 लीटर विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रीट, 1.7 लीटर देसी चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में रफीगंज थाना में भादंवि की धारा-30(ए), 37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पादन(संशोधित) अधिनियम-2018 के तहत कांड सं.-258/24 दर्ज कर कांड के अन्य वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। मौके से पुलिस ने 180 एमएल का 48 पीस तीन कार्टून रॉयल ब्लू कम्पनी का कुल 25.92 लीटर अंग्रेजी शराब, 50-50 लीटर के पांच गैलन में भरा 250 लीटर स्प्रीट एवं 1.7 लीटर देसी चुलाई महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस के छापेमारी दल में परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक चंदन कुमार ठाकुर, रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली, परीक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक ध्रुव कुमार, सिपाही श्रवण कुमार, महिला सिपाही मुन्नी कुमारी एवं सोनी कुमारी, शामिल रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पुलिस ने 3 दिन बाद आरोपी को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के चाल्हो पहाड़ से 21 जून 2024 को सलैया थाना के पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया था। इसकी पहचान सलैया थाना क्षेत्र के टिकवांस्थान के अजय रिकियासन के 35 साल की पत्नी कुसुम देवी के रूप में की गई है। इस मामले में रविवार को अंबा थाना क्षेत्र के घुण्डा गांव निवासी नागेश्वर भुईयां ने अपने दामाद अजय रिकियासन सहित मृतिका कुसुम के अन्य ससुराल वालों को नामजद आरोपी बनाते हुए उल्लेख किया। दहेज के कारण मेरी बेटी कुसुम देवी को हत्या कर दी गई है।

इस संबंध में सोमवार की दोपहर सदर एसडीपीओ 2 अमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही सलैया थाना अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। सोमवार को मुख्य आरोपी अजय रिकासन को गिरफ्तार कर जेल में दिया गया।

### अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने हेतु सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य को किया गया आमंत्रित

## भूटान के प्रधानमंत्री ने डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को किया सम्मानित

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** एस. सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग द्वारा 'साउथ एशियन बेस्ट एजुकेशनिस्ट एंड प्रिंसिपल अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, शानदार उपलब्धियों तथा शैक्षिक विकास और प्रबंधन नेतृत्व गतिविधियों में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा, 'हमें शैक्षणिक हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने शिक्षाविदों को प्रेरित करते हुए बताया कि शैक्षिक क्षेत्र में सक्रियता और निष्ठा के साथ कार्य करना कितना महत्वपूर्ण है। यह सम्मान 'भारत-भूटान मैत्री शिखर सम्मेलन 2024' के दौरान थिम्पू, भूटान में घोषित किया गया। अधिकारियों ने कहा, 'यह सम्मान डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को दक्षिण एशियाई क्षेत्र में व्यक्तिगत उपलब्धियों और नेतृत्व विकास गतिविधियों के लिए गर्वपूर्वक प्रदान किया जा रहा है।'

### शिक्षा के क्षेत्र में किए कई विकासात्मक कार्य

बता दें कि डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में कई अद्वितीय कार्य किए हैं। उनकी अगुवाई में सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम शिखर को छुआ है। उन्होंने कॉलेज में कई नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की और छात्रों के प्लेसमेंट से लेकर शिक्षा की गुणवत्ता में अद्वितीय सुधार किए। डॉ. मिश्रा ने सुनिश्चित किया कि कक्षाओं का संचालन समय पर हो, जिससे छात्रों को नियमित और व्यवस्थित शिक्षा मिल सके। उन्होंने न केवल छात्रों और शिक्षकों के बीच, बल्कि अभिभावकों के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित किया, जिससे एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हुआ। डॉ. मिश्रा की नेतृत्व क्षमता और शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा ने एस. सिन्हा कॉलेज को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह प्रेरणादायक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। उनके इस सम्मानजनक पुरस्कार ने न केवल एस. सिन्हा कॉलेज, बल्कि पूरे बिहार के शैक्षिक समुदाय को गौरवान्वित किया है। डॉ. मिश्रा की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर शिक्षाविदों और छात्रों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। डॉ. मिश्रा की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समन्वय सह फॉलो अप बैठक

कार्यालयसंवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी विभागों का समन्वय सह फॉलो अप बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यमसेसभीप्रखंडविकासपदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी को अपने प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन को फंक्शनल कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया एवं सभी कर्मियों का अनिवार्य रुप से उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का फायदा पंचायत स्तर पर मिल सके। इसके अतिरिक्त विभागीय निर्देश के आलोक में नए पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिन्हित कर यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को अपने अंचल अंतर्गत सरकारी भूमि का लैंड रजिस्टर अद्यतन करने का निर्देश दिया गया।

पंचायत स्तर पर युवाओं में खेल प्रतिभा निखारने के लिए खेल मैदान बनाए जाने के लिए जुड़े पदाधिकारी से स्थल चिन्हित करें और अगले सप्ताह उप विकास आयुक्त के साथ बैठक करें एवं 15 दिनों में उसका सूची दें एवं साथ में बच्चे को खेलने का जो भी उपकरण हो उसे उपलब्ध कराने की दिशा निर्देश दिया गया. नगर परिषद से संबंधित कार्यों का समीक्षा की गई जिसमें पेयजल की समस्या से निपटने के लिए सभी प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ को कार्य स्थलों के निरीक्षण करने को कहा गया, जिसमें एसडीओ के द्वारा मॉनिटरिंग करने का दिशा निर्देश दिया गया। बंदोबस्ती कार्य के लिए सभी पदाधिकारी को सरकारी भूमि का खाता,खेसरा, मौजा एवं खतियान सबका नया सूची तैयार होगा इसलिए अपने-अपने भूमि की जानकारी एक सप्ताह में शीघ्र दें। मापी से रिलेटेड सभी अमीन को आदेश दिया गया कि जो लोग पहले अप्लाई किए हैं उसका पहले मापी हो, मापी के कार्य के लिए बुधवार को चिन्हित कर कार्य को निष्पादित करेंगे। सभी अंचलाधिकारी को गवर्नमेंट रजिस्टर बनाने की सलाह दी गई एवं जो भी कार्य लंबित है उसे शीघ्र निष्पादित करने का दिशा निर्देश दिया गया। कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारी को पीएम किसान समृद्धि योजना का लाभ लेने वाले किसानो का कागजातों का सत्यापन सही से करा देने की बात कही गई. जिला पदाधिकारी महोदय निरीक्षण के लिए जाएं तो सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया की सारे प्रखंड स्तर पदाधिकारी हो उपस्थित रहने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद डीपीओ आईसीडीएस एवं वीसी के माध्यम से अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।